डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
बुधवार
19.10.2022
कार्तिक कृष्ण पक्ष 09
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
अपनों के साथ वक्त का पता ही नहीं चलता, पर यह भी सच है की वक्त के साथ अपनों का पता जरूर चल जाता है।

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-06 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

### सीएम ने 513 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# लाभुकों के बीच करोड़ो रुपये की बांटी परिसंपत्ति

## अधिकारी आपके दरवाजे तक योजनाओं को ले जा रहे हैं, इसे आप घर पर ले जायें

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** पहले बंद कमरों में योजनाएं बनती थी और वहीं समाप्त हो जाती थी। लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिलना तो दूर जानकारी तक नहीं होती थी। लेकिन, हमारी सरकार में अधिकारी तमाम योजनाओं को लेकर आपके दरवाजे पर जा रहे हैं। हमारा आग्रह है कि आप इन योजनाओं को अपने घर ले जायें और अपनी आय बढ़ाकर सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी बनें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को कोडरमा में आयोजित आप की योजना-आपकी सरकार-




आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मौके पर मुख्यमंत्री ने कोडरमा जिला प्रशासन की ओर से सावित्रीबाई फुले किशोरी

### झारखंड में प्रति व्यक्ति आय में हुई है वृद्धि

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा एक रिपोर्ट जारी की गयी है। इसमें बताया गया है कि झारखंड देश के वैसे गिने-चुने राज्यों में शामिल है, जहां दो वर्षों तक कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के बाद भी प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। यह सब आपके सहयोग और सरकार के बेहतर प्रबंधन की वजह से संभव हुआ है।

रिकॉर्ड बनेगा।
**अगल-बगल के पंचायतों में भी**

### शिक्षा-व्यवस्था की बेहतरी पर विशेष जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करना सरकार की विशेष प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों की तर्ज पर मॉडल स्कूल खोले जा रहे हैं। यहां बच्चों को निशुल्क गुणवत्तायुक्त शिक्षा दी जायेगी। वहीं, छात्रवृत्ति की राशि में तीन गुना इजाफा किया गया है। इतना ही नहीं, विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप भी सरकार दे रही है।

**दे सकते हैं आवेदन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# रांची जेल अधीक्षक व सीएम के सुरक्षा प्रभारी को ईडी का नोटिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कारोबारी अमित अग्रवाल से जुड़े मामले में जेल अधीक्षक हामिद अख्तर को नोटिस भेजा है। वहीं, सत्ता के गलियारे में चर्चित नाम प्रेम प्रकाश के यहां एके-47 की बरामदगी मामले में भी एक नोटिस सीएम के सुरक्षा के प्रभारी को भेजा गया है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, सीएम व सीएम हाउस के सुरक्षा में तैनात किसी पदाधिकारी को सीधे नोटिस नहीं भेज कर पुलिस मुख्यालय को ईडी ने नोटिस भेजा है। डीजीपी के नाम पर संबोधित इस पत्र में सीएम व सीएम आवास की सुरक्षा से जुड़े पदाधिकारी को ईडी के समक्ष उपस्थित होने का नोटिस दिया गया है।

**वकालतनामा विवाद में जेल अधीक्षक को नोटिस :** कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल के वकालतनामा को लेकर हुए विवाद को लेकर ईडी की रांची जोनल ऑफिस ने जेल अधीक्षक हामिद अख्तर को नोटिस भेजा है। बुधवार को उन्हें रांची के ईडी जोनल ऑफिस में आने का आदेश दिया गया है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद अमित अग्रवाल का वकालतनामा सामने आया था, जिसमें 12 अक्टूबर की तारीख को जेल अधीक्षक के द्वारा इसे सत्यापित किया गया था। जबकि इस दौरान अमित अग्रवाल न्यायिक हिरासत के बजाय ईडी की पुलिस रिमांड पर थे। पुलिस रिमांड पर होने के कारण वकालतनामा नियमानुसार जेल अधीक्षक के द्वारा सत्यापित नहीं किया जाना चाहिए था। जेल अधीक्षक से ईडी बुधवार को बयान लेगी।

**प्रेम प्रकाश के यहां से एके-47 की बरामदगी ने पकड़ा तूल :** 24 अगस्त को सत्ता के गलियारे में चर्चित नाम प्रेम प्रकाश के यहां ईडी ने छापेमारी की थी। तब प्रेम के हरमू स्थित आवास से दो एके-47 व 60 कारतूस की बरामदगी हुई थी। इस मामले की जांच में ईडी ने पाया था कि जिन दो जवानों के हथियार प्रेम प्रकाश के आवास पर मिले थे, उनकी तैनाती सीएम आवास में थी। ऐसे में ईडी ने पुलिस मुख्यालय को नोटिस भेजकर सीएम आवास की सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# लोहरदगा में एसीबी की बड़ी कार्रवाई, किस्को बीडीओ 20 हजार घूस लेते रंगेहाथ पकड़ाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड में एसीबी रांची की टीम ने बड़ी कार्रवाई है। यहां एसीबी की

### 15वें वित्त के कोऑर्डिनेटर भी पांच हजार रुपये रिश्वत लेते हुआ गिरफ्तार



टीम ने किस्को प्रखंड मुख्यालय में छापा मारकर बीडीओ अनिल कुमार मिंज को 20 हजार घूस लेते गिरफ्तार किया है। वहीं, 15वें वित्त योजना के किस्को प्रखंड कोऑर्डिनेटर परमानंद कुमार झा को एसीबी की टीम के द्वारा पांच हजार रुपये नगद रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। इधर, दोनों घूसखोर पदाधिकारी को एसीबी की टीम गिरफ्तार कर रांची ले गयी। लोहरदगा के किस्को में एसीबी के छापे से हड़कंप मचा है। बताया गया कि किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नवाडीह में पंचायत समिति योजना मद से 2019/20 से निर्मित नाली निर्माण कार्य के निपटारे में बीडीओ अनिल कुमार मिंज और 15वें वित्त के प्रखंड कोऑर्डिनेटर परमानंद कुमार झा के द्वारा पूर्व उप प्रमुख अशफाक अंसारी से घूस की मोटी रकम की मांग की गयी थी। जिसकी सूचना असफाक अंसारी के द्वारा रांची एसीबी टीम को लिखित रूप से दी गयी थी। इधर, मामले ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कोबरा-सीआरपीएफ का सर्च ऑपरेशन

# बूढ़ा पहाड़ से मिला विस्फोटकों का जखीरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कई दशकों तक भाकपा माओवादियों के लिए सबसे सुरक्षित गढ़ रहे बूढ़ा पहाड़ से नक्सलियों को खदेड़ने के बाद अब झारखंड पुलिस बूढ़ा पहाड़ पर लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। मंगलवार को भी बूढ़ा पहाड़ पर जबरदस्त तरीके से सर्च ऑपरेशन चलाया गया जिसमें भारी मात्रा में विस्फोटक और कारतूस बरामद किये गये हैं।

**क्या-क्या हुआ बरामद :** कोबरा सीआरपीएफ जवानों के संयुक्त रूप से चलाये गये सर्च ऑपरेशन के दौरान बूढ़ा पहाड़ से मंगलवार को 22 आईईडी, सात वायरलेस सेट, दो वीएचएफ यूजर, 279 कारतूस, तीन हैंड ग्रेनेड, 26 डेटोनेटर, 12 बैट्री, नौ आईईडी मैकेनिज्म और नक्सलियो



के द्वारा प्रयोग में लाये जानेवाले रोजमर्रा के सामान बरामद किये गये हैं।

**जारी रहेगा सर्च अभियान :** झारखंड पुलिस के आईजी अभियान अमोल वेणुकान्त होमकर ने बताया कि बूढ़ा पहाड़ से नक्सलियों को खदेड़ने के बाद बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सूचना मिली है कि जब पुलिस के द्वारा जोरदार ऑपरेशन चलाया जा रहा था, उस दौरान नक्सली अपना हथियार और गोला बारूद छोड़कर बूढ़ा पहाड़ से भाग गये हैं। ऐसे में लगातार बूढ़ा पहाड़ पर सर्च ऑपरेशन चलाया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### उग्रवादी संगठन टीपीसी ने चिपकाया पोस्टर क्षेत्र में दहशत



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के रबदा पंचायत के नवजीवन अस्पताल के समीप उग्रवादी संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटी टीपीसी ने पोस्टरबाजी की है । उग्रवादी संगठन के द्वारा पोस्टरबाजी किए जाने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल कायम हो गया है। जानकारी के अनुसार एक मकान की दीवार के दाहिने ओर पोस्टरबाजी की गई है। पोस्टर टीपीसी के कोयल शंख सब जोनल कमिटी के द्वारा जारी की गई है। पोस्टर में कहा गया है कि सभी बिचौलिए, ठेकेदार, जमीन माफिया होश में आओ, शोषित, पीड़ित, भूमिहीन एवं मजदूरों का शोषण करना बंद करो, जैसी कई चेतावनी दी गई है। जल, जंगल, जमीन को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण, नाबालिग बनी मां

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र की रहने वाली 16 साल की नाबालिग लडकी मां बन गयी है। वह डालटनगंज के रेलवे स्टेशन पर चावल चुनकर अपना जीवन यापन करती थी। वहीं सोमवार की रात कुछ अज्ञात लोगों ने उसे शहर के एमएमसीएच अस्पताल में छोड़ दिया। जहां देर रात उसने एक लड़के को जन्म दिया। मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। इस मामले में एक ऑटो चालक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। एमएमसीएच में प्रसव के बाद डॉक्टरों ने लड़की का नाम और पता पूछा तो वह कुछ नहीं बता रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने सीडब्ल्यूसी और चाइल्ड लाइन की टीम को इसकी सूचना दी। टीम ने अस्पताल पहुंचकर नाबालिग की काउंसलिंग की। तब पता चला कि वह पलामू सदर थाना क्षेत्र की रहने वाली है। जबकि उसका ननिहाल टाउन थाना क्षेत्र में है। वह डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन के पास चावल चुनकर अपना जीवन यापन करती है। नाबालिग ने सीडब्ल्यूसी और चाइल्ड लाइन को बताया कि वह पिछले एक साल से एक ऑटो चालक के संपर्क में थी। वह शादी के नाम पर उसका यौन शोषण करता था। बाद में उन्होंने शादी से इंकार कर दिया। उसने बताया कि ऑटो चालक ने उसके साथ कई बार जबरन संबंध भी बनाए थे। सीडब्ल्यूसी और चाइल्ड लाइन की टीम अब मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

### पलामू की बेटी काजल को मिला गोल्ड मेडल



**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर नगर परिषद के डंडीला खुर्द निवासी सुशील शुक्ला की बेटी काजल शुक्ला को राज्यपाल ने गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र दिया है। काजल शुक्ला को यह सम्मान बी टेक कंप्यूटर साइंस के शैक्षणिक सत्र 2014-18 में विश्वविद्यालय टॉपर बनने पर मिला है। विदित हो कि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में झारखंड के महामहिम राज्यपाल रमेश बैस आए हुए थे। इसी समारोह में उन्होंने काजल शुक्ला को गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र दिया। वर्तमान में काजल बंगलेरू के सॉफ्टवेयर कम्पनी में सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर कार्यरत हैं। काजल भविष्य की योजना बताते हुए कहती है कि वह यूपीएससी परीक्षा पास कर देश की सेवा करना चाहती है। इधर काजल को मिले सम्मान से विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में उत्सव का माहौल है। कई लोगों ने काजल की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

# सभी खतरों को हराने के लिए दुनिया एक साथ आये : पीएम



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों के लिए बहादुर पुरुषों और महिलाओं को भेजने में शीर्ष योगदानकर्ताओं में से एक है और देश कई दशकों से अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद का मुकाबला कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को 90वीं इंटरपोल महासभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शिकार और संगठित अपराध कुछ सबसे हानिकारक वैश्वीकृत खतरे हैं जिनका सामना आज दुनिया कर रही है। मोदी ने कहा कि इन खतरों के परिवर्तन (बदलने) की गति पहले की तुलना में तेज है। जब खतरे वैश्विक हैं, तो प्रतिक्रिया सिर्फ स्थानीय नहीं हो सकती है। अब समय आ गया है कि दुनिया इन खतरों को हराने के लिए एक साथ आये। उन्होंने कहा कि दुनिया के जागने से बहुत पहले, हम सुरक्षा की कीमत जानते थे। हमारे हजारों लोगों ने इस लड़ाई में बलिदान दिया। लेकिन यह अब पर्याप्त नहीं है कि आतंकवाद केवल भौतिक स्थान में ही लड़ा जाये। यह अब ऑनलाइन कट्टरता और साइबर खतरों के माध्यम से अपनी उपस्थिति फैला रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक बटन के क्लिक पर, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### दीवाली से पहले पीएम मोदी पर आत्मघाती हमले की साजिश

**खुफिया एजेंसियों ने जारी किया अलर्ट**

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा को लेकर खुफिया एजेंसियों ने बड़ा अलर्ट जारी किया है। खुफिया एजेंसियों के अनुसार, दीवाली से पहले पीएम मोदी पाकिस्तान जासूस एजेंसी आईएसआई (आईएसआई) के निशाने पर हैं। खुफिया विभाग की मानें तो पीएम मोदी पर आतंकियों द्वारा आत्मघाती हमले की साजिश रची जा रही है। खुफिया एजेंसियों ने दावा किया है कि पीएम मोदी को किसी रैली में या कार्यक्रम के दौरान आतंकी अपना निशाना बना सकते हैं।

**सुसाइड अटैक को अंजाम दे सकते हैं आतंकी :** खुफिया एजेंसियों के दस्तावेजों से यह खुलासा हुआ है कि मोदी पर हमला करने के लिए पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई ने लश्कर-ए-तैयबा को इस काम को अंजाम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी दी। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### केदारनाथ में श्रद्धालुओं को ले जा रहा हेलीकॉप्टर क्रैश, पायलट समेत सात की मौत



**देहरादून (एजेंसी)।** केदारनाथ में श्रद्धालुओं को ले जा रहा हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में दो पायलट समेत सात लोगों की मौत हो गयी। हादसे की वजह खराब मौसम और कोहरा बताया जा रहा है। घने कोहरे की वजह से हेलीकॉप्टर जमीन से टकरा गया। इसके बाद हेलिकॉप्टर में आग लग गयी। हेलीकॉप्टर आर्यन एविएशेन के बेल कंपनी का है। हेलीकॉप्टर ने सुबह 11.25 बजे केदारनाथ बेस कैंप से नारायण कोटी-गुप्तकाशी के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के 15 मिनट बाद गरुड़चट्टी के पास वह क्रैश हो गया। कुछ फोटोज और वीडियो भी सामने आये हैं। इसमें हेलीकॉप्टर का मलबा, आग और स्थानीय लोग दिखायी पड़ रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया है।

**मृतकों के नाम ये हैं :** पूर्वा रामानुज, कृति ब्राड, उर्वी, सुजाता, प्रेम कुमार, कला, और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# मुस्लिम बहुविवाह व हलाला पर पाबंदी लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर आज होगी सुनवाई

**- ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय में मुस्लिम बहुविवाह व हलाला पर पाबंदी लगाने की मांग वाली सात याचिकाओं पर 19 अक्टूबर 2022 को सुनवाई होगी। इनमें से ज्यादातर उन मुस्लिम महिलाओं की है, जिनके पति ने दूसरी शादी कर ली है या जिन्हें हलाला से गुजरना पड़ा। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि बहुविवाह और हलाला से मुस्लिम महिलाओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है। याचिकाओं में मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरियत) एप्लिकेशन एक्ट की धारा-2 को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गयी है। सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक पीठ ने इस मामले में एनएचआरसी, राष्ट्रीय महिला आयोग और नेशनल कमिशन फॉर माइनॉरिटीज को भी नोटिस जारी किया है। बहुविवाह और हलाला के खिलाफ याचिकाकर्ताओं की दलील है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरियत) एप्लिकेशन एक्ट 1937 की जिस धारा-2 पर सवाल उठ रहे हैं, उसी के तहत बहुविवाह और निकाह हलाला को मान्यता दी जाती है। तीन तलाक भी इसी में था। सर्वोच्च न्यायालय ने तीन तलाक को रद्द करने के बाद कहा था कि वह निकाह, हलाला और बहुविवाह के संवैधानिक पहलू को परखेगा। इसलिए यदि कोई अपनी पत्नी को तीन तलाक देता है, तो हलाला करना जरूरी नहीं है। क्योंकि हिंदुस्तान में तीन तलाक को खत्म कर दिया गया है। वैसे भी तलाक-तलाक-तलाक तीन शब्दों को एक झटके में बोलकर तलाक देने जैसी कोई चीज नहीं होती है। इसी मामले के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# जिन आठ राज्यों में एटीएफ पर वैट ज्यादा है, वे इसे कम करें तो हवाई कनेक्टिविटी बढ़ायेंगे : सिंधिया

**- कृष्ण मोहन सिंह**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आठ राज्यों के बीच पश्चिम बंगाल, दिल्ली और पंजाब से टियर-टू, टियर- थ्री शहरों में हवाई संपर्क की सुविधा के लिए एयर टर्बाइन फ्यूल पर वैट कम करने का आग्रह किया। सिंधिया ने असम, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, तमिलनाडु, राजस्थान, बिहार और पंजाब सरकारों से अपने राज्यों में नागरिक उड्डयन क्षेत्र के विकास के लिए एटीएफ पर वैट कम करने का अनुरोध किया। सिंधिया ने एटीएफ पर वैट कम करने पर इन आठ राज्यों में हवाई जहाज की कनेक्टिविटी बढ़ाने का वादा किया। सिंधिया ने राजधानी में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नागरिक उड्डयन मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र में बोलते हुए कहा



कि मैं आपसे विनम्रता से एटीएफ पर वैट कम करने का आग्रह करता हूं। मैं आपसे अपने राज्यों में हवाई जहाज की कनेक्टिविटी बढ़ाने का वादा करता हूं। मंत्री ने कहा कि इस मुद्दे पर 12 राज्यों ने दूरदर्शिता दिखाते हुए कई महीने पहले एटीएफ पर वैट कम कर दिया था। इसलिए उनके राज्यों में उड़ानें बढ़ गयी, क्योंकि हवाई जहाज वहीं जायेंगे जहां कच्चा माल सस्ता होगा और एटीएफ एयरलाइन क्षेत्र की कुल लागत का 45-50 प्रतिशत के बीच बनता है। सिंधिया ने कहा कि बीते डेढ़ वर्ष में एटीएफ का ग्राफ 53 हजार रुपये प्रति किलोमीटर से बढ़कर 1.40 लाख रुपये प्रति किलोमीटर हो गया है। पिछले कुछ महीनों में एटीएफ में लगभग 20 प्रतिशत की कमी आयी है, लेकिन एयरलाइन क्षेत्र का सबसे अधिक लागत वाला हिस्सा अभी भी एटीएफ है। सिंधिया ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, मिजोरम, त्रिपुरा, हरियाणा, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, लद्दाख, जम्मू और कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दादर नगर हवेली और दमन, दीव, मध्य प्रदेश, झारखंड, गुजरात और कर्नाटक को नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुरोध पर एटीएफ पर वैट कम करने के लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# हल्की सी मुस्कान भी मन-मस्तिष्क में सकारात्मक विचारों का कर देती है संचार

- 18 साल तक के बच्चे एक दिन में लगभग 400 बार से ज्यादा हंसते हैं
- उम्र बढ़ने के साथ-साथ लोगों का हंसना हो जाता है कम

**- आरपी सिंह**

**नयी दिल्ली।** बड़े-बुजुर्ग आशीर्वाद देते हैं- खुश रहिए। क्या इसमें कुछ राज छिपा है? कह सकते हैं- हां राज छिपा है। विदेशों में हुए कई शोध में जो परिणाम आये हैं, उससे पता चलता है कि खुश रहने, मुस्कराने से चिंता व अवसाद कम होता है। मुस्कुराने का शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य से सीधा संबंध है। इससे मन प्रफुल्लित होने में मदद मिलती है। जब आप किसी तनाव में हों, कोई परेशानी महसूस करते हों, उस समय किसी से कोई सकारात्मक बात सुनकर यदि आपके चेहरे पर हल्की सी मुस्कान भी आती है तो वह आपके मन-मस्तिष्क में सकारात्मक विचारों का संचार कर देती है। क्योंकि मुस्कुराने से आत्मविश्वास बढ़ता है। लोग आकर्षक दिखायी देते हैं। मुस्कान दिमाग के उस हिस्से को उत्प्रेरित करती है, जो आपकी भावनाओं को नियंत्रित करता है। एक आकलन के अनुसार विश्व में लगभग 30 प्रतिशत लोग ही दिन में 20 बार से ज्यादा मुस्कुराते हैं। कई शोध में यह भी पाया गया है कि अच्छी मुस्कान में आपके दांतों की बड़ी भूमिका होती है। आपके दांत सुघड़ व सीधे हैं तो आपको ज्यादा भरोसेमंद, आत्मविश्वासी माना जाता है। यदि दांत टेढ़े-मेढ़े व दागदार हैं, तो आपकी मुस्कान का असर कम हो जाता है। जिनकी दंत पंक्ति सही होती है, वे ज्यादा मुस्कुराते हैं। एक शोध में पाया गया कि 18 साल तक के बच्चे एक दिन में लगभग 400 से ज्यादा बार हंसते हैं। इसमें आधे से ज्यादा का जोर से खिलखिलाकर हंसना शामिल है। शोध में पाया गया है कि उम्र बढ़ने के साथ-साथ लोगों का हंसना कम हो जाता है। हो सकता है कि यह उम्र के साथ बढ़ती जिम्मेदारी, झमेलों स्वास्थ्य में गिरावट के कारण होता हो।

# खाद्य पदार्थों का लिया गया सैंपल साफ सफाई रखने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में पर्व - त्योहार के दौरान अनुमंडल वासियों को मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचाने के मद्देनजर अभिहित अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण के निर्देश पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने खाद्य दुकानों की जांच की। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुलाब लकड़ा के द्वारा शहर के कई खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। कई दुकानों से सेम्पल लिया गया। इस दौरान जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने जेपी चौक व अन्य क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों की जांच की। वही विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से मिठाइयों व अन्य खाद्य सामग्रियों का सैंपल भी लिया गया। फूड टेस्टिंग लैब के टेक्नीशियन द्वारा जांच के बाद उक्त नमूनों में मिलावट की पुष्टि होने पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी। मौके पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने सभी अनुमंडल वासियों से त्योहार के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों से सावधान रहने एवं इससे संबंधित उपायों के प्रति सभी को जानकारी दी। जबकि एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने बताया कि मिष्ठान भंडारों को साफ सफाई रखने,मिठाइयों को ढककर रखने,खाद्य पदार्थ को ढ़कने के लिए अखबार का प्रयोग नहीं करने, औधोगिक रंग का प्रयोग नहीं करने,अपने प्रतिष्ठान के आसपास साफ सफाई ,शुद्ध पेयजल के साथ ढक्कन लगा डस्टबिन रखने का निर्देश दिया है।



# खड़ी ट्रक के पिछले हिस्से से टकराया ट्रक, चालक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेहला थाने के कमता स्कूल के समीप खड़ी ट्रक में तेज रफ्तार से हाइवे पर गुजर रही एक ट्रक जाकर टकरा गई । जिसमें चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया । वहीं इस हादसे में बगल में खड़ी वहां के हेडमास्टर की कार भी क्षतिग्रस्त हो गयी है। घायल चालक को घटनास्थल पर उपस्थित लोगों ने इलाज के लिए विश्रामपुर सीएचसी में भर्ती कराया ।जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे मेदिनीनगर के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में रेफर कर दिया गया । घटना के संबंध में रेहला थाने के सब इंस्पेक्टर जयप्रकाश पासवान ने बताया कि राजू यादव कमता गांव के समीप अपनी गाड़ी खड़ा कर टायर चेक कर रहा था । इसी दौरान पीछे से आकर एक दूसरी ट्रक उसमें जोरदार टक्कर मार दी । जिसमें चालक राजू गंभीर रूप से जख्मी हो गया। तत्काल उसे वहां मौजूद लोगों ने विश्रामपुर सीएचसी में भर्ती कराया ।बाद में उसकी स्थिति को देखते हुए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया । जहां उसकी मौत हो गयी । मृतक हरिहरगंज थाने के ढाब गांव के बिनेश्वर यादव का लड़का था। जबकि धक्का मारने वाला चालक सत्येंद्र यादव बलिया का बताया जा रहा है। इस घटना में उसे भी चोटें आई है।

## महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के बराही धाम परिसर में आयोजित मंगलवारी भंडारे में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर पूरे धाम परिसर को फूल और लाइट से सजाया गया था। मालूम हो कि इस धाम परिसर में शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट और ग्रामीणों के सहयोग से प्रत्येक मंगलवार को भंडारे का आयोजन की शुरूआत बीते मंगलवार से की गई है। सुबह से बराही धाम परिसर में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने देवी मंदिर की परिक्रमा की और जय माता दी के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। धाम के पुजारी दिलीप ओझा,अजित चौबे ने कहा कि इस धाम में देवी मंदिर और श्री हनुमान जी के दर्शन के लिए प्रतिदिन लोग आते है। यह देवी मंदिर आस्था का मुख्य केंद्र है। यहां पर लोग बिहार ,उत्तर प्रदेश ,झारखंड प्रदेश के आने वाले श्रद्धालु जो मन्नतें मांगते है। माता रानी उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करती है। मौके पर प्रभात सिंह, रजनीश सिंह, गोविंदा सिंह, प्रिंस यादव, मुखिया सुदामा यादव, राजनाथ पाल, विजय सिंह,अशोक चंद्रवंशी, मदन उरांव, विजय यादव, हीरा सिंह, विंदा यादव समेत कई धर्मप्रेमी श्रद्धालु मौजूद थे।

### पंचायत सचिवालय में आधार केंद्र का उद्घाटन

## आधार केंद्र खुल जाने से लोगों को काफी सुविधा होगी: चिंता

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के लोहरसी पंचायत के पंचायत सचिवालय में मंगलवार को लोहरसी मुखिया चिंता देवी ने आधार केन्द्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर लोगों संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आधार केंद्र नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिसके लिए ब्लॉक और जिला का चक्कर लगाना पड़ता था। आधार केंद्र खुलने से लोगों में उत्साह है। मुखिया चिंता देवी ने कहा कि पंचायत भवन में आधार केंद्र खुल जाने से आसपास के लोगों को आधार कार्ड बनाने में काफी सहूलियत होगी। आधार कार्ड बनवाने के लिए पहले लोग इधर-उधर भटकते थे। लेकिन नहीं बन पाता था ,अब किसी को भटकना नहीं पड़ेगा। अब यहां आसानी से आधार कार्ड बनाया जायेगा। चिंता देवी ने यह भी कहा कि इससे पहले क्षेत्र में आधार कार्ड बनाने की सुविधा नहीं थी। इसी कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ता था। अब लोगों को आधार कार्ड का अपडेट कराने से लेके आधार कार्ड में गलतियों को सुधार करवाने के लिए लोगों को जिला और प्रखंड मुख्यालय जाना पड़ता था। जिसके लिए लोगों को दिनभर आधार केंद्र पर अपने नंबर का इंतजार करना पड़ता था। पंचायत भवन में आधार केंद्र खुल जाने से लोगों को काफी सुविधा हो गई है। वहीं केंद्र के संचालक रोहित कुमार ने बताया कि इस केंद्र पर नया आधार कार्ड , फिंगर अपडेट होगा। सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक आधार कार्ड बनाया जायेगा। मौके पर, युवा समाजसेवी अरविंद सिंह, डब्लू पासवान, दीपक मेहता, श्रवन कुमार, कृष्णा प्रजापति, आकाश कुमार, दिलीप कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** प्रखंड के बसना पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन मुखिया सुगंधा देवी की अध्यक्षता में की गयी। जिसकी शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी आमिर हमजा, सीओ राकेश श्रीवास्तव, उप मुखिया रूबी देवी ,सांसद प्रतिनिधि नावा के पंकज तिवारी, जेएमएम नावा प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी सभी लोगों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ की। शिविर में दर्जनों विभागीय स्टॉल लगाकर लाभुकों को ऑन स्पॉट लाभ दिया जा रहा था। सरकार की महत्वकांक्षी योजना अंतर्गत बीपीएल परिवार के लोगों के बीच विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड का लाभ दिलाया गया । वहीं स्वास्थ्य चिकित्सकों के द्वारा शुगर, ब्लड प्रेशर वैक्सीनेशन का कार्य भी किया जा रहा था । ग्रामीण जनता अपनी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित थे । शिविर के माध्यम से बकरी शेड, गाय शेड, मुर्गी शेड प्रधानमंत्री आवास जमीन से संबंधित कार्य का निपटारा किया गया। वही पानी बिजली पेंशन इत्यादि छोटे-मोटे कार्य का ऑन स्पोर्ट्स निपटारा किया जा रहा था । मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा गरीबों जनता के बीच अंग वस्त्र का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित जेएमएम नावा प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी, उपाध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी ,जिला परिषद प्रतिनिधि बलिराम ,युवा जागृति के सौरभ पांडे, पंचायत समिति के हरि शंकर दुबे सहित ग्रामीण एवं प्रखंड से आये हुए सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। **पाटन:** झारखंड सरकार के तीन वर्ष पुरा होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का शुभारंभ पाटन के पाल्हे पंचायत सचिवालय में किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ मनोज कुमार तिवारी,सीओ लाल बाबू, बीपीओ रणधीर जयसवाल,प्रमुख शोभा देवी, जिप सदस्य संग्राम सिंह, जेएमएम के 20 सूत्री उपाध्यक्ष उमा शंकर सिंह, जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष रणजीत सिंह, मुखिया लीलावती देवी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनरेगा सहायक धीरज सिंह ने किया। मौके पर बीडीओ मनोज कुमार ने कहा कि राज्य सरकार का शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि सरकार की जन उपयोगी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोग को मिल सके व जन समस्याओं का समाधान ऑनस्पॉट हो सके।

## सर्जन चिकित्सक के बिना अनुमंडलीय अस्पताल में बंद हैं ऑपरेशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पिछले चार माह से सर्जन चिकित्सक के नहीं रहने से छोटी बड़ी सभी तरह के ऑपरेशन पूर्ण रूप से बंद है। वहीं आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में नहीं है । प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि अस्पताल में दरअसल इस योजना के तहत मरीजों के इलाज पर होने वाले खर्च का भुगतान इंश्योरेंस कंपनियां सरकार के साथ हुए करार के आधार पर करती हैं। और झारखंड में इंश्योरेंस कंपनी के साथ सरकार का यह करार 22 सितंबर 2021 को ही खत्म हो गया है। वैसे भी हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में वर्तमान में एक भी सर्जन चिकित्सक नहीं है। जिसके कारण बंध्याकरण ऑपरेशन भी बंद है। वहीं ऐसे स्थिति में गर्भवती महिलाओं का भी ऑपरेशन में रेफर कर दिया जाता है। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना वैसे तो देश के गरीब जरूरतमंद लोगों के स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद कल्याणकारी है।हुसैनाबाद अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से इलाज की कोई व्यवस्था नहीं है। इसलिए अगर कोई गरीब मरीज बड़े शहरों में जाकर अपने मरीज का इलाज कराना चाहे तो अस्पताल संचालक अब कार्ड पर मुफ्त इलाज से इंकार कर दे रहे हैं।

## न्यूज गैलरी

### बिजली आउटसोर्सिंग कर्मियों को तीन महीने से नहीं मिला है वेतन

**मेदिनीनगर।** बिजली आउटसोर्सिंग एजेंसी कर्मियों का तीन महीने गुजर जाने के बाद भी पलामू एरिया बोर्ड पाटन सेक्शन कर्मियों का भुगतान अभी तक नही किया गया। यह कार्य सोमुख इंजिनियरिंग कंसलटेंसी कम्पनी के द्वारा किया जा रहा है । 10 से 12 हजार तक कंपनी को भुगतान करने में पसीने छूट रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंपनी लगभग एक महीनों से आउटसोर्स कर्मियों को गुमराह कर रही है। कंपनी कभी आज तो कभी कल पेमेंट हो जायेगा कहकर टालमटोल कर रही है। दशहरा पर्व, कंपनी के झूठे वादों पर ही गुजर गया। अब तो ये भी लगता है की दिवाली और छठ पूजा में भी कंपनी के झूठे वादे पर ही गुजारना पड़ेगा। कर्मियों ने ये भी बताया कि कॉल करने पर फोन भी नही उठाया जाता है। लगभग तीन महीने से आउटसोर्स कर्मियों का भुगतान नहीं हुआ है। ऐसे में घर परिवार चलाना भी मुश्किल हो गया है। लेकिन भुगतान करने वाली कम्पनी को कोई फर्क नही पड़ता है। अभी तीन महीने में ही कम्पनी का ये हाल है तो फिर आगे क्या होगा। ऐसे कम्पनी के ऊपर बिजली विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा सख्त कर्रवाई करनी चाहिए। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ,के द्वारा,इनका टेंडर तत्काल निरस्त कर देना चाहिए, जो आउट सोर्स कर्मियों का शोषण करते है।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अधिकारियों ने दी योजनाओं की जानकारी

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कटैया पंचायत परिसर में मंगलवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, बीडीओ जयप्रकाश नारायण, सीओ वासुदेव राय ने सरकार के विभिन्न योजनाओं की लोगों को जानकारी दी। शिविर में विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। वही पूर्व मुखिया अनिल सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंह आदि ने ग्रामीणों को शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल से लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। अपर समाहर्ता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन का उद्देश्य लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित कराना तथा समस्याओं का त्वरित समाधान कराना है। बाद में पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के द्वारा गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी राजेश राम, प्रमोद सिंह, महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### किशोरी समृद्धि योजना के दो लाभुकों को मिला स्वीकृति पत्र

**मेदिनीनगर।** हैदरनगर पूर्वी पंचायत में मंगलवार को आयोजित शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका सीमा झा एवं कुमारी शान्ति, परियोजना सहायक संतोष ठाकुर एवं तेजस्विनी योजना के महेंद्र कुमार सहित पंचायत की सभी सेविकाओं ने बालिकाओं का योजना से संबंधित प्रपत्र भरा और तत्काल उनका पंजीकरण कराया। इस कारण सबसे अधिक 270 आवेदन किशोरी समृद्धि योजना से ही आये। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत बालिका शिक्षा पर जोर, बाल विवाह प्रथा का अंत, महिला सशक्तिकरण और वयस्क होने पर शादी के लिए जरूरी सहायता करना है। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत आठवीं से बारहवीं तक की बालिकाओं को भिन्न-भिन्न किस्तों में आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जायेगी। जैसे कक्षा 8वीं और 9वीं में 2500 रुपए (प्रत्येक कक्षा में 25 सौ रुपए, कुल 5 हजार रुपए) एवं 10वीं, 11वीं व 12वीं की कक्षा में 5000 रुपए (प्रत्येक कक्षा में 5 हजार रुपए, कुल 15 हजार)। साथ ही 18 से 19 वर्ष की आयु पूरी होने पर एकमुश्त 20,000 रुपए मिलेंगे। इस योजना के तहत कुल 40 हजार रुपए की राशि भुगतान किये जायेंगे, ताकि बेटियों को योजना का पूर्ण रूप से लाभ मिल सके।

### नगर पंचायत में सभी छठ घाटों की सफाई युद्ध स्तर पर

**हुसैनाबाद।** छठ महापर्व को देखते हुए नगर पंचायत हुसैनाबाद के द्वारा शहरी क्षेत्र के सभी छठ घाटों का सफाई युद्ध स्तर पर जारी हैं। सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार एवं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने शहर के मुख्य छठ घाट भगवान भाष्कर मंदिर पोखरा का औचक अवलोकन किया और सफाई करा रहे जमादार को कई निर्देश दिये। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि महान छठ पूजा से पूर्व और समापन तक मैं खुद से तत्परता दिखाते हुए पंचसरोवर मंदिर,चार धाम और मुख्य छठ घाट को सफाई और लाइटिंग की व्यवस्था कर रहा हूं , यह मेरी जिम्मेदारी हैं।

## बेलबीघा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

### कई योजनाओं के लिए लाभुकों ने दिया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हैदरनगर पूर्वी पंचायत के प्लस टू उवि के प्रांगण में प्रखंड के बेलबीघा पंचायत के सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। जिसमें उन्होंने सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं से लोगों को जोड़ने की जानकारी दी। विधायक ने अंबेडकर आवास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, वृद्धापेंशन व अन्य योजनाओं के लाभुको को स्वीकृति पत्र दिया। विधायक के साथ हैदरनगर पूर्वी मुखिया संतोष कुमार सिंह, डीएसडब्ल्यू संध्या रानी, बीडीओ हैदरनगर धीरज कुमार ठाकुर, सीओ हैदरनगर राजीव नीरज व बेलबीघा की उपमुखिया पम्मी देवी ,जिला पार्षद सदस्य राजू मेहता ,पंचायत समिति सदस्य, बीडीओ हुसैनाबाद रतन प्रसाद, अंचलाधिकारी हुसैनाबाद नंद कुमार राम अन्य कई विभागों के अधिकारियों ने जमीन में बैठकर लोगों की समस्या क्रमवार सुनकर उनसे आवेदन लेने का कार्य किया। कार्यक्रम का आयोजन मुखिया संतोष कुमार सिंह ने किया। विधायक ने मैदान में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस कार्यक्रम में सर्वाधिक भीड़ शुरू से अंत तक वर्ग आठ से 12 तक की छात्राओं ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के काउंटर पर भीड़ देखी गई। इस योजना के संबध में बीडीओ ने विधायक को आठ हजार बच्चियों का पंजीकरण करने का लक्ष्य बताया है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन औसतन दो सौ बच्चियों का पंजीकरण किया जा रहा है। विधायक ने बीडीओ को हरेक गांव तक जाकर बच्चियों को इस योजना से जोड़ने व शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया है। इस दौरान मुखिया की ओर से चिन्हित कई गरीब असहाय लाभुकों के बीच विधायक कमलेश कुमार सिंह ने धोती, साड़ी, कंबल का वितरण किया। इस कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य सैलू जायसवाल, 20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, जितेंद्र सिंह ,राहुल ठाकुर ,रामबृक्ष पासवान ,राजेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, जेएमएम के केंद्रीय सदस्य बशिष्ठ कुमार सिंह , रामप्रवेश सिंह, एनसीपी के गुड्डू सिंह, उप मुखिया पवन जायसवाल, डॉ.अजय जयसवाल, अनूप , मनदीप राम ,हंसराज सिंह ,विनय पासवान ,गुड्डू सिंह सहित कई प्रबुद्धजन लोग शामिल थे।

Tel. No. ( Office) – 06562-231044
E-mail ID –dc-pal@nic.in

**कार्यालय ;जिला दण्डाधिकारी –सह– उपायुक्त, पलामू**
(जिला नजारत शाखा)
अतिअल्पकालिन–निविदा

पलामू जिला में अतिविशिष्ट व्यक्तियों के कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए सभा आयोजन स्थल पर पण्डाल (German Hanger Structure), उपस्कर एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं हेतु जिला प्रशासन, पलामू के द्वारा एतद् के माध्यम से अल्पकालिन–निविदा दिनांक 27.10.2022 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित शर्त्तों एवं नियमों को जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in/ पर अवलोकन किया जा सकता है।

उपायुक्त, पलामू।

PR 280310 Palamu(22-23)D

**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू**

ई0–निविदा सूचना

e-TENDER : - HJ AND DM/CJ MEDININAGAR/Q1/2023/2669

1. कारा का नाम – केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू।
2. विषय– कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यान्नों, आलू, हरी सब्जी, फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के निमित ई–निविदा का आमंत्रण। (त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.01.2023 से 31.03.2023 तक)
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधीक्षक, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है –
(i) रू0 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
(ii) रू0 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– रू0 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
(iii) रू0 50.00 लाख से उपर की सामग्रियों की आपूति के निमित निविदा हेतु– रू0 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4. Website पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि– 07.11.2022, पूर्वाह्न 10.00 बजे से 12.11.2022 के अपराह्न 5.00 बजे तक।
5. निविदा जमा करने की तिथि – 07.11.2022, पूर्वाह्न 10.00 बजे से 12.11.2022 के अपराह्न 5.00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
6. Tender Fee, EMD का Original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक 14.11.2022 से 16.11.2022 के पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक कार्यवधि में कारा कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान– दिनांक 17.11.2022, पूर्वाह्न 11.00 बजे, अधीक्षक, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय वेश्म में अपर समाहर्त्ता, पलामू की उपस्थिति में।
8. जो निविदादाता निविदा में भाग लेंगे उनके चारित्रिक सत्यापन विशेष शाखा द्वारा करायी जायेगी और विशेष शाखा द्वारा सत्यापन में सही पाये जाने वाले निविदादाता का ही Price Bid खोला जायेगा।
9. उपरोक्त संबंधित निविदा झारखण्ड सरकार के e-tender Portal http://www.jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जायेगा। इस संबंध में अतिरिक्त जानकारी e-tender portal पर प्राप्त किया जा सकता है।
10. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू

PR 280322 District(22-23).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा**

**निविदा आमंत्रण सूचना सं0 :–10/2022-23 (अतिअल्पकालिक निविदा)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 02.11.2022 से 03.11.2022 तक कार्यालय अवधि में। (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : 04.11.2022 को कार्यालय अवधि में 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 04.11.2022 को 03:30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र की बिक्री की स्थान : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
6. निविदा प्राप्ति/खोलने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र. सं. | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रतापपुर | पंचायत–सिदकी, ग्राम–हिन्दीयाकला में सतबहिनी मोड़ से हिन्दीयाकला मोड़ तक 40 अदद सोलर स्ट्रीट लाईट अधिष्ठापन कार्य। | 1466080.00 | 30000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 2 | प्रतापपुर | पंचायत–सिदकी, ग्राम–हिन्दीयाकला में आंगनबाड़ी की मरम्मति का कार्य। | 468490.00 | 10000.00 | 750.00 | 03 माह |
| 3 | प्रतापपुर | पंचायत–सिदकी, ग्राम–हिन्दीयाकला में अमृत सरोवर के तहत तालाब निर्माण का कार्य। | 1596159.00 | 32000.00 | 5000.00 | 03 माह |

निविदा की शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट में देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

PR 280232 Rural Development(22-23)#D

**जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार**

**इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण**

एतद् द्वारा लातेहार जिला अन्तर्गत स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड राँची के राज्यादेश सं0 10 रा0 (वि0)/दिनांक 21.06.2022 के आलोक में समेकित मात्स्यिकी को बढ़ावा देने हेतु जलाशय मत्स्य का विकास योजना अन्तर्गत जलाशयों/आर0 एफ0 एफ0 में मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन हेतु भारतीय मेजर कॉर्प एवं ग्रास कार्प के तीन इंच से बड़े आकार के मत्स्य अंगुलिकाओं की आवश्यकता है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में लातेहार जिले को जलाशयों में संचयन हेतु भारतीय मेजर कॉर्प– 10.00 लाख एवं ग्रास कार्प– 1.00 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन का लक्ष्य प्राप्त है।

इच्छुक स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन **दिनांक 12.11.2022 के अपराह्न 4.00 बजे** तक कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निम्न शर्तों के साथ स्वीकार किया जाएगा।

**आवश्यक शर्तें:–**

1. आपूर्तिकर्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) को जलाशयों/आर0 एफ0 एफ0 तक मत्स्य अंगुलिकाओं को अपने खर्च पर जीवित तथा स्वस्थ अवस्था में आपूर्ति करना होगा।
2. भारतीय मेजर कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का सरकार द्वारा निर्धारित दर मो0 750 रू0 प्रति हजार (परिवहन सहित) तथा ग्रास कार्प अंगुलिकाओं का सरकार द्वारा निर्धारित दर मो0 1500 रू0 प्रति हजार (परिवहन सहित) है।
3. एक मत्स्य बीज उत्पादक से न्यूनतम 50 हजार तथा अधिकतम 2 लाख मत्स्य बीज ही क्रय किए जाएंगे।
4. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के द्वारा जिस तालाब में मत्स्य अंगुलिकाएँ तैयार किया जा रहा है, उस तालाब का पूर्ण विवरण एवं पता से कार्यालय को अवगत करना अनिवार्य होगा, जिससे संचयन के पूर्व उनकी जाँच की जा सके । साथ ही मत्स्य अंगुलिकाओं की उपलब्धता का भी उल्लेख करना होगा।
5. समान मूल्य दर पर स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के इच्छा की अभिव्यक्ति के आलोक में प्राप्त आवेदन को जाँचोपरांत स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने एवं बिना कारण बताये किसी भी आवेदन को रद्द/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार

PR 280256 Fish(22-23)#D




# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार

**07 दिन**

**कुल आवेदन प्राप्त** 10,63,679*

**कुल निष्पादन** 4,97,458*

**कुल प्रक्रियाधीन** 5,66,221*

*डाटा जानकारी 18/10/2022, 06:00 PM

स्रोत :- https://sarkaraapkedwar.jharkhand.gov.in/



# रीमा बिटिया का डॉक्टर बनने का सपना होगा साकार

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ ले रहीं हजारों किशोरियां

**झारखण्ड/** गढ़वा

गढ़वा के खरसोता पंचायत स्थित बालिका स्कूल में आठवीं की छात्रा रीमा को अब भरोसा है कि वह पढ़ाई जारी रख सकेगी और डॉक्टर जरूर बनेगी। अब उसे आगे की पढ़ाई करने में कठिनाई नहीं होगी। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत रीमा को 2,500 रुपये की सहायता मिली है। रीमा कहती है, सरकार द्वारा मिल रहे इस प्रोत्साहन के जरिये अब मैं अपने लक्ष्य को अवश्य पूरा करूंगी।

रीमा के स्कूल में पढ़ने वाली 140 बच्चियों में से 120 बच्चियों को इस योजना का लाभ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के जरिये मिला है। रीमा जैसी ही लाखों किशोरियां स्वतंत्र निर्णय लेने हेतु सक्षम बन रहीं हैं और इस योजना के जरिये उनकी उम्मीदों को पंख जरूर लगेंगे।

योजना का उद्देश्य ही बालिका शिक्षा पर जोर, बाल विवाह प्रथा का अंत तथा महिला सशक्तिकरण है। सरकार की इस योजना का लाभ सभी योग्य किशोरियों को प्राप्त हो, इसके लिए सरकार गांव, टोला और उनके घर द्वार पहुंच कर उन्हें योजना से जोड़ रही है। अभी तक 80 हजार से अधिक किशोरियों को इस योजना का लाभ मिला है।

देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के नाम से संचालित इस योजना के जरिये किशोरियों को कक्षा 8वीं में 2,500 रुपये, कक्षा 9वीं में 2,500 रुपये, कक्षा 10वीं में 5,000 रुपये, कक्षा 11वीं में 5,000 रुपये, कक्षा 12वीं में 5,000 रुपये एवं 18-19 वर्ष की आयु की किशोरियों को एकमुश्त 20,000 रुपये सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इस पूरी अवधि में कुल 40,000 रुपये की आर्थिक सहायता किशोरियों को मिलेगी। इससे उन्हें आगे पढ़ने में सहयोग मिलेगा और ड्राप आउट रेट भी घटेगा।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा बीते दिनों आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अंतर्गत योग्य लाभुकों से आवेदन लेकर जांच के बाद योजना का लाभ दें।

इस योजना के साथ-साथ अन्य कई लोक-कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिससे शत-प्रतिशत लाभुकों को योजनाओं से जोड़ा जा सके।



●गिरिडीह में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र प्राप्त करती किशोरी।

# सोचा नहीं था इतनी जल्दी मिलेगा लोन, अब मैं भी बनूंगा मालिक : सुरेश

**झारखण्ड/** गिरिडीह

मुझे मिनी बस के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 20 लाख रुपये का चेक मिला है। मेरे द्वारा दिए गए आवेदन पर बहुत ही कम समय में लोन की स्वीकृति मिल गयी। मुझे बार-बार कार्यालय जाने की जरूरत भी नहीं पड़ी।

इससे पहले तक मैं अपने भविष्य को लेकर चिंतित था, लेकिन अब मुझे इस योजना का लाभ मिला है। सरकार का आभार। अब मैं स्वरोजगार के जरिये अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास करूंगा। राज्य के मेरे जैसे बेरोजगार युवाओं को इस योजना का लाभ उठा कर स्वरोजगार अपनाना चाहिए। यह योजना व्यवसाय करने वाले युवाओं के लिए बहुत लाभदायक है।




●मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभुक।

# सर्वजन पेंशन बनी लाखों बुजुर्गों के बुढ़ापे की लाठी

**झारखण्ड/** चाईबासा

सर्वजन पेंशन योजना से राज्य के लाखों बुजुर्ग, निराश्रित महिला और दिव्यांग आदि को पेंशन का लाभ मिल रहा है। चाईबासा प्रखंड अंतर्गत बादुरी के अरधन कुदादा बताते हैं कि वह 65 साल के हैं तथा पेंशन लेने के लिए उन्होंने कई बार प्रयास किया, लेकिन कभी पेंशन का लाभ नहीं मिला। वह कहते हैं कि मैं सीएम हेमन्त सोरेन जी को बहुत बधाई और आशीर्वाद देता हूं कि वह हम जैसे बुजुर्गों का ध्यान रखते हुए गांव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन करवा रहे हैं। आज अपने ही गांव में लगे शिविर में आने के बाद यहां उपस्थित कर्मियों के द्वारा मुझे योजना की जानकारी मिली तथा मेरा आवेदन लिया गया और तत्काल मुझे पेंशन की स्वीकृति भी मिल गई। मैं बहुत खुश हूं। आज मुझे पेंशन का लाभ मिला है, तो ऐसा लग रहा है मानो मुझे बुढ़ापे की लाठी मिल गई हो।



● सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादित हुए बुजुर्ग।

# पशुधन योजना बन रहा महिला सशक्तिकरण का आधार



"निर्मला देवी महिला सशक्तिकरण की ओर कदम बढ़ा चुकी हैं और अब वह अपने दो बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने और उनका भविष्य संवारने पर अपना पूरा ध्यान देगीं।"

निर्मला को मिला मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ

**झारखण्ड/** लोहरदगा

पति की मृत्यु के बाद मानसिक रूप से टूट चुकी निर्मला देवी को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ मिला। लोहरदगा के भंडरा प्रखंड निवासी निर्मला देवी को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के पहले दिन मुर्गी शेड निर्माण हेतु स्वीकृति मिली। निर्मला ने बताया कि पति ही एकमात्र थे, जो परिवार के भरण पोषण के लिए कमाते थे। पति साईकिल मिस्त्री का काम करते थे और उस समय घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक थी। जब पति की मृत्यु हो गई तो, उसे घर से बाहर कमाने के लिए निकलना पड़ा। लेकिन, उससे परिवार का भरण पोषण बमुश्किल हो पाता था।

लेकिन, निर्मला अब महिला सशक्तिकरण की ओर कदम बढ़ा चुकी है और अब वह अपने दो बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने और उनका भविष्य संवारने पर अपना पूरा ध्यान देंगी।

निर्मला की तरह ही भंडरा प्रखंड में खेती किसानी का कार्य करने वाले कई लोगों ने कृषि के साथ-साथ कृषि आधारित कार्य करने हेतु भंडरा में आयोजित शिविर में आवेदन दिया। शिविर में सभी औपचारिकता पूरी कर लोगों को मुर्गी पालन समेत अन्य पशुपालन से संबंधित आवेदन पर स्वीकृति दी गई, साथ ही अन्य योजनाओं से भी जरूरतमंद लोगों को जोड़ा जा रहा है।

# 75 वर्ष बाद बोरहा गांव पहुंची सरकार

**झारखण्ड/** गुमला

आजादी के बाद पहली बार गुमला के बिशुनपुर प्रखंड स्थित बोरहा गांव में सरकार योजनाओं की गठरी लेकर पहुंची। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन हुआ और ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिला। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा लगाये गये विभिन्न विभागों के स्टॉल में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को रखा और योजना का लाभ लिया। पहले यहां नक्सली डर से अधिकारी भी जाने से कतराते थे, लेकिन अब परिस्थितियों में बदलाव हुआ है। सरकार सुदूरवर्ती गांव में रहने वाले ग्रामीणों तक अपनी पहुंच बना योजनाओं से जोड़ रही है, जिससे ग्रामीण अबतक अछूते थे। ग्रामीणों ने मुख्य पथ से गांव तक सड़क निर्माण की मांग की है। इस समस्या के समाधान का भरोसा जिला प्रशासन ने दिया है। जल्द सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरु होगी।

# अब उन्नत खेती कर सकेंगी ललिता

**झारखण्ड/** चतरा

चतरा स्थित देवरिया गांव निवासी महिला कृषक ललिता देवी भोक्ता को अब प्रगतिशील किसान बनने में आर्थिक स्थिति बाधक नहीं बनेगी। ललिता को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 78 हजार रुपये का लोन केसीसी के तहत प्राप्त हुआ है। प्राप्त आर्थिक मदद से ललिता उन्नत तकनीक का उपयोग चार एकड़ भूमि में लगे हाइब्रीड टमाटर की खेती में करेंगी। ललिता कहती हैं कि लोन की राशि मिलने से उन्हें सहारा मिला है। बैंक से लोन प्राप्त करने में सरकार ने सहयोग प्रदान किया। देखते ही देखते मेरा लोन स्वीकृत हुआ। अब मैं खूब मेहनत करूंगी।



●उन्नत खेती के लिए मिला केसीसी।

# पेंशन की राशि से दृष्टिहीन बेटी का भविष्य संवारेगी मां

**झारखण्ड/** पाकुड़

पाकुड़ के पाकुड़िया प्रखंड स्थित बसंतपुर निवासी आठ वर्षीय दृष्टिहीन बिटिया शहनाज परवीन को उम्मीदों की नई रोशनी मिली है। बिटिया को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सर्वजन पेंशन योजना के तहत दिव्यांग पेंशन का लाभ ऑन द स्पॉट मिल गया। शिविर में शहनाज अपनी मां के साथ आवेदन लेकर आई थी। शहनाज जन्म से दोनों आंखों से दृष्टिहीन है। शिविर में आते ही उससे तुरंत आवेदन प्राप्त कर मेडिकल टीम ने सभी आवश्यक कार्रवाई पूरी करते हुए दिव्यांग पेंशन स्वीकृत की।



●पेंशन योजना से आच्छादित हुई बेटी।

# धन्यवाद

## झारखण्ड सरकार

"मुझे मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत मुर्गी पालन हेतु एक दिन में ही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुर्गी पालन की स्वीकृति मिल गई। मुर्गी पालन के जरिये होनेवाली आय से अपने व्यवसाय को और मजबूत करूंगा। आनेवाले समय में अन्य पशुपालन योजनाओं का भी लाभ लूंगा और अन्य लोगों को भी प्रेरित करूंगा।"

- रौशन एक्का, लोहरदगा






"मुझे सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिला है। आगे चलकर मैं अच्छा करते हुए अपने माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन करना चाहती हूं। इस योजना से जुड़ कर मैं काफी खुश हूं। थैंक यू सीएम सर!"

- सुप्रिया कुमारी, बोकारो

"दिव्यांगता के कारण कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता था। श्रवण मशीन नहीं रहने के कारण मुझे सुनने व समझने तथा चलने-फिरने में काफी परेशानी होती थी। लेकिन, शिविर में मुझे श्रवण मशीन और ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई है, इसके लिए सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद।"

- खिरोधर प्रसाद महतो, हजारीबाग






"आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के बारे में जानकारी मिली। मुझे योजना के तहत 50,000 रुपये का चेक प्राप्त हुआ। अब मुझे परिवार का पालन-पोषण करने के लिए शराब बेचना नहीं पड़ेगा। गांव-गांव शिविर लगाने के लिए राज्य सरकार का आभार।"

- हेमंती मुर्मू, गोड्डा

"मैं बहुत खुश हूं, क्योंकि मेरी ही टोली में लगे कैंप में मेरा पेंशन स्वीकृत हो गया, मुझे कहीं भी चक्कर नहीं लगाना पड़ा। मुझे पेंशन के तौर पर बुढ़ापे में सहारा मिला है। इस योजना का लाभ मेरी टोली के कई लोगों को प्राप्त हुआ है। झारखण्ड सरकार को धन्यवाद और जोहार।"

- फागी देवी, गुमला





"मुझे सोना सोबरन धोती साड़ी योजना का लाभ मिला है। यह योजना हम जैसे गरीबों के लिए मददगार है। अब मुझे साल में दो बार वस्त्र मिलेगा। इस योजना से मुझे तत्काल जोड़ दिया गया और साड़ी भी मिली। अपने गांव की अन्य महिलाओं को भी योजना का लाभ लेने के लिए कहूंगी। सरकार ने साड़ी देकर मेरी जैसी बूढ़ी महिला को मान-सम्मान दिया है। हेमन्त बेटा को धन्यवाद।"

- मंगरी उरांव, खूंटी



●बूढ़ा पहाड़ के खपरी महुआ गांव में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण।

# बूढ़ा पहाड़ : सीएम की पहल पर पहली बार प्रशासन पहुंचा लोगों के द्वार

**झारखण्ड/** गढ़वा

किसी को इस बात का यकीन नहीं था कि झारखण्ड और छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित बूढ़ा पहाड़ तक सरकार पहुंचेगी। कल तक जहां नक्सलियों की चहलकदमी थी, आज वहां के लोगों के दरवाजे तक सरकार योजना लेकर पहुंची है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर आजादी के बाद पहली बार घोर नक्सल प्रभावित गढ़वा स्थित बूढ़ा पहाड़ के खपरी महुआ गांव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान सर्वजन पेंशन योजना के तहत पंचायत के 26 वृद्ध, दिव्यांग, निराश्रित महिलओं को पेंशन स्वीकृति पत्र, 59 व्यक्तियों को हरा राशन कार्ड वितरित किया गया। लोगों को गांव में काम मिले और पलायन न हो, इसके लिए बूढ़ा पहाड़ के टेहरी पंचायत में मनरेगा और 15वें वित्त आयोग से कुल 26 योजनाओं का शुभारम्भ हुआ। श्रमिकों के बीच 33 जॉब कार्ड वितरित किए गए। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत किशोरियों को स्वीकृति पत्र बांटे गए। पदाधिकारी एक-एक कर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए और जल्द निदान का भरोसा दिया।

मालूम हो कि वर्षों बाद बूढ़ा पहाड़ स्थित गाँव में सरकार और सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं पहुंची हैं।

PR No. 280217 (IPRD) 2022-23
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# न्यूज गैलरी

## भवनाथपुर में बिजली चोरी के खिलाफ चला छापामारी अभियान

**भवनाथपुर।** कनीय विद्युत अभियंता गुणवंत कुमार के नेतृत्व में गांव में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाकर बिजली चोरी करने के आरोप में8लोगों के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत भवनाथपुर थाने में जेई ने केस दर्ज कराया है। साथ ही सभी लोगों पर 77हजार 156 रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। थाना में जिनपर केस दर्ज किया गया है उनमें ढिकुलीया निवासी अखिलेश विश्वकर्मा 24 हजार 500सौ , ढिकुलीय निवासी सोनम देवी 6हजार 500सौ , सरईया निवासी मुन्ना प्रसाद गुप्ता 6हजार 500सौ , सरईया निवासी सुरेंद्र बियार 6हजार 500सौ, सरईया निवासी श्याम लाल महतो उर्फ श्यामलाल वियार 13हजार 656सौ , सरईया निवासी दुखी साव 6हजार 500सौ , सरइया निवासी बैजनाथ साव 6हजार 500सौ, हजार ,सरईया निवासी लालू वियार 6हजार 500सौ केशामिल है। छापेमारी दल में लक्ष्मी नारायण साहू, अशोक कुमार, वीरेंद्र कुमार पासवान, उमेश प्रजापतिआदि शामिल थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर शिविर का आयोजन



**भवनाथपुर।** प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने 20 अक्टूबर को हाईस्कूल के मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर भवनाथपुर पंचायत भवन में मंगलवार को जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक किया। कहा की लोक कल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीणों के बीच रखे। शिविर से ही आम लोगों की समस्याओ को दूर करने की कोशिशी करें। कार्यक्रम में पेंशन, आवास, सावित्रीबाई फूले किशोरी योजना, किसान ऋण, आंगनबाड़ी से संबंधित सभी विभागों को 20 तारीख होने वाले सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सहभागिता करने को कहा 'एवं अधिक से अधिक संख्या में लोगों को कार्यक्रम में पहुंचने के लिए कहा। बैठक में भवनाथपुर पंचायत के मुखिया बेबी देवी, उप मुखिया समलेश रावत, बीडीसी चन्दन कुमार ठाकुर, पंचायत सेवक अजीत सिंह, रोजगार सेवक धर्मराज सिंह, स्वयंसेवक कौशल सिंह, अभिषेक कुमार, बीपीएम नीरज कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कार्यपालक पदाधिकारी निकिता बाला ने शिविर में भाग लेने के लिए विद्यालय के छात्राओं से किया अपील



**मंझिआंव/गढ़वा।** नगर पंचायत कार्यालय मंझिआंव के कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री निकिता बाला ने नगर पंचायत के कर्मियों के साथ नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालय में भ्रमण कर सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत अहर्ता रखने वाले किशोरियों के बीच आवेदन पत्र वितरण किया। वही नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री निकिता बाला ने विद्यालय में पढ़ रही लड़कियों से कहा कि नगर पंचायत कार्यालय परिसर में 21 अक्टूबर 2022 दिन शुक्रवार को आप की योजना आपका सरकार आपका द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें सभी योजनाओं से संबंधित शिविर लगाया जाना है। जिनमें सभी लड़कियां योजना से संबंधित आवेदन करें एवं योजनाओं का लाभ उठाएं।

## मुखिया ने जाति सूचक और गाली गलौज करने का लगाई आरोप

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के आदिवासी बहुल परती कूशवानी पंचायत के मुखिया मुन्नी देवी ने केतार थाना में आवेदन देकर एक युवक पर जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर गाली गलौज करने का आरोप लगाई है। थाना प्रभारी को दिये गये आवेदन में मुखिया ने उल्लेख किया है की पंचायत सचिवालय में 25 सितम्बर की दोपहर सभी वार्ड सदस्यो के साथ कार्यकारणी की बैठक कर रही थी ।उसी वक्त छाताकुड़ गांव निवासी अक्षय कुमार साह, पिता राम अवध साह पंचायत सचिवालय के मिटींग हॉल में आकर जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर गाली गलौज करने लगा और बैठक सम्बंधित रजिस्टर फाड़ने की धमकी देने लगा और कहा की मुखिया गीरी और मनमानी नहीं चलने देंगे। उक्त आवेदन के आलोक में धारा 504/506 आइपीसी और 3(1) आरएस एससी/एसटी एक्ट 1989 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की अनुसंधान किया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के राणाडीह गांव में सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। घटना सोमवार देर रात की है। घायलों में मझिआंव थाना क्षेत्र के दूबेतहले गांव निवासी नागेंद्र कुमार पिता सोहराई पासवान, रुपेशचंद्र कुमार बोस पिता रामबड़ाई पासवान तथा अवधेश पासवान शामिल हैं। इनमें नागेंद्र कुमार का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त तीनों लोग एकही मोटरसाइकिल से राणाडीह गांव में रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इस दौरान राणाडीह गांव में ही अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में मोटरसाइकिल पर सवार तीनों लोग घायल हो गए। घटना के बाद तीनों घायलों को सीएचसी मझिआंव ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने रुपेश चंद्र कुमार बोस व अवधेश पासवान को छुट्टी दे दी। जबकि गंभीर रुप से घायल नागेंद्र कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## युवक पर गिरा लोहा, घायल

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के सोहवरिया गांव निवासी सूर्य देव चौधरी का पुत्र रंजीत कुमार चौधरी सेंट्रिंग के लोहे गिरने से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रंजीत कुमार चौधरी मजदूरी का काम करने गढ़वा थाना क्षेत्र के लोपो गांव गया था। जहां सेंटिंग करने के दौरान ऊपर से सेंटरिंग का लोहा उसके ऊपर गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उपस्थित लोगों ने उसे सदर अस्पताल आया।

# जगमग होगा गढ़वा विस: छह स्थानों पर हाई मास्ट लाइट लगायेगा ग्रासिम इंडस्ट्री

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** छठ महापर्व पर गढ़वा बिजली की रोशनी से जगमग होगा। रेहला स्थित ग्रासिम इंडस्ट्रीज गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के छह स्थानों पर हाई मास्ट लाइट लगाएगा। इसका कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। छठ महापर्व से पूर्व सभी हाई मास्ट लाइट के अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया जाएग।



जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार ग्रासिम इंडस्ट्रीज सीएसआर के तहत गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के छह स्थानों पर हाई मास्ट लाईट लगा रहा है। इनमें गढ़वा के फरठिया मोड़, मेराल के छः आना टोला, रंका में रंका बाजार, चिनियां में थाना मोड़, रमकंडा में बिचला टोला तथा डंडा में डंडा बाजार के समीप लगाया जा रहा है।

मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि ग्रासिम इंडस्ट्रीज की ओर से पूर्व में भी प्रथम चरण में दो स्थानों पर गढ़वा के हूर गांव स्थित अंजान शहीद मजार पर एवं मेराल में हाई मास्ट लाइट लगाया जा चुका है। दूसरे चरण में छह स्थानों पर लगाया जा रहा है। जबकि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रमुख स्थलों, चौक चौराहों पर भी अगले चरण में लगाया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने इस क्षेत्र में कार्यरत अन्य सभी कंपनियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि सभी कंपनियां राज्य सरकार के निदेर्शानुसार क्षेत्र में सीएसआर के तहत जनहित का वैसा कार्य करें जो दिखे एवं लंबे समय तक लोगों को उसका लाभ मिल सके। पूर्व में कंपनियों की ओर से सीएसआर के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही की गई है। सभी कंपनियों को लाभांश का कुछ हिस्सा इस क्षेत्र में जनहित एवं जन उपयोगी कार्यों के लिए सीएसआर के तहत खर्च करना है। कार्य ऐसा किया जाए कि इसका सदुपयोग हो। मंत्री श्री ठाकुर ने इस कार्य के लिए गढ़वा की जनता की ओर से ग्रासिम इंडस्ट्रीज का आभार व्यक्त किया है।

## अंम्बाखोरया पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी।** प्रखंड के अंम्बाखोरया पंचायत में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मुखिया अनिला देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. जिसकी शुरूआत बीडीओ अरुण कुमार सिंह,प्रखंड प्रमुख शांति देवी, जिला परिषद सदस्य संगीता कुमारी, पंचायत समिति सदस्य कृष्ण कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर आयोजन की शुरूआत की.जिसमें प्रखंड स्तरीय सभी विभाग का स्टाल लगाए गये थे। जिसमें खासकर मनरेगा, राशन, पेंशन एवं भूमि से संबंधित आवेदन दिए गये पेंशन से व राशन से संबंधित कई मामलों को जनता दरबार में हल किया गया वहीं बीडीओ को छात्राओं ने फुले बाई किशोरी समृद्धि योजना का आवेदन दिया.वहीं बीडीओ ने जनता दरबार में लोगों से अपील किया कि मुख्यमंत्री पशुधन, चिकित्सा सहायता अनुदान, रोजगार सृजन जैसी योजना का लाभ लेने के लिए लोगों को जागरूक किया. जयराम प्रखंड के सभी कर्मी अंचल कर्मी आयोजन में उपस्थित थे।

## मंत्री ने बाईपास निर्माण की समस्याओं को दूर करने का डीसी को दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने एनएच 75 के बाईपास निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने का डीसी रमेश घोलप को निर्देश दिया है। डीसी को लिखे पत्र में मंत्री ने कहा है कि कल्याणपुर के ग्रामीणों से प्राप्त आवेदन के अनुसार उक्त गांव के 25 रैयतों के मुआवजा का भुगतान अब तक नहीं हो सका है। इस संबंध में मंत्री ने उपायुक्त को सभी समस्याओं को दूर करते हुए यथाशीघ्र सभी भू धारकों को मुआवज का भुगतान करने एवं बाईपास निर्माण में आ रही अन्य सभी बाधाओं को दूर करने का निर्देश दिया है।

मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा प्रखंड के अचला के ग्रामीणों से प्राप्त आवेदन के आलोक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण नई दिल्ली के अध्यक्ष को पत्र लिख कर अचला गांव में फ्लाईओवर निर्माण करने का आग्रह किया है। प्रेषित पत्र में मंत्री ने कहा है कि ग्रामीणों से प्राप्त आवेदन के अनुसार अचला गांव में अल्पसंख्यकों का कब्रिस्तान है। जिससे होकर बाईपास सड़क गुजर रहा है। सड़क के निर्माण से कब्रिस्तान का अस्तित्व पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। जबकि कब्रिस्तान का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। कब्रिस्तान के समीप ग्रामीणों की फ्लाईओवर निर्माण की मांग लंबे समय से चल रही है। अब तक विभाग की ओर से कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जा सका है। इस संबंध में मंत्री श्री ठाकुर ने अध्यक्ष को प्रेषित पत्र में कहा है कि कब्रिस्तान के पास फ्लाईओवर निर्माण का आदेश निर्गत कर बाईपास सड़क का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाए। ताकि कब्रिस्तान सुरक्षित बच सके।

### जल जीवन मिशन के तहत आयोजित कायार्शाला में बोले बीडीओ

## भावी पीढ़ी के लिए जल संरक्षण जरूरी

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** केतार प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की गुणवत्ता व पानी के बेहतर रख रखाव से सम्बंधित एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ, जिला जल गुणवत्ता जांच प्रबंधक अनुज कुमार चौबे ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उक्त कार्यक्रम मे पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गढ़वा की ओर से जल गुणवत्ता, निगरानी एवं अनुश्रवण कार्यशाला में प्रत्येक ग्राम कि पांच महिलाओं को और जलसहिया, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका , स्वास्थ्य सहिया, सहायता समूह की महिलाओं को जल जीवन मिशन को शत प्रतिशत धरातल पर



उतारने के लिए प्रशिक्षण दिया गया ।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि सरकार का लक्ष्य 2024 तक हर घर में नल से शुद्ध जल पहुंचाना है। इसके लिए प्रत्येक गांव की महिलाओं को फिल्ड टेस्ट किट्स के माध्यम से भूमिगत एवं सतही जल का परीक्षण किया जाना है ।ताकी इससे पता लग सके की जो जल हम पी रहे हैं कितना गुणवत्तापूर्ण है ।जल गुणवत्ता प्रबंधक अनुज कुमार चौबे ने कहा की वर्षा जल का संरक्षण करने ,गंदा जल का समुचित प्रबंधन करने,जल स्त्रोत के आसपास साफ सफाई रखने, के साथ-साथ जल जीवन मिशन के बारे में विस्तार पुर्वक बताया। उन्होंने कहा की जल की गुणवत्ता की जांच करने की जिम्मेदारी सहिया की होती है। उन्होंने जल की गुणवत्ता की जांच करने का प्रशिक्षण दिया ।इस मौके पर आंगनबाड़ी सेविका,जल सहिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बीससूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने सीएम के प्रति जताया आभार

**श्री बंशीधर नगर।** आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान मिले आवेदन व त्वरित निष्पादन से खुश होकर प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा अपने सरकारी फेसबुक पोस्ट पर नगर उंटारी के कार्यक्रम का फोटो पोस्ट करने पर प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा है कि इस तरह के कार्य यहां के अधिकारियों व कर्मचारियों में जनहित के कार्य के प्रति निष्ठा दिखता है। उनके कड़ी मेहनत व लगन के कारण ही कार्यक्रम सफल हो रहा है। उन्होंने प्रखंड के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ साथ क्षेत्र की जनता को भी बधाई दिया है।

## जिला परिषद दुकानदार संघ की हुई बैठक

**गढ़वा।** जिला परिषद मार्केट (थाना के सामने) परिसर में जिला परिषद दुकानदार संघ की बैठक संघ के संरक्षक आलोक कुमार मिश्रा और शैलेंद्र पाठक के अध्यक्षता में की गई। जिसमें 18 जुलाई 2021 में बनी कमेटी का 11 सदस्य का सामूहिक इस्तीफा देने के कारण कमेटी भंग हो चुकी थी सोमवार को पुनः कमेटी का पुनर्गठन किया गया, संघ के संविधान के अनुसार नई कमेटी में सभी पदाधिकारी का सर्वसम्मति से चयन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें विपुल धर दुबे को अध्यक्ष, रामजी पासवान को कार्यकारी अध्यक्ष, कमलेश कुमार पासवान, जयप्रकाश ठाकुर, सत्य प्रकाश पांडे, अमित मिश्रा, इजराइल अंसारी को उपाध्याध, औरंगजेब खान को सचिव, रिजवी हसन और राजेश कुमार को सहसचिव, अविनाश कश्यप को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वही समीर सागर, प्रभात सिंह, मनोज कश्यप, रंजीत तिवारीको कार्यकारणी सदस्य बनाया गया है।

## रफ्तार ने नाबालिग किशोर की ली जान, एक घायल

### रंका थाना क्षेत्र के तेहाड़ा जंगल में अनियंत्रित गति के कारण हुई दुर्घटना

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** रंका-मेदिनीनगर रोड में रंका थाना क्षेत्र के खपरो गांव के समीप तेहाड़ा जंगल में मंगलवार को अनियंत्रित गति के कारण मोटरसाइकिल से गिरकर एक नाबालिग किशोर की मौत हो गई। जबकि मोटरसाइकिल पर सवार एक किशोर घायल हो गया। मृतक सूरज कुमार भुइयां 16 वर्ष पिता कमेश राम रंका थाना क्षेत्र के खपरो गांव का रहनेवाला था। जबकि घायल रामाशंकर भुइयां पिता शिवनाथ भुइयां भी खपरो गांव का ही रहनेवाला है। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल मृतक सूरज कुमार भुइयां के फूफा शिवलाल भुइयां का बताया गया है, जिसे सूरज कुमार भुइयां ने घूमकर आने की बात कहकर ले गया था। बताया गया कि सूरज व रामाशंकर मोटरसाइकिल से रंका-मेदिनीनगर रोड में निकले थे। इस दौरान तेज रफ्तार के



कारण अनियंत्रित होकर इनकी मोटरसाइकिल तेहाड़ा जंगल में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें दोनों किशोर घायल हो गए। इनमें सूरज की हालत गंभीर थी। उसे सिर में चोट लगी थी तथा लगातार रक्तस्त्राव हो रहा था। तब उस ओर गुजर रहे राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को खपरो गांव पहुंचाया गया। जिसके बाद दोनों को रंका सीएचसी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने सूरज कुमार भुइयां की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जबकि रामाशंकर को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान सूरज कुमार भुइयां की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर गढ़वा थाना पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के पश्चात मृतक के स्वजनों को सौंप दिया। बताया गया कि दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को तेहाड़ा जंगल से पुलिस ने उठाकर रंका थाना में ले गई।

## अरसली दक्षिणी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मे संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के अरसली दक्षिणी पंचायत में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मजूरही क्वाटर मैदान पर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, मुखिया अनीता देवी, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव प्रसाद यादव, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष चंदन ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, कृषि, 15वें वित्त आयोग, समाज कल्याण, ई श्रम पोर्टल,,सहित कई अन्य विभाग के



स्टॉल लगाए गए। शिविर में आवेदन900 मिलेएवं निष्पादन 305 का किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोजगार सेवक जयराम पासवान ने किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, बीपीओ दयानंद प्रजापति, पंचायत सेवक विष्णु प्रसाद, भुनेश्वर सिंह, अजीत सिंह, राजगीर राम, बीपीएम नीरज कुमार, श्रम मित्र नगेंद्र शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बीससूत्री क्रियान्वयन समिति में संचालित जानकल्याणकारी योजनाओं में व्याप्त अनियमितताओं से रोष, कहा

## जल्द समाधान नहीं हुआ तो अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी

नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** रमना प्रखंड कार्यालय के सभागार मे मंगलवार को बीससूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक संपन्न हुई। प्रखंड अंतर्गत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों में हो रही अनियमितता और अवैध रूप से हो रहे खनन के बारे में सभी सक्षम पदाधिकारियों के उपस्थिति में विस्तार से चर्चा किया गया। जिसमे अवैध बालू खनन, दाखिल-खारिज में घूसखोरी, शिक्षा व्यवस्था में अनियमितता, गांव टोला में पहुंच पथ का अभाव, जनवितरण प्रणाली में राशन कटौती, पेय जल समस्या, चिकित्सिय समस्या, आंगनवाड़ी केन्द्रो के अधूरे भवन और अनियमितता कि मुद्दे विशेष रूप से उठाये गये आयोजित बैठक मे बीडीओ ललीत प्रसाद सिंह ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सदस्यों से कहा कि



कार्यक्रम मे ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता कराना सुनिश्चित करें, जिससे लोगो को सरकारी योजनाओं का लाभ आधीक से अधिक लोगो को मिल सके । सीडीपीओ रीना साहू ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सरकारी और अनुदानीत विद्यालयों में शिक्षरत वर्ग आठवीं से 12वीं तक पढ़ने वाली छात्राओं को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है ।जबकि विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह और बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी ने जन वितरण प्रणाली में ग्रामीणों से प्राप्त हो रहे गड़बड़ियों का मामला उठाते हुए प्रखंड प्रशासन से राशन वितरण में की जा रही कटौती को तत्काल रोक लगाएं जाने की मांग उठाते हुए कहा कि जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के द्वारा लाभुकों को जो राशन दिया जा रहा है प्रति कार्डधारी एक-से -दो किलोग्राम राशन की कटौती की जा रही है जो न्याय संगत नहीं है। अगर इस पर अंकुश नहीं लगाया जाता है तो उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी दी जाएगी। सीओ सह एमओ सतीश कुमार सिन्हा कहें कि राशन कटौती कि जनकारी नहीं है इसकी शिकायत लाभुकों द्वारा मिलते ही त्वरित कारवाई कि जाएगी। बैठक में सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार व कई सदस्यों ने कई विभागो से जुड़े मसले उठाए। इस अवसर पर,प्रभारी चिकित्सक एसके रवि,थाना प्रभारी सुधांशु कुमार,प्रधान सहायक रामानुज शुक्ल,पंचायती राज प्रवेक्षक विक्रांत चौधरी,सहायक राहुल प्रकाश सहीत सभी पंचायत सेवक,रोजगार सेवक व कर्मी उपस्थित थे।

## बीडीओ ने स्वयंसेवकों के साथ बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने सभी स्वयं सेवकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ ने सभी स्वयं सेवकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य ससमय पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन त्वरित गति से होना चाहिये। उन्होंने कहा कि किसी भी पंचायत में किसी भी प्रकार के पेंशन का एक भी लाभुक नही छूटें,पेंशन के लिये किसी भी लाभुक को प्रखंड कार्यालय का चक्कर नही लगाना पड़े तथा सावित्री बाई फुले बालिका समवृद्धि योजना के तहत कोई भी बालिका नही छूटे इस



बात का ख्याल हरहाल में रखा जाना चाहिये. उन्होंने कहा कि आप सभी लोग गांव के लोगो को आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के लिए प्रेरित करें। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह, स्वयंसेवक संगीता देवी,जय प्रकाश कुमार, विपिन कुमार, सत्येन्द्र कुमार, मालती देवी,रजनीश कुमार, अम्बिका प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### लाभुक को मिला दो लाख की सहायता राशि



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक राजवाडीह के शाखा प्रबंधक द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति के तहत पोखरहा खुर्द के प्रमिला देवी को नॉमिनी के रूप में दो लाख का चेक दिया गया। मौके पर प्रबंधक स्नेहा कुमारी ,उपशाखा प्रबंधक निखिल जेएसएलपीएस से राजन और बैंक सखी ललीता, और संजय कुमार मेहता,मौजूद रहे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति के तहत बीमा कराने वाले व्यक्ति के निधन होने के बाद उसके नॉमिनी को सहायता राशि दी जाती है।

### प्रतिमा लगाने को लेकर नगर आयुक्त को दिया आवेदन

**मेदिनीनगर।** झारखंड जनक्रांति मोर्चा (ज) के अध्यक्ष राकेश पासवान के द्वारा मंगलवार को नगर आयुक्त को शहर के टाउन हॉल के पास स्वर्गीय जोरावर राम पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री का आदम कद प्रतिमा एवं चौक का नामकरण के लिए आवेदन दिया गया ।उन्होंने बताया कि जोरावर राम पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री रह चुके हैं। बिहार के साथ–साथ वे झारखंड का भी नेतृत्व दलित ,आदिवासी, सामाजिक समीकरण के नेता भी रह चुके हैं। उनकी कार्यप्रणाली पलामू के लिए प्रशंसनीय है। उन्होंने सांसद जोरावर राम की आदमकद प्रतिमा एवं चौक का नामकरण नगर निगम के गजट में लाकर प्रस्ताव द्वारा आदेश करने की मांग की है।


### सेवानिवृत्त शिक्षक विक्रमा दुबे का निधन

**नावा बाजार।** प्रखंड स्थित बसना पंचायत के बड़का बन निवासी विक्रमा दुबे का एनएच 75 पर घर जाने के क्रम कार से धक्का लग गया था। जिसमें वे बुरी तरह जख्मी हो गए थे। आनन–फानन में उन्हें मेदिनीनगर के पीएमसीएच में भर्ती कराया गया था। जहां स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने उन्हे रांची रेफर कर दिया था । जहां रांची के मेडिका हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान सात दिन के बाद उनकी मौत हो गयी।

### विधायक ने एलआईसी प्रीमियम कलेक्शन सेंटर का किया उद्घाटन

**मेदिनीनगर।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा का ऑथराइज प्रीमियम कलेक्शन सेंटर डाल्टनगंज के अमला टोली में किया गया। इसका विधिवत उद्घाटन हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह व वरिष्ठ मंडल प्रबंधक जमशेदपुर ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि केजरीवाल कंपलेक्स अमला टोली मेदिनीनगर में एलआईसी का प्रीमियम कलेक्शन सेंटर खुल जाने से एलआईसी के बीमा धारकों को लंबी लाइन से छुटकारा मिल जायेगा। बीमा धारकों का प्रीमियम जमा करने में भीड़ के कारण दिन दिन भर का समय बर्बाद होता था। बीमा धारकों की समस्या को देखते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम ने विभिन्न जगहों पर प्रीमियम कलेक्शन सेंटर देने का निर्णय लिया है, जो सराहनीय है। मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

### सीता प्लस टू उच्च विद्यालय से डीवीआर, प्रोजेक्टर सहित नगद राशि की चोरी



**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के एनएच 98 किनारे स्थित सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने दो कमरे का ताला तोड़कर सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर तथा आईसीटी लैब का प्रोजेक्टर तथा 10 हजार नगद राशि की चोरी कर ली। प्रधानाचार्य गोपाल शरण राणा ने बताया कि सुबह 9 बजे जब वे विद्यालय में पहुंचे तो कई कमरे का ताला टूटा हुआ देखा। कमरे में देखने के बाद 5 अलमीरा तथा चार बॉक्स का ताला तोड़ा हुआ पाया गया। उक्त आलमीरा तथा बॉक्स में रखे सभी कागजात तितर–बितर पड़ा हुआ देखा गया। तहकीकत करने के बाद सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर तथा आईसीटी लैब का प्रोजेक्टर आलमीरा में रखें कक्षा 9 तथा 11 की पंजीयन शुल्क की राशि करीब 10 हजार चोरी पायी गयी। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दिया गया। वही घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने विद्यालय में आकर छानबीन किया। ज्ञात हो कि पिछले दिनों प्रखंड तथा अंचल कार्यालय का भी ताला तोड़कर चार प्रिंटर की चोरी हुई थी।

### अपना वादा पूरा कर रही है सरकार: बिट्टू

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के ओड़नार पंचायत मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार अंतर्गत 18 अक्टूबर को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि राज्य सरकार अपने वादों को पूरा कर रही है । कोई भी जनप्रतिनिधि क्षेत्र में जाकर सरकार की उपलब्धियों को आसानी से बता सकता है । सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से घर–घर जाकर अधिकार योजना का लाभ देने का काम सरकार कर रही है ,आगे बिट्टू पाठक ने कहा कि आने वाले दिनों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का बेहतर परिणाम देखने को मिलेगा । विकास के कारण जनता की उम्मीद महागठबंधन सरकार से बढ़ती जा रही है । सरकार भी जनता की उम्मीदों पर लगातार खरा उतरने का काम कर रही है। पुरानी पेंशन स्कीम लागू कर झारखंड सरकार ने इतिहास बनाने का काम किया है । साथ ही साथ इस स्कीम को लागू कर केंद्र सरकार को चुनौती देने का काम किया है । केंद्र सरकार को भी मजदूरों के हित में पुरानी पेंशन स्कीम को शीघ्र लागू कर देना चाहिए। पलामू जिला के सभी पंचायतों में आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के तमाम प्रखंड अध्यक्ष मौजूद रहेंगे । जरूरतमंदों को मदद पहुंचाने के लिए क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है वह करती है । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरवर मिंज मुखिया स्मृति देवी, पंचायत समिति सदस्य सुमन देवी,प्रखंड प्रभारी राजेश चौरसिया, प्रखंड अध्यक्ष सुनील दुबे ,दयाशंकर तिवारी, एमओ रजनीकांत पांडे, जीपीएस राधेश्याम राम, पंचायत सचिव रविंद्र सिंह,सहित कई लोग उपस्थित थें।

# सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हर वर्ग के लोगों को मिल रहा लाभ:आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत पदाधिकारी आमलोगों के समक्ष उपस्थित होकर सरकार की योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जागरूक किया जा रहा है, ताकि योजनाओं का लाभ लेकर लोग मजबूत हो सकें। यह बातें आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कही। वे आज 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड के लेस्लीगंज पंचायत भवन में आयोजित शिविर में बोल रहे थे। आयुक्त ने कहा कि 'आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत लगाए गए शिविर में कई बालिकाओं को लक्ष्मी लाडली योजना के तहत पहले किस्त के रूप में 6,000 प्रदान किये गये। यह पैसा बालिकाओं को उच्च शिक्षा में मदद करेगा। साथ ही महिला सशक्तिकरण को मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि इसी तरह से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से किशोरियों की उम्मीदों को पंख लग रहा है। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य बालिका शिक्षा पर जोर देना एवं बाल विवाह प्रथा का अंत करना एवं महिला सशक्तिकरण पर बल देना है। आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ लेकर लोग कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में रोजगार सृजन कर सकते हैं। उन्होंने फूलो आशीर्वाद अभियान की चर्चा करते हुए कहा कि इस योजना का लाभ लेकर महिलाएं सशक्त हो रही हैं। जो महिलाएं हड़िया दारू बेचने का कार्य करती थी, वे आज इस अभियान से जुड़कर रोजगार के रास्ते अपना रहे हैं। वहीं सर्वजन पेंशन योजना से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। बिरसा किसानों के लिए केसीसी वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि केसीसी का लाभ किसान भाई कृषि कार्य में कर रहे हैं। आयुक्त ने कहा कि 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत लगाए जा रहे शिविर लोगों के लिए बेहतर अवसर है। शिविर के तहत विभिन्न स्टॉल लगाकर लोगों की समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किया गया। वहीं निष्पादन योग्य मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। शिविर में मनरेगा, श्रम कार्ड, पशुपालन, जेएसएलपीएस, राजस्व विभाग के स्टॉल लगे थे। राशन कार्ड को आधार से लिंक किया जा रहा था। वहीं वोटर कार्ड को भी आधार से लिंक किए जाने से संबंधित कार्य किये गये। मौके पर आयुक्त एवं अन्य अतिथियों द्वारा बालिका नाजिश परवीण, पलक परवीण,, लक्ष्मी कुमारी, जैनब कमर, साक्षी को लक्ष्मी लाडली योजना के तहत पहले किस्त के रूप में 6 हजार दिये गये। साथ ही कई लाभुकों को सर्वजन पेंशन योजना स्वीकृत करते हुए स्वीकृति पत्र दिया गया। वहीं लाभुकों को मनरेगा जॉब कार्ड उपलब्ध कराए गए। मनरेगा एवं 15 वें वित्त आयोग के अभिसरण से ग्राम पंचायत लेस्लीगंज के मध्य विद्यालय, लेस्लीगंज में पोटो हो खेल मैदान एवं चेंजिंग रूम का निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया। शिविर मे प्रशिक्षु आईएएस विसपुते श्रीकांत यशवंत, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार साह, प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार, अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, मुखिया रेखा देवी सहित अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पलामू आरडीडीई ने तीन विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू आरडीडीई शिव साह ने गढ़वा जिले के तीन विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोसांग, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कांडी व राजकीय कृत जमा दो उच्च विद्यालय कांडी का नाम शामिल है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में विधि-व्यवस्था व शिक्षकों की दायित्व का पालन में भारी अनियमितता पाई गई। वर्ग 6 में जाकर छात्राओं से पूछे जाने पर पता चला कि मेन्यू के अनुसार छात्राओं को नास्ता व भोजन की व्यवस्था नहीं दी जाती है। वहीं मध्य विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि विद्यालय में एमडीएम करने वाले बच्चों की कुल संख्या 828 है। जिसमें 15 प्रतिशत बच्चे मध्यान भोजन किए बिना ही घर चले जाते हैं। जिसे लेकर आरडीडीई ने पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यपक अरविंद कुमार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों के भोजन के लिए थाली हेतु अलग से राशि आता है। किस कारण से थाली की खरीद नहीं की गई । यह जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि हम तो बिना रूटीन चार्ट के पहुंचे हैं, किन्तु दो-चार दिन के भीतर ही डीओ, डीएसई, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, बीपीओ, सीआरपी व सीआरसी के साथ पहुंचकर सम्बन्धित विषयों पर चर्चा करते हुए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, राजकीय कृत जमा दो उच्च विद्यालय को पूर्ण रूप से जांच कर दोषी पाए के बाद अधिकारी-पदाधिकारी व प्रभारी प्रधानाध्यपक या वार्डन पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका विद्यानि बाखला, रामप्रसाद पाठक, अरविंद कुमार, मोहम्मद समी अहमद, दुर्गेश दुबे, उमेश कुमार गुप्ता, राजू रंजन, उदय राम सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थें।

## पलामू जिला यूथ कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला यूथ कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यकारिणी की बैठक18 अक्टूबर को किया गया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पलामू प्रभारी कृतिका त्रिपाठी मौजूद थी । कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष परवेज अली उफ मुन्ना खान ने किया । मौके पर पलामू जिला प्रभारी कृतिका त्रिपाठी ने कहा कि आज देश एक विभाजनकारी नीति के तरफ जा रहा है। जिससे देश के प्रधानमंत्री सिर्फ अपने पूंजीपति दोस्तों को और अमीर करना चाह रहे हैं , गरीब और गरीब होते जा रहा है। इस मौके पर पलामू जिला अध्यक्ष परवेज अली उर्फ मुन्ना भाई ने कहा कि आज हमारे नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा को लेकर निकले हैं, यह यात्रा देश की अखंडता को बनाए रखने के लिए निकाला गया है । उन्होंने यूथ कांग्रेस के दो कार्यक्रम एक भूत छोड़ो और दूसरा भारत जोड़ो कार्यक्रम सभी प्रखंड में कराने का आह्वान किया। मौके पर विश्रामपुर विधानसभा अध्यक्ष गुलाम नबी , जिला महासचिव साकेत आनंद ,जिला उपाध्यक्ष कैसर अली, जिला उपाध्यक्ष आशीष चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जेएसएससी ने निकाला प्रमाण पत्रों के जांच की तिथि

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दो अगस्त को पारित आदेश के आधार पर हाई स्कूल शिक्षकों की रुकी हुई नियुक्ति प्रक्रिया फिर से शुरू की है। इसके तहत आयोग ने सोमवार की शाम भूगोल और संथाली विषय के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। इन अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र की जांच 17 से 21 नवंबर तक दो पालियों में होगी। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने सिविल अपील संख्या 4038/2022 झारखंड राज्य मामले में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2016 में गठित राज्य स्तरीय मेघा सूची के आधार पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने को कहा है। इसके तहत 390 अभ्यर्थियों को भूगोल में और संथाली विषय मे 36 अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच के लिए बुलाया गया है। आयोग के अनुसार प्रमाण पत्रों की जांच के लिए आमंत्रित किया जाना उम्मीदवार का अंतिम चयन नहीं है। आवश्यकता अनुसार के विरुद्ध मेघा सूची में अंकित अनुक्रमांक से अन्य अभ्यर्थियों को भी प्रमाण पत्रों की प्रारंभिक जांच हेतु आमंत्रित कर सकता है। वैसे अभ्यर्थी जो किसी कारण निर्धारित तिथि को प्रमाण पत्रों की जांच के लिए नहीं आ सकेंगे। उन्हें 25 नवंबर को इसके लिए अंतिम अवसर प्रदान किया जायेगा। वही,मंगलवार से आयोग में हिंदी विषय के शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच शुरू किया गया। दो पालियों में अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र की जांच शुरू किया गया। प्रमाण पत्रों की जांच 21 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

## सभी घरों में 2024 तक नल से पहुंचेगा गुणवत्तापूर्ण जल : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जल जीवन मिशन के तहत जिले में पेयजल गुणवत्ता बनाये रखने व पानी के बेहतर रख-रखाव से संबंधित मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ब्लू बर्ड्स होटल में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे,सांसद व विधायक प्रतिनिधियों द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि आज के दौर में पेयजल का महत्व बताने की आवश्यकता नहीं है । बस सभी को इतना समझ होना चाहिए कि शुद्ध पेयजल के बिना जीवन की परिकल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य 2024 तक जिले के प्रत्येक घर को नल से जल पहुंचाने का है । जिसमें आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि जहां स्वच्छता होगी, वहां उन्नत होना लाजिमी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल से हमारे बच्चों का भविष्य भी उज्जवल होगा। उन्होंने कार्यशाला में आये जनप्रतिनिधियों से सभी बातों को ध्यान पूर्वक सुनने व उसे अपनी गांवों में अमल करने की अपील की। वहीं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता आशुतोष कुमार ने बताया कि जिले में 3 लाख 63 हजार घर में टैप वाटर के माध्यम से जल पहुंचाने का लक्ष्य है। जिसमें से अबतक 52 हजार घरों में नल से जल पहुंचाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जल जीवन मिशन के बारे में राज्य स्तर से आये यूनिसेफ के कंसलटेंट ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कार्यशाला में बताया गया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की दूसरी योजना स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के तहत जिले के 267 पंचायत को 1 स्टार में मार्क कर दिया गया है,साथ ही वित्तीय वर्ष 22-23 में गोबर्धन,प्लस्टिक शेड एवं माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के तहत भस्मक के निर्माण कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर पलामू व सांसद प्रतिनिधि,सभी विधायक प्रतिनिधि,अधीक्षक अभियंता, सहायक अभियंता,कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के डीपीएम अश्विनी ओझा,कई बीडीओ,जल सहिया समेत अन्य उपस्थित रहे।

## आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार शिविर में आए कुल 9587 आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इन दिनों जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को 11 पंचायतों,नगर पंचायत हुसैनाबाद के दो वार्डों में शिविर लगाया गया। इन शिविरों में कुल 9587 आवेदन प्राप्त हुए । जिसमें से 5390 का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया।

**शिविर में अन्य योजनाओं से किया गया लाभान्वित**

आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में अलग-अलग प्रखंडों में अलग-अलग योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये। इस दौरान किसी लाभुक को कंबल वितरण,तो किसी वृद्ध का पेंशन स्वीकृति,किसी को जॉब कार्ड,बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत चेक प्रदान किया गया। इसी तरह अन्य लाभुकों को अलग-अलग योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

**बुधवार को इन स्थानों पर आयोजित होगा कार्यक्रम**

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 19 अक्टूबर को हुसैनाबाद के लोटनीय, छत्तरपुर के नौडीहा, पांडू के कुटमु, ऊंटारी रोड के मुरमाखुर्द, विश्रामपुर के केतात कला, चैनपुर के बांसडीह, रामगढ़ के चोरहट, सदर मेदिनीनगर के चियांकी, पाटन के नौडीहा, मनातू के नावडीहा, तरहसी के उदयपुरा-1, नीलाम्बर- पीताम्बरपुर के कुराईन पतरा, सतबरवा के रेवारातू, पांकी के होटाई पंचायत में शिविर लगाया जायेगा। यह शिविर स्थानीय पंचायत भवन में लगाया जायेगा। इसके अलावे नगर निगम मेदिनीनगर के वार्ड संख्या 17 व 18 के लाभुकों के लिए आईटीआई के पास रांची रोड रेड़मा, नगर पंचायत हरिहरगंज के वार्ड संख्या 05 व 08 के लाभुकों के लिए सीता+2 उच्च विद्यालय हरिहरगंज, छतरपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या 05 व 06 के लाभुकों के लिए पंचायत भवन रामगढ़ में शिविर का आयोजन कर आमजनों को लाभान्वित किया जायेगा।

## जेडआरएस ने कृषकों को दिया प्रशिक्षण, बीज का हुआ वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र (जेडआरएस), चियांकी के निक्रा परियोजना के अंतर्गत गढ़वा जिले के चिरौंजिया एवं सरेह गांव के कृषकों को आज प्रशिक्षण दिया गया। जेडआरएस सभागार में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों के बीच बीज का भी वितरण किया गया। क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. डीएन सिंह ने प्रशिक्षण के दौरान गेहूं, चना तीसी एवं सरसों की वैज्ञानिक खेती के बारे में कृषकों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने कृषकों को चना और तीसी की खेती की तकनीकी पहलुओं के बारे में बताया कि कैसे कम पानी में खेती कर अच्छे उत्पादन ले सकते हैं। निक्रा परियोजना के सहायक अभिषेक पटेल ने गेहूं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गेहूं के खेत में कब-कब पानी देना चाहिए। बीज वितरण कार्यक्रम में गेहूं के प्रभेद डीबीडब्लू, जिसे करण बंदना के नाम से जाना जाता है, दिया गया। मुख्य वैज्ञानिक ने बताया कि यह गेहूं पूरे देश में सबसे ज्यादा उत्पादन देने वाला प्रभेद है। यह प्रति हेक्टेयर 60 से 75 क्विंटल उत्पादन देता है। इसके साथ-साथ चना में पूसा-3043 बीज का वितरण किया गया, जो 15 से 20 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन देता है। यह पलामू एवं गढ़वा जिले के लिए ज्यादा उपयुक्त है। इसके साथ-साथ तीसी का प्रियम प्रभेद तथा सरसों का शिवानी प्रभेद कृषकों के बीच दिया गया। प्रशिक्षण एवं बीज वितरण के समय संस्थान के अजय ठाकुर, रामचंद्र महतो, मुकेश कुमार, श्रवण यादव उपस्थित थे। वहीं चिरौंजिया गांव के प्रगतिशील किसान रामजी, महावीर, संगीता देवी, विमला देवी, कुंता देवी, रमेश राम एवं सरेह गांव के कुलदीप महतो, श्याम कुमार, बृजलाल, विकेश महतो आदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी अंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर लोगों की फरियादें सुनी तथा संबंधित पदाधिकारियों को इसके समाधान हेतु निर्देशित किया। आज के जनता दरबार में 40 से अधिक फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी। जनता दरबार में आए लोगों से उन्होंने कहा कि आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार कार्यक्रम सभी ब्लॉकों में शुरू है । इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आप अपने निकटतम प्रखंड मुख्यालय में अवश्य जाएं और शिविर के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। आज के जनता दरबार के दौरान लोगों ने बिजली, पेयजल, पेंशन, मकान निर्माण, जमीन, राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन और गली निर्माण से संबंधित समस्याएं रखी। जिसे उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को 15 दिनों के अंदर समस्याओं का समाधान करने व उनकी पालन रिपोर्ट सूचना भवन में भेजने के निर्देश दिए।

**डीटीओ अपने कर्मियों के कार्यों पर रखे नजर :** आज के जनता दरबार में आये लोगों ने परिवहन विभाग की शिकायत करते हुए कहा कि वहां पर लोगों को ड्राइवरी लाइसेंस संबंधित परेशनियों का सामना करना पड़ता है। वहां के कर्मी लोगों के साथ सही बर्ताव नहीं रखते है। लोगों के इस तरह की शिकायतों पर उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी से बात करते हुए कहा कि वे अपने कर्मियों के कार्यों पर नजर रखें तथा इस तरह की शिकायतें दोबारा ना सुनने को मिले। नीलांबर-पीतांबरपुर (लेस्लीगंज) के बोहिता से आये इमतेयाज अंसारी ने उपायुक्त के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि वे 2002 से वन विभाग में बतौर दैनिक मजदूर कार्य कर रहे है एवं वर्ष 2018 में वन विभाग के अधीन चतुर्थवर्गीय नियुक्ति प्रक्रिया में मेघा सूची में आने के बावजूद नियुक्ति से वंचित किए जाने संबंधित मामले से उपायुक्त को अवगत कराया । उन्होंने उपायुक्त से आवश्यक कार्रवाई करने हेतु अनुरोध किया। उनके इस आवेदन को उपायुक्त ने वन प्रमंडल पदाधिकारी को अग्रसारित करते हुए निर्देशित किया। वही मोहम्मदगंज से आये औरंगजेब साह ने बताया कि वे अत्यंत गरीब परिवार से आते हैं तथा उन्हें प्रधानमंत्री आवास आवंटित हुआ था । किन्तु यह कह कर काट दिया गया कि उनका पक्का मकान है। अतः उन्होंने उपायुक्त से अपने मकान की जांच कराते हुए प्रधानमंत्री आवास देने की बात कही। विश्रामपुर सीएससी से आए अनुबंध कर्मियों ने अपना आवेदन उपायुक्त के समक्ष देते हुए कहा कि उन्हें पांच माह से मासिक वेतन नही मिला है और वेतन नहीं मिलने की वजह से उन्हें आर्थिक परेशानियों से सामना करना पर रहा है। सभी अनुबंध कर्मियों ने अपना वेतन भुगतान कराने की बात उपायुक्त के समक्ष रखी। जिसे उपायुक्त ने सिविल सर्जन को अग्रसारित करते हुए निर्देशित किया। दूसरी तरफ चियांकी से आये सुदेश्वर विश्वकर्मा ने अपना आवेदन देते हुए उपायुक्त को कहा कि उनके खतियानी जमीन को अवैध रूप से डिमांड खुलवाकर जबरदस्ती कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया कि जमीन की जांच पड़ताल कराते हुए अवैध रूप से खोले गए डिमांड को रद्द कराकर उनके नाम से डिमांड खुलवाने की कृपा करें। उपायुक्त ने उनकी इस आवेदन को सदर एसडीओ को अग्रसारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया।

## न्यूज गैलरी

### बानो अंचलाधिकारी ने सभी किसानों को केवाईसी कराने के दिए निर्देश

**बानो।** बानो प्रखंड के कई किसानों द्वारा के वाई सी नही कराने के कारण किसानों समय पर खाता में रकम बिभाग द्वारा नही भेजा सका है अंचलाधिकारी बानो स्मृति कुमारी ने ग्रामीणों से अपील की है कि जो किसान अब तक केवाईसी नहीं कराए हैं वैसे किसान प्रखंड के विभिन्न पंचायत में आयोजित होने वाले आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आ कर निशुल्क के वाई सी करा लें मालूम हो कि अब तक बानो प्रखंड के 557 किसानों ने अब तक केवाईसी नही कराये है। किसान अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र जल्द केवाईसी करा ले। मालूम हो कि एक बार केवाईसी हो जाने के बाद किसानों के खाते में स्वतः राशि आता रहेगा।

### क्रिसमस गैदरिंग को लेकर कंबाइंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन ने की बैठक



**सिमडेगा।** सिमडेगा परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में क्रिसमस गैदरिंग को लेकर कंबाइंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के पदाधिकारियों के द्वारा बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक बसंत कुमार लौंगा के द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिमडेगा में धूमधाम के साथ क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन सह मेला महोत्सव किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में क्रिसमस गैदरिंग एवं मेला का आयोजन किया जाएगा जिसको लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई साथ ही कहा गया कि इस बार भी पिछले वर्ष की भांति धूमधाम के साथ आयोजन की जाएगी और जिसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। मौके पर मुख्य रूप से पतरस एक्का, अनिल खेस, विशाल तिर्की, वरदान लकड़ा, प्रताप बाड़ा, नवीन वीरेन तिर्की, शशि सिमोन बाड़ा, अनूप लकड़ा सन्दीप मिंज, राजकुमार रौतिया मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### दो अलग-अलग स्थानों के तीन अभियुक्तों पर प्राथमिकी दर्ज

**कैरो / लोहरदगा।** कैरो थाना पुलिस द्वारा कोर्ट कंप्लेन पर दो अलग-अलग स्थानों के तीन अभियुक्तों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम कोर्ट परिवाद संख्या 17/22 के आदेश पर न्यू रोड लोहरदगा निवासी तफेजुल अंसारी उर्फ एनाम, रशीद अंसारी व रांची के पिठोरिया थाना क्षेत्र के ओएना निवासी इमरान अंसारी पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। कैरो थाना पुलिस ने कांड संख्या 46/22 भादवि की धारा 376 पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। दो अभियुक्तों के विरोध में पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है जबकि अभियुक्त के पिता रशीद अंसारी के विरुद्ध केस को दबाने के लिए पीड़िता के परिवार वालों के ऊपर दबाव बनाने का आरोप है।

### कैरो थाना में डायन-बिसाही का मामला दर्ज

**कैरो/लोहरदगा।** कैरो थाना क्षेत्र के कैरो बिराजपुर निवासी चुमनी उरांव पति रंथु उरांव ने कैरो थाना में लिखित आवेदन देकर अपने गांव के ही रुकमणी उरांव पति अंगनु उरांव पर डायन बिसाही कहने को लेकर मामला दर्ज कराया है। अपने लिखित आवेदन में कहा है कि लगातार रुकमणी उरांव के द्वारा जान से मारने का धमकी दिया जाता है। साथ ही डायन बिसाही कह कर प्रताडित किया जाता है। कैरो थाना मामले पर संज्ञान लेते हुए कांड संख्या 45/22 धारा 504, 506 भादवी 3/4 डायन प्रथा दर्ज कर आगे के करवाई में जुट गई।

### पत्नी से दिल्ली मिलने गया युवक रास्ते से हुआ लापता, परिजन परेशान

**कुरडेग।** कुरडेग प्रखंड के गडियाजोर पंचायत के सरार गांव निवासी दिलजन भुइंहर पत्नी से मिलने दिल्ली गया था इसी बीच रास्ते से लापता हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सरार गांव निवासी दिलजन की पत्नी संगीता देवी दिल्ली में काम करती है। विगत 11 अक्टूबर को दिलजन ट्रेन से दिल्ली अपनी पत्नी को लाने गया था। लेकिन पत्नी को छुट्टी मिलने में लेट होने की बात सुनकर वह स्वर्ण जयंती ट्रेन से वापस कुरडेग लौटने लगा। लेकिन वह कुरडेग नहीं पंहुचा।बताया गया कि दिलजन के मोबाइल नंबर 9155539624 पर शनिवार तक बात हुआ तब वह ट्रेन में हीं था। लेकिन रविवार से उसका फोन स्वीच ऑफ बता रहा है। उसे रविवार को घर लौट आना था। लेकिन सोमवार शाम तक वह घर नहीं पंहुचा। इधर उसके घर नहीं लौटने से घर वाले किसी अनहोनी की आशंका से घबरा रहे हैं। परिजनों ने बताया कि दिलजन दिमाग से कुछ कमजोर भी है। घरवालों ने प्रशासन से दिलजन को खोज निकालने की गुहार लगाई है।

### बानो में विशेष कैंप लगाकर 1 से 10 वर्ष के बच्चो का खोला गया खाता



**बानो।** राजकिय मध्य विद्यालय बानो परिसर में मंगलवार को बैंक द्वारा कैम्प लगाकर कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियो के बैंक खाता खोलने का कार्य बीपीओ निर्मल लिंडा द्वारा शुरू कराया गया। मालूम हो कि विगत वर्ष से ही प्रखंड के सभी स्कूलों में बच्चो का बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया चल रही है लेकिन अभी भी के बच्चो के बैंक खाता नही खुलने से कई सरकारी योजनाओं के लाभ से बंचित रह जा रहे है। वर्तमान में सरकारी निर्देशानुसार सभी योजनाओ की राशि बच्चो के खाते में ही भेजने का प्रवधान है। प्रखंड के सभी स्कूलों में बैंक खाता खुलने का दबाव है लेकिन बैंक द्वारा खाता खोलने की प्रक्रिया इतनी लंबी है की शिक्षक अविभावक एवं बच्चो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी आलोक में बीपीओ निर्मल लिंडा के नेतृत्व में बैंक द्वारा संचालित प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से मध्य विद्यालय बानो परिसर में केम्प लगाकर खाता खोलने का कार्य शुरू कराया, उन्होंने बताया कि कक्षा 1 से 10 तक के सभी स्कूली बच्चों का बैंक खाता खोलना आवश्यक है। जिससे बच्चो को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सके। केम्प में कुल 7 बच्चो के बैंक खाता खोला गया। मध्य विद्यालय बानो के प्रधानाचार्य स्मिथ कुमार सोनी एसएस प्लस 2 के प्रधानाचार्य अनंत कुमार पंडा, रिसोर्स शिक्षक बृज मोहन पाल एवं अन्य शिक्षकों ने सहयोग रहा।

---

जिले के दो प्रखंडों में आयोजित हुआ आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम

# राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ योग्य छात्राएं लगे स्टाल में आवेदन देकर प्राप्त करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राज्य सरकार द्वारा दिये गये आदेश के आलोक में मंगलवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन लोहरदगा जिले के दो प्रखंडों में आयोजित किया गया। कुडू प्रखंड में यह कार्यक्रम जिमा पंचायत भवन के सामने मैदान में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उप प्रमुख सहित अन्य पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा मनरेगा अंतर्गत 25 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, का लाभ योग्य छात्राएं लगे स्टाल में आवेदन देकर प्राप्त करें। स्वरोजगार के लिए युवक युवतियां मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में आवेदन देकर ऋण प्राप्त कर स्वरोजगार से जुड़ सकते हैं। फूलो झानो आशीर्वाद अभियान जुड़कर महिलाएं आत्मसम्मान से जी सकती




हैं। जितने भी स्टॉल यहां लगे हैं उनके सभी जानकारी स्टॉलों में जाकरआप प्राप्त कर लाभ ले सकते हैं। मौके पर सांकेतिक रूप से चार छात्राओं को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत पांच-पांच हजार रुपये दो छात्रों को तथा ढाई-ढाई हजार रुपये दो छात्राओं को अनुदान राशि, चार लोगों को सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्थापेंशन योजना से एक तथा तीन को विधवा पेन्सन का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। सांकेतिक रूप से 25 लोगों को कम्बल एवं दो लोगों को आम्बेडकर आवास एवं प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृत प्रदान की गई। शंखधारा महिला विकास मंडल कुडू को सामुदायिक निवेश राशि रु 300000/तीन लाख का चेक प्रदान किया गया।आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने एलईडी स्क्रीन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जीवंत संदेश सुना व देखा जिसका सीधा प्रसारण कोडरमा जिला से किया जा रहा था। मुख्यमंत्री कोडरमा जिला में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। लोहरदगा जिला में अन्य आयोजित कार्यक्रम में पेशरार के तुईमु पंचायत में कार्यक्रमों में पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा योजनाओं, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, हरा राशन कार्ड, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, के0सी0सी0, प्री एवं पोस्ट- मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं सर्वजन पेंशन योजना की जानकारी दी गई। प्रत्येक पंचायत के कार्यक्रम में सभी योजनाओं के 16 स्टॉल लगाये गये थे।

### नुक्कड़ नाटक से भी जनजागरूकता अभियान चला

जिला जनसम्पर्क कार्यालय की ओर से जिमा पंचायत के कार्यक्रम में कुडुख कला केंद्र के कलाकारों द्वारा अनिता उरांव के नेतृत्व में गीत नाट्य प्रस्तुत किया गया वही तुईमु पंचायत कार्यक्रम में झारखंड के नावा मंजर के कलाकारों द्वारा गणेश लोहरा के नेतृत्व में गीत नाट्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## आगामी त्योहार को मद्देनजर फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से किया मिठाइयों की जांच

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** आगामी त्योहार के मदेनजर आमजन के स्वास्थ्य को देखते हुए सिमडेगा जिला स्थित सभी होटलों रेस्टोरेंट एवं सरकारी संस्थानों एवं गैर सरकारी संस्थाओं में मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के द्वारा खाद्य नमूने का जांच किया गया। मौके पर उपस्थित खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा के द्वारा बताया कि विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब द्वारा तुरंत नमूने का जांच कराया जाता है जिसके परिणाम स्वरूप आम लोगो को पता चल पाये कि खाद्य कारोबारियों द्वारा लोगो को खिलाये जा रहे भोजन की गुणवत्ता खाने योग्य है अथवा नही, राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला, नामकुम, रांची के जांच प्रतिवेदन के आलोक में मोबाइल फूड टेस्टिंग लेब द्वारा तत्काल जांच नमूने का जांच के क्रम में अवमानक पाये गये खाद्य प्रतिष्ठान के संचालक मालिक को अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा द्वारा एक मौका देते हुए सुधार करने हेतुं नोटिश निर्गत किया गया है। नोटिस में उक्त उल्लंघनकर्ता को सात दिनो का समय देते हुए सुधार करने हेतु अनुपालन प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को समर्पित करने का निदेश दिया गया है। इसके निमित ऐसा भी देखा जाता है कि त्योहार के आगमन होते ही खाद्य कारोबारी के द्वारा मिलावटखोरी बढ़ जाती है, जिससे वे ज्यादा मुनाफा कमाने के लिये आम लोगो को मिलावटी खाद्य पदार्थों का सेवन कराते है, अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा के द्वारा बताया गया कि फल कारोबारी ऐसा कोई भी रसायन का इस्तेमाल न करे जिससे फल खाने वाले व्यक्तियों के उपर स्वास्थ्य पर प्रतिकुल प्रभाव पड़े दिनांक 20 सितंबर को औचक छापामारी में कुच्छेक फल कारोबारकर्त्ता के भंडार गृह से ऐसे रसायन प्राप्त हुए थे जिसे गलत तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा था, जिसे अर्थदंड अधिरोपित करते हुए एक मौका दिया गया किन्तु भविष्य में यदि फल बिक्रेता के द्वारा इस तरह की घटना पर दोहरीकरण किया गया तो उक्त के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

---

एमएलए एसवीएम इंटर कॉलेज विद्वत परिषद की बैठक

## सड़क सुरक्षा व सामाजिक कुरीतियों पर जागरूकता अभियान चलाएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मंगलवार को विद्वत परिषद की बैठक बी एस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ लोहरा उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महाविद्यालय के विकास में विद्वत जनों की भूमिका पर चर्चा करते हुए सभी ने निर्णय लिया कि सड़क सुरक्षा और सामाजिक कुरीतियों पर जन जागरूकता अभियान महाविद्यालय द्वारा चलाया जाए। सभी ने कहा कि महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ विद्यार्थियों के चहुमुखी विकास के लिए विविध गतिविधियों का संचालन सराहनीय है। इन गतिविधियों में करियर काउंसलिंग, सड़क सुरक्षा पर जागरूकता, सामाजिक कुरीतियों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता अभियान, विद्वत परिषद से जुड़े विद्वानों द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन आदि भी मुख्य रूप से जोड़ने पर चर्चा की गई। मौके पर महाविद्यालय द्वारा आयोजित विविध गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले और तिमाही परीक्षा परीक्षा में टॉप तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर विद्वत परिषद सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से डॉक्टर कुमुद कुमार, डॉ प्रमोद कुमार पुजारी, अजय कुमार मित्तल, देवानंद महतो, विद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, विद्वत परिषद प्रमुख आचार्य प्रीति कुमारी गुप्ता एवं सह प्रमुख ऋद्धि मिश्रा एवं परीक्षा प्रमुख रश्मि साहू उपस्थित थे।

## एटीएम में चोरी करने के लिए चोरों ने सीसीटीवी कैमरे में लगाया गोबर

### रात्रि गश्ती में निकले पुलिसकर्मियों के कारण चोरी होने से बची एक्सिस बैंक का एटीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सीसीटीवी चोरों के लिए जी का जंजाल बन गया है। कई बार उनकी हरकत कैमरे में कैद हो जाती है। इससे वे पकड़े जाते हैं। लोहरदगा में चोरों ने एटीएम तोड़कर पैसा उड़ाने की योजना बनाई थी। फिर सीसीटीवी से बचने के लिए उन्होंने अजीबोगरीब हरकत की। यह घटना लोहरदगा ब्लॉक चौक का है। यह घनी आबादी वाला इलाका है। ब्लॉक चौक स्थित बैंक ऑफ इंडिया के नीचे एक्सिस बैंक का एटीएम लगा है। इसे तोड़कर चोरी करने के लिए चोर पहुंचे थे। उसने चोरी करने का भरपूर प्रयास किया। चोरी करने से पहले चोरों ने अपने चेहरे और साक्ष्य छिपाने के लिए सबसे पहले सीसीटीवी कैमरे में गोबर लगा दिया। फिर एटीएम को तोड़ने में लग गये। इसी दौरान रात्रि गश्ती में निकले पुलिसकर्मियों को आता देख चोर



भाग गए। पुलिस ने उनका पीछा भी किया लेकिन रात होने के कारण चोर भागने में सफल रहे। वही स्थानीय लोग एवं बैंक में काम करने वाले स्टाफ ने बताया कि चोरों को चोरी करते किसी ने देख लिया। इसके कारण वे चोरी में सफल नहीं हो सके। फिलहाल मामला जो भी हो चोरों द्वारा अजीबोगरीब तरीके को अपनाकर चोरी की घटना को अंजाम देने की बात की चर्चा पूरे शहर में जोरो पर है। लोगो का कहना है कि अगर रात्रि गश्ती पुलिस नहीं करती तो एटीएम में चोरी हो जाती। बताया गया कि एटीएम काउंटर घनी आबादी के बीच है। फिर भी चोरों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए एटीएम को क्षतिग्रस्त कर चोरी का असफल प्रयास किया। इधर स्थानीय लोगों ने बताया कि शहर में जुआ के साथ साथ खुलेआम गांजे की बिक्री हो रही है। यहां तक युवाओ को जुवा एवं गांजे की लत लग जा रही है जिसके कारण लोग गलती करने से परहेज नहीं करते हैं। वही गांजा बिक रहे किराना एवं गुमटियों के अगल बगल वाले पड़ोसियों के घर गांजा लेने के लिए रात विकार करते है परेशांन लेकिन बगलगीर जान कुछ नहीं बोल पा रहे हैं। बताते चले की लोहरदगा क्षेत्र में चोर बेखौफ होकर चोरी की घटना को लगातार अंजाम दे रहे हैं। पिछले दो माह में चोरी की कई बड़ी घटनाएं हुई है। इससे व्यापारी और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में लोहरदगा के खिलाड़ियों ने जीता दो सिल्वर समेत छः पदक



**लोहरदगा।** हजारीबाग में आयोजित 15-16 अक्टूबर को 8 वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दो सिल्वर और चार ब्रोंज पदक लोहरदगा के खिलाड़ियों ने जीता। इस प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला के 10 महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग लिए थे। जिसमें अंजली कुमारी और सृष्टि कुमारी ने सिल्वर मेडल जीता। वही मिताली उरांव, मनजीत कुमार, रिया कुमारी और होलिका कुमारी ने ब्रोंज पदक विजेता बने। लोहरदगा पहुंचे खिलाड़ियों का ताइक्वांडो संघ के सचिव अजय कुमार महतो ने स्वागत किया। वहीं पदक विजेता खिलाड़ियों को ताइक्वांडो संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

### ट्रक दुर्घटना के बावजूद बीमा की राशि नहीं मिलने पर उपभोक्ता फोरम की मदद से मिली न्याय

**सिमडेगा।** सिमडेगा की विजेता अग्रवाल नामक महिला को ट्रक दुर्घटना के बावजूद ओरिएंटल कंपनी द्वारा बीमा राशि नहीं देने की शिकायत पर उपभोक्ता फोरम के माध्यम से न्याय मिली है। जानकारी देते हुए उपभोक्ता फोरम आयोग के अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2016 में विजेता अग्रवाल पति पंकज अग्रवाल कि ट्रक उड़ीसा के बड़गांव में दुर्घटना हो गई थी और ट्रक ओरिएंटल कंपनी द्वारा बीमा से पंजीकृत थी। दुर्घटना के पश्चात जब पीड़िता द्वारा कंपनी के समक्ष बीमा की राशि के लिए गुहार लगाई तो कंपनी ने तकनीकी सहित अन्य प्रकार की पहलुओं की हवाला देते हुए राशि देने से इनकार कर दिया। इधर राशि नहीं मिलने पर विजेता अग्रवाल ने उपभोक्ता फोरम का दरवाजा खटखटाया और न्याय की गुहार लगाई। जिसके बाद उपभोक्ता फोरम आयोग में 6 वर्षों तक मामला चलने के बाद बीमा कंपनी के द्वारा बी एस अग्रवाल को 1644524 रुपये की बीमा राशि एवं 06 वर्षों की विलंब शुल्क 18 प्रतिशत के दर से भुगतान करने का निर्देश दिया है वहीं तमाम दलीलें अधिवक्ता बृजभान अग्रवाल के द्वारा किया गया।

## उपायुक्त स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। उन्होने बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत संचालित सभी कार्यक्रमों का वित्तीय एवं भौतिक समीक्षा करते हुए कई आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, संस्थागत प्रसव, टीवी, एम.टी.सी., हिमोग्लोबिन टेस्ट, मलेरिया टेस्ट सहित अन्य कार्यों की पीपीटी के माध्यम से समीक्षा की। उन्होने ए.एन.सी. चेकअप एवं संस्थागत प्रसव शप्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को प्रखंड के स्वास्थ्य टीम के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा करते रहने का निर्देश दिया। कुपोषण उपचार केन्द्र की समीक्षा के क्रम में स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण को समन्वय स्थापित करते हुए कुपोषित बच्चों का एम.टी.सी. के माध्यम से उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावे अन्य महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सदर अस्पताल के डॉक्टर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डीपीएम, बीपीएम व अन्य उपस्थित थें।

## एसडीओ ने विधि व्यवस्था को लेकर प्रखंड कार्यालय में चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित स्थानीय लोगों के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधि व्यवस्था को ले एसडीओ महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क किनारे स्थित सभी दुकानदारों, बैंकों से सड़क को कवर करते हुए सीसीटीवी लगाने की अपील की गई। एसडीओ ने चैंबर ऑफ कॉमर्स और बैंक प्रबंधकों से धनतेरस से पूर्व सीसीटीवी लगाने बात कही। उन्होने कहा कि सीसीटीवी का फोकस सड़क की ओर होना चाहिए ताकि आने जाने वाले पर नजर रखा जा सके। एसडीओ ने सभी लोगो से अपने समाजिक दायित्व का निर्वाह करने की अपील की। उन्होने कहा कि जिले के शांतिपुर्ण माहौल के लिए सभी का सहयोग जरुरी है। विधि व्यवस्था को ले अन्य कई



विंदुओं पर भी एसडीओ के द्वारा दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर बैंक प्रबंधकों से गरीबों को असान शर्तो में लोन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में बीडीओ अजय कुमार रजक, सीओ प्रताप मिंज, मोतीलाल अग्रवाल, सुभाष होरो सहित कई लोग उपस्थित थे। पर्व त्योहारो में छोटे दुकान लगाने वाले गरीबो से नहीं वसूला जाएगा टैक्स गरीबों को रोजगार देने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। एसडीओ ने कहा कि शहरी क्षेत्र में पर्व त्योहार में गांव देहात से आकर फुल, दीया आदि सामग्री बेचने वाले फुटकर दुकानदारों से नप के द्वारा कोई टैक्स वसूल नहीं किया जाएगा। उन्होने बताया कि नप बोर्ड की बैठक में निर्णय लिया जा चुका है।

### वोटर कार्ड को आधार से लिंक कराएं सभी लोग

एसडीओ महेंद्र कुमार ने सभी जिलेवासियों से वोटर कार्ड को आधार कार्ड से लिंक कराने की अपील की है। एसडीओ ने कहा कि सभी मतदाता खुद अपने मोबाईल से घर बैठे ही अपने वोटर कार्ड को आधार से लिंक कर सकते है। या इसके अलावे संबंधित बीएलओ के माध्यम से भी लिंक करा सकते है। उन्होने 30 अक्तूबर तक सभी मतदाताओं से वोटर कार्ड को आधार कार्ड से लिंक कराने की अपील की है।

---

■ क्रुसकेला पंचायत में आयोजित हुई 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' के तहत शिविर, बोली जीप सदस्य

## सरकार के शिविर में योजनाओं का मिल रहा है हाथों हाथ लाभ, फायदा उठाएं ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकरटांड़।** पाकरटांड़ के क्रुसकेला पंचायत में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य रूप से उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा, प्रमुख रजत लकड़ा, डीडीसी अरुण वाल्टर सांगा, एसडीओ महेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इसके बाद जोसिमा खाखा ने कई लोगों के बीच कम्बल, जॉब कार्ड आदि का वितरण किया। शिविर में काफी संख्या में छात्राएं भी पहुंची थी। जिन्होंने सुकन्या योजना हेतु आवेदन दिया। इसके अलावे सैकंडो ग्रामीणों ने विभिन्न योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन जमा किया। अपने सम्बोधन में जोसिमा खाखा ने कहा कि महागठबंधन की सरकार जनता की समस्याओं को लेकर गम्भीर है। हमारी



जनता को सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े, इसके लिए स्वंय चलकर ग्रामीणों तक पहुंच रही है। इस शिविर के माध्यम से सरकार लोगों के द्वार तक खुद चलकर पहुंच रही है। ताकि ग्रामीणों की सभी जरूरतें पूरा किया जा सके। सरकार की मंशा है कि राज्य के सभी वर्गों का विकास हो। ग्रामीणों की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार ने बीड़ा उठाया है। आप भी ऐसे अवसरों का लाभ लें। विधायक भूषण बाड़ा और महागठबंधन की सरकार जनता के साथ है। आज शिविर के माध्यम से सभी धर्म समुदाय के लोगों को लाभ मिल रहा है। जोसिमा खाखा ने कहा कि ग्रामीण आगे बढ़ें। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लें। सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाएं आपके लिए है। उन्होंने लोगों को अंधविश्वास, नशापान से दूर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बांसजोर जिप सदस्य समरोम पोल तोपनो, बीडीओ शक्ति कुंज, सीओ, सिमडेगा सीओ प्रताप मिंज, कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजित लकड़ा, प्रदीप केसरी, अख्तार खान सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मौके पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शिविर में लगे विभिन्न विभाग के स्टालों का भी निरीक्षण किया। वहीं जोसिमा खाखा ने अपना सुगर जांच भी कराया। कार्यक्रम को डीडीसी अरुण वाल्टर सांगा, एसडीओ महेंद्र कुमार ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि सरकार कई अनगिनत योजनाओं चला रही है। ग्रामीण जागरूक होकर योजना का लाभ लें।

## सदर अस्पताल में जीवन रक्षक दवाइयों की घोर कमी बाहर से खरीदने पर विवश मरीज

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सदर अस्पताल सिमडेगा लगातार अलग-अलग प्रकार के कारनामों को लेकर सुर्खियों में रहती है कभी डॉक्टरों की कमी तो कभी इलाज में लापरवाही तो कभी किसी मामले को लेकर वर्तमान समय में जिले के एकमात्र सबसे बड़े सदर हॉस्पिटल सिमडेगा में इन दिनों जीवन रक्षक दवाइयों की घोर कमी है जिसके कारण मरीजों को बाहर की दवाई खरीद कर काम चलाना पड़ रहा है। सदर अस्पताल में इलाज करने वाले डॉक्टरों के द्वारा मरीजों को दवाएं लिखी जाती है जिसके बाद दवा खिड़की पर पहुंचने के पश्चात दवा वितरण केंद्र वाले लोगों के द्वारा उन्हें महाराज किसी एक दवा देकर उन्हें बाहर से लेने के लिए कही जाती है। पूछताछ करने पर उनके द्वारा कहा गया कि स्टॉक में वर्तमान समय में सर्दी खासी सर दर्द से छोटी बड़ी बीमारियों की दवा खत्म हो चुकी है और ऐसे में मरीजों को अभी वर्तमान समय में दवाओं घोर कमी हो रही है। वर्तमान समय में मौसम के परिवर्तन के कारण सर्दी खांसी सहित छोटी बड़ी बीमारियों को लेकर सदर अस्पताल में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है और ऐसे में छोटी बड़ी बीमारियों की दवा नहीं उपलब्ध होने से मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में सिविल सर्जन डॉक्टर नवल कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दवाइयों की सूची ऑर्डर की जा चुकी है लेकिन अभी तक का समय होने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन को उपलब्ध नहीं हो पाया है जिसके कारण परेशानी हो रही है उन्होंने कहा कि जैसे ही दवाई उपलब्ध हो जाएगी तो मरीजों के बीच पूर्व की भांति सुचारू रूप से सभी छोटे-बड़े बीमारियों की दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी।

## विमान ईंधन पर वैट घटाएं सभी राज्य : बंसल



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय सचिव राजीव बंसल ने राज्यों से एटीएफ (विमान ईंधन) पर वैट कम करने का अनुरोध किया और उन राज्यों की सराहना की जहां एटीएफ पर वैट पहले ही कम किया गया है। श्री बंसल नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा यहां आयोजित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नागरिक उड्डयन सचिवों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का उद्देश्य नागरिक उड्डयन क्षेत्र के विकास को बढ़ाने के लिए राज्यों के नागरिक उड्डयन विभागों और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय के बीच अधिक सहयोग और तालमेल को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि घरेलू हवाई यातायात लगभग पूर्व-कोविड स्तर के करीब है। इस क्षेत्र ने पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगति की है, कई नए हवाई अड्डों का उद्घाटन किया गया है, नए मार्ग शुरू किए गए हैं, ड्रोन को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत कदम, हेलीकॉप्टर चिकित्सा आपातकालीन सेवाएं और आंशिक स्वामित्व जैसी व्यवस्थाएं शुरू हुई हैं। उन्होंने एटीएफ पर वैट घटाने वाले राज्यों की सराहना की और बाकी राज्यों से एटीएफ पर वैट कम करने का अनुरोध किया। सम्मेलन में विभिन्न प्रकार के हवाई अड्डों के लिए भूमि की आवश्यकता की सीमा, भूमि सौंपने के लंबित मामले, वैट जैसे कराधान संबंधी मुद्दे, एफटीओ, एमआरओ आदि को बढ़ावा देने के लिए कर प्रोत्साहन तथा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की नागरिक उड्डयन नीतियां जैसे बुनियादी ढांचे के समर्थन जैसे विषयों पर चर्चा की गयी।

## एलआईसी ने लॉन्च की नई इंश्योरेंस पॉलिसी, बोनस और सेविंग स्कीम के साथ मिलेगी गारंटीड रिटर्न की सुविधा

**नई दिल्ली।** जीवन बीमा कंपनी (एलआईसी) ने हाल ही में एक नई लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी लॉन्च की है, जिसे एलआईसी धन वर्षा योजना नाम दिया गया है। इसके तहत ग्राहकों को दो पॉलिसी टर्म चुनने के लिए ऑफर किया जाता है। इस पॉलिसी में सिर्फ एक बार ही प्रीमियम भरना होता है। इसमें ग्राहकों को प्रीमियम से दस गुना गारंटीड मेच्योरिटी, बोनस, रिस्क कवर सहित कई तरह के अतिरिक्त लाभ मिलेंगे। धन वर्षा पॉलिसी लाइफ इंश्योरेंस के साथ-साथ सेविंग प्लान भी है। इसमें सिर्फ एक बार निवेश करना होता है और जीवन भर के लिए लाइफ कवर के साथ गारंटीड मैच्योरिटी का फायदा मिलता है। एलआईसी की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार इस प्लान से जुड़े किसी व्यक्ति का यदि पॉलिसी टर्म के दौरान निधन हो जाता है तो परिवार को कैश सपोर्ट दिया जाता है।


## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

### अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना
### (IInd call)

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 38/2022-23
पत्रांक–682 लातेहार/दिनांक– 18.10.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | तुरीडीह म0 सिं0 योजना का जीर्णोद्धार, प्रखंड–लातेहार, जिला–लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 64.40 Lakh |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 20.10.2022 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.11.2022 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 05.11.2022 |
| 7 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.11.2022 3.00 बजे अपराह्न तक (1) कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। (2) कार्यालय, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर (3) कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, रॉची। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 8987530131 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR280243 (Water Resource)22-23*D

## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

### अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना
### (IInd call)

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 37/2022-23
पत्रांक–681 लातेहार/दिनांक– 18.10.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | पोखराही नाला पर चेक डैम निर्माण, प्रखंड– मनिका, जिला–लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 29.417 Lakh |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 180 दिन |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 20.10.2022 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.11.2022 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 05.11.2022 12.30 बजे अपराह्न |
| 7 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.11.2022 3.00 बजे अपराह्न तक (1) कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। (2) कार्यालय, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर (3) कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, रॉची। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 8987530131 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 280239 Water Resource(22-23).D



## सं0-1-12012/ (100) / स्था-2 / का. (जी.डी.) सुप्रीय लकड़ा / 2022-4587 कार्यालय सेनानी, 24वी वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल गृह मंत्रालय / भारत सरकार, मार्फत 56 सेना पत्रालय

दूरभाष नं0 1982-264329
E-mail: comdt24thbn@itbp.gov.in दिनांक : 04/10/22

## नोटिस

दल संख्या
150400456 कास्टेबल (जी.डी.) सुप्रीय लकड़ा पुत्र श्री अल्फ्रेड लकडा, ग्राम- सिड़ा धवैतोली, पोस्ट-महुआदानर, पुलिस स्टेशन- महुआदानर, तहसील- महुआदानर, जिला लातेहार (झारखंड) पिन - 822119 को सूचित किया जाता हैं कि आप दिनॉक 28.05.2022 (अप्रा०) से बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति एवं पूर्व सूचना के यात्राकाल से अनुपस्थित चल रहे हैं। सेनानी 24वीं वाहिनी के पंजीकृत ज्ञापन संख्या - 2322 दिनॉक 22.07.2022, 4127 दिनांक 27.07.2022, एवं 4382 दिनॉक 05.08.2022 के तहत आपको बार-बार डयूटी पर आमद देने के लिए पत्राचार किया गया परन्तु आपके द्वारा अभी तक वाहिनी मुख्यालय में अपनी आमद नहीं दी गई हैं। आपको इस कार्यालय के आदेश संख्या 4869-78 दिनांक 07.09.2022 के तहत आपको दिनांक **28.05.2022 (अप्रा०)** से बल से "**भगौड़ा**" घोषित किया जा चुका है तथा अब सेवा से बर्खास्त किया जाना प्रस्तावित है।

02. अतः दल संख्या **150400456 कास्टेबल (जी.डी.) सुप्रीय लकडा पुत्र श्री अल्फ्रेड लकड़ा** को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि आप अपने बचाव पक्ष में कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत करना चाहते है तो इस नोटिस के समाचार पत्र में प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर 24वीं वाहिनी, भा०ति०सी०पुलिस बल, लेह (लद्दाख) में उपस्थित होकर अपना बचाव पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा यह समझ लिया जायेगा कि आप भा०ति०सी० पुलिस बल में सेवा करने के इच्छुक नहीं है तथा तदनुसार आपको "**सेवा से बर्खास्त**" किये जाने के आदेश पारित कर दिये जाएगें।

सेनानी
24 वी वाहिनी, भा०ति०सी०पु० बल

CBC-19112/1/0104/2223



## झारखण्ड सरकार
## खान एवं भूतत्व विभाग
## जिला खनन कार्यालय, पलामू, मेदिनीनगर।

e-mail :- dmo-palamau@jharkhandmail.gov.in

### शुद्धि पत्र

पलामू जिला के उटॉरी रोड, नावा बाजार, सदर, मेदिनीनगर अंचल अन्तर्गत विभिन्न स्थलों पर अवैध रुप से भंडारित बालू खनिज के आम निलामी हेतु सूचना PR280012 (District)22-23*D द्वारा प्रकाशन किया गया था, जिसमें निलामी की तिथि 21.10.2022 एवं भंडारण के विवरण क्र०सं० 02 में निम्नलिखित सूचना प्रकाशित की गई थी।

| क्र० सं० | स्थल का विवरण | भंडारित बालू खनिज की मात्रा (घनफुट में) | सुरक्षित जमा राशि (रुपये में) (@ Rs. 7.50/1 Cft) | प्रतिभूति राशि (रुपये में) (सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|
| 2 | नावा बाजार स्थित राजहारा रेलवे स्टेशन के समीप, थाना नावा बाजार पलामू के समीप | 20000 एवं 15000.00 कुल–17000.00 लगभग | 127500.00 | 12750.00 |

उक्त सूचना में कतिपय त्रुटी को सुधार करते हुए निम्नलिखित विवरण प्रतिस्थापित किया जाता है :–
1.निलामी की तिथि :– 28.10.2022
2.भंडारण के विवरण क्र०सं० 02

| क्र० सं० | स्थल का विवरण | भंडारित बालू खनिज की मात्रा (घनफुट में) | सुरक्षित जमा राशि (रुपये में) (@ Rs. 7.50/1 Cft) | प्रतिभूति राशि (रुपये में) (सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|
| 2 | नावा बाजार स्थित राजहारा रेलवे स्टेशन के समीप, थाना नावा बाजार पलामू के समीप | 20000 एवं 15000.00 कुल–35000.00 लगभग | 262500.00 | 26250.00 |

अतः पूर्व में प्रकाशित निलामी की तिथि एवं सूचना क्र०सं० 02 के स्थान पर उक्त प्रतिस्थापित सूचना पढ़ा जाय।

ह०/–
जिला खनन पदाधिकारी,
पलामू, मेदिनीनगर

PR 280220 (District) 22-23 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।

### निविदा आमंत्रण सूचना सं0 :–09/2022-23/RE-1 (अतिअल्पकालिक निविदा)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 02.11.22 को कार्यालय अवधि में। **(राजपत्रित अवकाश को छोड़कर)**
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : 03.11.2022 को कार्यालय अवधि में 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 03.11.2022 को 03:30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र की बिक्री की स्थान : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
6. निविदा प्राप्ति/खोलने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रु.प. सं. | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | चतरा | पंचायत–चतरा, ग्राम–चतरा में सदर अस्पताल चतरा में एचवाईडीटी के साथ 2000 लीटर क्षमता वाले वाटर स्टोरेज टैंक पर आधारित वाटर एटीएम सोलर का निर्माण। (3 अदद) | 4526937.00 | 91000.00 | 5000.00 | 03 माह |

निविदा की शर्ते **www.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट में देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभिंयता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

PR 280230 (Rural Development) 22-23 (D)



## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

### मत्स्य पालकों के लिए अनुदान पर फिश फीड हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा लातेहार जिला के मत्स्य पालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में कृषि, पशपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0 17 रा0/(वि0) दिनांक 08.08.2022 के द्वारा फीड बेस्ड फिशरीज योजना अन्तर्गत अतिरिक्त मछली उत्पादन हेतु अनुदान पर झास्कोफिश फिश फीड उपलब्ध कराने की योजना है। लक्ष्य निम्नवत् है–

| क्र0 सं0 | लघुशीर्ष | झास्कोफिश / विभागीय फिश फीड मिल/PMMSY अन्तर्गत निर्मित फिश फीड मिल से फ्लोटिंग फीड के क्रय का भौतिक लक्ष्य (टन में) | 2mm अथवा इससे छोटे फ्लोटिंग फीड के क्रय का भौतिक लक्ष्य (टन में) | कुल लक्ष्य (टन में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 796 | 20 | 10 | 35 |
| 2 | 789 | 05 | 00 | |

- विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड अथवा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत सरकारी अनुदान से स्थापित फिश फीड मिल से उत्पादित फीड पर मत्स्य पालकों को मछली के उत्पादन हेतु 50 प्रतिशत् अथवा 22/– प्रति किलो ग्राम अधिकतम अनुदान पर कम से कम 24 प्रतिशत् प्रोटीन गुणवक्ता युक्त 2mm बड़े 4mm तक का फिश फीड को फीड के रूप में ही दिया जाएगा।
- मत्स्य पालकों को 2mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) के क्रय पर 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम मो0 18/रु0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 फीड की दर से हीं अनुदान देय होगा।
- एक लाभुक को अधिकतम कुल 700 कि0ग्रा0 2mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर मो0 18/रु0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 के दर पर फीड उपलब्ध कराया जाएगा। इसी प्रकार रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम में मछली उत्पादन हेतु एक लाभुक को अधिकतम कुल 5000 किलोग्राम 2mm अथवा इससे बड़े साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर मो0 18/रु0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान पर फीड उपलब्ध कराया जाएगा।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में लातेहार जिला के इच्छुक मत्स्य पालकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में निःशुल्क उपलब्ध है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदधिकारी
लातेहार

PR 280250 Fish (22-23)_D



## जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

Email – dddopalamu@gmail.com Contact No- 8340650299

### (पशुपालकों के लिए आम सूचना)

पलामू जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों/स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/सखी मण्डलों के सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0– 12 रा0/(वि0), दिनांक– 22.06.2022 के आलोक में वितीय वर्ष 2022–23 अन्तर्गत पलामू जिला के लिए एक दिवसीय ग्राम/पंचायत स्तर पर स्थल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

इच्छुक ग्रामीण पशुपालक/पंचायत स्तर के प्रतिनिधि से आग्रह है कि अपने ग्राम/पंचायत में पशुपालकों को गव्य विकास/गोपालन से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू से दिनांक– 01.11.2022 तक सम्पर्क स्थापित किया जाय ताकि अपने ग्राम/पंचायत में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिलवा सकें। प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षणार्थियों का आधार कार्ड की छाया प्रति, अपने नाम का बैंक खाता पासबुक की सुस्पष्ट छाया प्रति जिसमें IFSC कोड अंकित हो, के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेना होगा। प्रशिक्षणार्थियों को 200/- रूपये की दर से एक दिन का दैनिक भत्ता उनके बैंक खाता में DBT के माध्यम से भुगतान किया जायेगा।

वितीय वर्ष 2022–23 में एक दिवसीय प्रशिक्षण का लक्ष्य निम्नवत है।

| | OSP | SCSP | कुल योग |
|---|---|---|---|
| ग्राम स्थल पर स्थल प्रशिक्षण | 1480 | 70 | 1550 |

अहर्त्ता –
1. प्रशिक्षाणार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड एवं बैंक खाता की मूल प्रति लाना अति आवश्यक है।
2. उम्र न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 55 वर्ष के अन्दर हो।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
पलामू

PR 280237 Palamu(22-23).D



## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।

(Mail Id- db-chatra@jharkhandmail.gov.in) (E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

### – सूचना –

चतरा जिला परिषद क्षेत्राधीन हण्टरगंज डाकबंगला परिसर एवं बाजार परिसर में निर्मित दूकान के लाभुकों को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा विगत कई माह से दूकान किराया जमा नहीं किया गया है। जिसके कारण जिला परिषद के राजस्व में हानि हो रही है।

निदेश दिया जाता है कि प्रेस विज्ञप्ति के एक सप्ताह के अन्दर बकाया किराया जो कॉलम–04 में उनके नाम के सामने अंकित है जमा करना सुनिश्चित किया जाय। निर्धारित समयावधी में बकाया किराया जमा नहीं होने की स्थिति में एकरारनामा के शर्त कण्डिका– 03 के आलोक में आपके दूकान को एकरारनामा को रद्द करते हुए दूकान अन्य लाभुक को आवंटित करने की कार्रवाई की जायेगी। जिसपर आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। बकाया राशि की विवरणी निम्नवत् है–

| क्र | लाभुक/पिता का नाम एवं पता | आवंटित दूकान संख्या | बकाया राषि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **हण्टरगंज बाजार परिसर में दुकान –** | | | |
| 1 | श्री गया प्रसाद गुंप्ता, पिता–रामचन्द्र प्रसाद गुप्ता, पता–हंटरगंज | 6 | 56,436.00 |
| 2 | श्री दिलीप कुमार सिह, पिता भुनेश्वर सिह, पता–सोहाद हंटरगंज | 8 | 72,505.00 |
| 3 | श्री–आशिष कुमार गुप्ता, पिता–अर्जुन प्रसाद गुप्ता, पता–हंटरगंज | 10 | 77,482.00 |
| 4 | श्री मुस्ताक खॉ, पिता सदीक खॉ, पता–हंटरगंज | 11 | 10,793.00 |
| 5 | श्री सुरेश कुमार अम्बस्ट, पिता सच्चिदानन्द प्रसाद, पता–हंटरगंज | 24 | 65,582.00 |
| 6 | श्री बिनोद कुमार गुप्ता, पिता स्व0 यमुना साव, पता–हंटरगंज | 28 | 1,11,256.00 |
| 7 | श्री बसंत यादव, पिता लालु यादव, पता–लेजवा, हंटरगंजु | 29 | 1,07,305.00 |
| 8 | श्री अशोक कुमार सिह, पिता युगल किशोर सिंह, पता–सोहाद, हंटरगंज | 30 | 74,263.00 |
| 9 | श्री विरेन्द्र कुमार तिवारी, पिता युगेम्बर तिवारी, पता–हंटरगंज | 36 | 99,080.00 |
| 10 | श्री अरविन्द कुमार सिहं, पिता बनवारी सिह, पता–सोहाद, हंटरगंज | 38 | 54,868.00 |
| 11 | श्री भुनेश्वर सिंह, पिता महेन्द्र सिंह, पता–हंटरगंज | 40 | 1,08,353.00 |
| 12 | श्री सुरेन्द्र कुमार सिहं, पिता रामजनम सिंह, पता–सोहाद हंटरगंज | 41 | 50,190.00 |
| 13 | श्री राज कमल, पिता ननकु प्रसाद, पता–हंटरगंज | 42 | 38,610.00 |
| 14 | मो0 कुर्बान अली, पिता खुर्सीद अली, पता–हंटरगज | 47 | 95,790.00 |
| 15 | श्री संजय कुमार सिंह, पिता हर्षनन्दन सिहं, पता–हंटरगंज | 48 | 51,325.00 |
| **हण्टरगंज डाकबंगला परिसर में दुकान –** | | | |
| 1 | श्री संजय कुमार सिह, पिता–स्व0 हर्षनन्दन सिंह, पता–सगासोत, हण्टरगंज। | 1 | 33,049.00 |
| 2 | श्री मुनेश्वर सिंह, पिता श्री महेन्द्र सिंह, पता–भोजपुर, बिहिया, प्रखण्ड–हण्टरगंज। | 2 | 59,261.00 |
| 3 | श्री गुप्तेश्वर सिंह, पिता दारोगा सिंह, पता–हण्टरगंज | 4 | 11,398.00 |
| 4 | श्री राहुल कुमार, पिता–संतु दास, पता–हंटरगंज | 7(A) | 25,073.00 |
| 5 | श्री मिथलेश कुमार, पिता– स्व0 सरयु प्रसाद, पता–खुटीकेवाल खूर्द, हण्टरगंज। | 13 | 26,171.00 |
| 6 | श्री बिनोद कुमार स्वर्णकार, पिता–स्व0 षिवनारायण साव, पता–केदला, हण्टरगंज। | 14 | 6,683.00 |
| 7 | श्री कुमार आनन्द, पिता–श्री कृष्ण कुमार सिंह, ता–केदलीकला, प्रखण्ड–हण्टरगंज। | 19 | 70,161.00 |

यह अन्तिम नोटिश समझा जाय।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

PR 280258 District(22-23)D



## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

### प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु सूचना का प्रकाशन

एतद् द्वारा राज्य के सभी मत्स्य कृषक जो मछली पालन को रोजगार के रूप में अपनाना चाहते हैं के लिए लातेहार जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2020–21 में भारत सरकार द्वारा "**आत्मनिर्भर भारत अभियान**" के द्वारा नई योजना "**प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना**" की शुरूआत की गई है। यह नीली क्रांति के माध्यम से नीली क्रांति लाने की एक योजना है।

उक्त योजना का मुख्य उद्देश मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवता तकनीकी आधारभूत संरचना एवं प्रबंधन के अन्तर को पाटना, मूल्य श्रृखला का आधुनिकीकरण एवं सदृढ़ीकरण, मजबूत मत्स्य पालन प्रबंधन ढांचा का स्थापना एवं मछुआरों का कल्याण है, जिससे मछुआरे एवं मत्स्य कृषकों की आय दुगुनी करने एवं रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस प्रकार यह सामाजिक, भौतिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायक होगा। इस योजना के अन्तर्गत Centrally Sponsored Component जो की केन्द्र एवं राज्य के द्वारा लागू प्रत्यक्ष लाभार्थ उन्मुख अर्थात व्यक्तिगत / समूह गतिविधियों या ग्रुप में की जाएगी, जिसकी सूची Funding Pattern के साथ निम्नवत् होगी। राज्यादेश सं0 49 दिनांक 31.03.2021, राज्यादेश सं0 18 दिनांक 03.09.2021 एवं राज्यादेश सं0 40 दिनांक 17.02.2022 के आलोक में विभिन्न योजनाओं हेतु आवेदन आमंत्रित की जाती है।

इस योजना के अन्तर्गत चिन्हित लाभुक जनित कार्यक्रमों की सूची निम्नांकित है :–

| क0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | कोटिवार प्राप्त लक्ष्य: सामान्य | अ0ज0जा0 | अ0जा0 | महिला | सामान्य के लिए सरकार द्वारा (केन्द्र एवं राज्य सरकार अनुदानित इकाई लागत का 40%) (लाख रू0 में) | अ0ज0जा0/अ0जा0 एवं महिला के लिए सरकार द्वारा (केन्द्र एवं राज्य सरकार) अनुदानित इकाई लागत का 60%) (लाख रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नये रियरिंग तालाब निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिग तालाब) | हे0 में | 7.00 | 2 | 5 | 1 | - | 2.80 | 4.20 |
| 2 | नये ग्रो आउट तालाब निर्माण | हे0 में | 7.00 | 0.5 | 2.5 | 1 | - | 2.80 | 4.20 |
| 3 | मिश्रित मत्स्य पालन/पंगेशियश एवं तिलापिया पालन आदि के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये ग्रो आउट तालाबों के निर्माण में) | हे0 में | 4.00 | 0.5 | 2.5 | 1 | - | 1.60 | 2.40 |
| 4 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उॅचाई के 7 टैंक वाले छोटे बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 7.50 | 3 | - | - | 3 | 3.00 | 4.50 |
| 5 | लघु फिश फिड मिल (प्रतिदिन 2 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 30.00 | 1 | 1 | - | - | 12.00 | 18.00 |

उक्त योजना के अन्तर्गत लाभ लेने हेतु लातेहार जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने वाले इच्छुक व्यक्तियों से जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं एवं कार्यालय अवधि में आवेदन प्राप्त किये जा सकते हैं।

**नोट** :– यह प्रारंभिक चरण है, जिसके अन्तर्गत योजना के इच्छित कार्य एवं लक्ष्य निर्धारण की कारवाई की जा रही है। योजना के प्रशासनिक अनुमोदन के पश्चात् ही इसे कार्यरूप दिया जाएगा। इस योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में नोटि्स बोर्ड से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
लातेहार

PR 280330 Fish(22-23)#D

सम्पादक की कलम से...

## धर्मांतरण का खेल जारी

**झारखंड** में धर्मांतरण का खेल जारी है। ऐसा ही मामला पिछले दिनों यहां सामने आया है। जहां रांची के सुखदेव नगर थाने में छह महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। ईसाई धर्म का प्रचार बड़े पैमाने पर प्रलोभन देकर जारी है। यह खतरे की घंटी है। ऐसे में सावधानी जरूरी है। राज्य में दिनोंदिन धर्मान्तरण की आग सुलगती ही जा रही है। पहले दूसरे राज्यों से ये खबरें आती थी, लेकिन अब झारखंड में भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं। जब राज्य की राजधानी में धर्मांतरण की घटना हो रही हैं तो बाकी जिलों में क्या होगा। इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। जिसे लेकर स्थानीय लोग और हिंदू संगठन के लोग आक्रोशित हो गये और हंगामा शुरू कर दिया। उनसे पूछताछ की जा रही है। राजधानी रांची में धर्मांतरण का खेल चरम पर चल रहा है। गरीब और दबे कुचले लोगों को प्रलोभन देकर उनका धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। इस मामले में स्थानीय लोगों ने हिंदू संगठनों की मदद से 6 महिलाओं का पकड़ा जाना यह दर्शाता है कि इसके पीछे बड़ी साजिश से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। पकड़ी गयी महिलाओं में कई लड़कियां भी शामिल है। जो दूसरों के घरों में झाड़ू -पोछा का काम करती हैं। इस मामले में थाने में आवेदन भी दिया गया है। ऐसी घटना के बारे में जब स्थानीय लोगों को संदेह हुआ कि कुछ महिलाएं घूम-घूम कर धर्मांतरण करवा रही हैं। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस सभी महिलाओं को पूछताछ के लिए थाना ले आई, जहां सभी से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि धर्मांतरण जैसी अभी कोई बात नहीं है। लोगों को संदेह हुआ था कि धर्मांतरण कराया जा रहा है। इसे लेकर लोगों ने थाने को सूचना दी थी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया की ये महिलाएं पिछले 6 दिनों से इलाके में घूम रही थी और लोगों को बरगला रही थीं। मामले की जानकारी मिलने के बाद इन पर नजर रखनी शुरू की गई और जैसे ही इन्होंने ईसाई धर्म अपनाने को लेकर प्रेरित करने का काम शुरू किया तो स्थानीय लोगों ने इन्हें पकड़ लिया। इस बाबत नारी सेना की अध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता पूनम सिंह के अनुसार ऐसे तत्व झारखंड को कमजोर करने की अंतरराष्ट्रीय साजिश में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गरीब दबे कुचले लोगों को झांसे में लेकर लालच देकर ये महिलाएं उन्हें धर्म परिवर्तन करने को कहती हैं। खासकर शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य माध्यमों का लालच इनके द्वारा दिया जाता है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता भैरव सिंह ने बताया कि यहां के सरना धर्म और हिन्दू धर्म के भोले भाले लोगों को साजिश के तहत धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि धर्म परिवर्तन कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश करने की जरुरत है। दक्षिण कोरिया में बैठकर झारखंड में ऐसी साजिश रचने के लिए ये लोग जिम्मेवार हैं। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन के द्वारा जल्द कार्रवाई की जाये। गौरतलब है कि धर्मान्तरण का खेल झारखंड के लिये नया नहीं है। आये दिन इस तरह के मामले सामने आते रहते हैं। हालांकि आरोपित महिलाओं का कहना है कि वे किसी को जबरन धर्म परिवर्तन नहीं करा रही थीं, बल्कि वह ईसाई धर्म का प्रचार कर रही थीं। जो इस धर्म के प्रति अपनी आस्था जताते थे, उन्हें ही ईसाई धर्मावलंबी बनाती हैं। उनका कहना है कि साउथ कोरिया में जीसस क्राइस्ट का पुनर्जन्म हुआ है और इसे लेकर ही वे लोगों को इस धर्म से जुड़ने का आग्रह कर रही थीं। उनलोगों ने बताया कि ये विश्व स्तर पर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। जिसमे झारखंड पीछे रह गया है। वे लोग किसी को दबाव देकर नहीं बल्कि जागरूक कर रही हैं ।

## आज का इतिहास

**1922 :** पोलैंड की संसद ने जिडायनिया बंदरगाह निर्माण अधिनियम पारित किया।

**2009 :** भारत ने 2009 में श्रीलंका को 46 रनों से हराकर त्रिकोणीय सीरीज का कॉम्पैक कप जीता।

**2009 :** लिएण्डर पेस तथा चेक गणराज्य के लुकास ड्लोही ने महेश भूपति और मार्क नोल्स की जोड़ी को हराकर यूएस ओपन के पुरुष युगल का खिताब जीता।

**1791 :** फ्रांस के राजा लुई 14वें ने नया संविधान अंगीकार किया।

**1914 :** प्रथम विश्व युद्ध में जर्मनी और फ्रांस के बीच एस्ने की लड़ाई शुरू हुई।

**1923 :** स्पेन में सैन्य तख्ता पलट। मिगेल डे प्रिमो रिवेरा ने सत्ता संभाली। ट्रेड यूनियनों को 10 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया।

**1929 :** लाहौर जेल में भूख हड़ताल के 63 दिन के बाद प्रसिद्ध क्रांतिकारी जतीन्द्र नाथ दास का निधन हुआ।

**1947 :** तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 40 लाख हिंदुओं और मुसलमानों के पारस्परिक स्थानांतरण का सुझाव दिया।

**1948 :** उप प्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल ने सेना को हैदराबाद में घुस कर कार्रवाई करने और उसे भारतीय संघ के साथ एकीकृत करने का आदेश दिया।

**2000 :** भारत के विश्वनाथन आनन्द ने शेनयान में पहला फिडे शतरंज विश्व कप जीता।

**2002 :** इजरायल ने फिलीस्तीन के नियंत्रण वाले गाजा पट्टी पर हमला किया।

**2005** : सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता हेतु समर्थन देने के लिए अमेरिका ने मानकों की घोषणा की।

**2006 :** परमाणु ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने पर इब्सा में सहमति बनी।

**2008 :** रुस के पेर्म क्राई में पेर्म हवाई अड्डे पर एअरोफ़्लोट विमान 821 के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से विमान में सवार सभी 88 लोगों की मौत।

# नृत्य के उत्सव में मगन सृष्टि

" भूमि पर मनुष्य गाते हैं, वनस्पतियां नृत्य करती हैं, तो शरीर के सभी कोशिकाओं के अंतःकरण में भी उसी नृत्य की अभिव्यक्ति होती है, जिससे जीव विकास करता जाता है। इस नृत्य का द्वैतभाव विशेषता है। नर्तक शरीर है, नृत्य उसका कर्म। दूसरा, शरीर के लघुतम इकाई यानी कोशिकाओं में यह नृत्य परिपूर्ण होता है, जहां नर्तक भी नहीं बचता है, केवल नृत्य जारी रहता है। परमाणु के इस स्वरूप में बस नृत्य का अद्वैत ही रह जाता है। अस्तित्व अनवरत नर्तन कर रहा है। यह उत्सव है। इस नृत्य के उत्सव से जीवन ऊर्जा निकलती है। देश और काल के आरंभ में जब देवता नहीं थे, तब सृष्टि सृजन के ठीक बाद ब्रह्म का सगुण रूप का उद्भव हुआ। "

**इ**स संपूर्ण सृष्टि में ईश्वरीय यानी ब्रह्मांडीय नृत्य चल रहा है। इसका हरेक अणु और परमाणु नृत्य में लीन है। पृथ्वी अपनी धुरी पर नृत्य रत है। यह नृत्य का भाव आकाश के मेघ में है तो हवाओं के उल्लास में है। प्रकृति की लय और गति का नर्तन हमारी श्वास क्रिया, हृदय की धडकन, कोशिकाओं में इलेक्ट्रान के चक्कर, ज्वार भाटा और ऋतुओं के परिवर्तन से होकर अनंत विस्तार में व्यक्त होता है। यह प्रकृति में नृत्य का उत्सव है, जिसमें फूल खिल रहे हैं, पक्षी गा रहे हैं और आकाश में सूर्य उगे हैं। यह नर्तन आंतरिक क्रिया है, जो स्वतः और स्फूर्त इस अस्तित्व में चल रहा है। हरेक तत्त्व के केंद्र पर उस परम का आनंद प्रचुरता में प्रवाहित है, जिस कारण हरेक जड़-चेतन अपने देह की परिधि पर भावपूर्ण नर्तन करते हैं। भूमि पर मनुष्य गाते हैं, वनस्पतियां नृत्य करती हैं, तो शरीर के सभी कोशिकाओं के अंतःकरण में भी उसी नृत्य की अभिव्यक्ति होती है, जिससे जीव विकास करता जाता है। इस नृत्य का द्वैतभाव विशेषता है। नर्तक शरीर है, नृत्य उसका कर्म। दूसरा, शरीर के लघुतम इकाई यानी कोशिकाओं में यह नृत्य परिपूर्ण होता है, जहां नर्तक भी नहीं बचता है, केवल नृत्य जारी रहता है। परमाणु के इस स्वरूप में बस नृत्य का अद्वैत ही रह जाता है। अस्तित्व अनवरत नर्तन कर रहा है। यह उत्सव है। इस नृत्य के उत्सव से जीवन ऊर्जा निकलती है। देश और काल के आरंभ में जब देवता नहीं थे, तब सृष्टि सृजन के ठीक बाद ब्रह्म का सगुण रूप का उद्भव हुआ। जगत में जब कोई अपने अंदर ऊर्जा की बहुलता को अनुभव करता है, तो वह नृत्यरत हो जाता है। ऊर्जा का अतिरेक भाव ही हमेशा नृत्य कराता है और उसकी न्यूनता में व्यक्ति स्थिरता को प्राप्त होता है। ऊर्जा की प्रचुरता से इस सृष्टि का विस्तार हुआ और उसी शक्ति के कारण प्रकृति सदैव नर्तनरत है। भगवान महादेव ने अपने अंदर उस ऊर्जा को देखा, इसलिए मनुष्य भी अपने अंतःकरण में उस अनंत ऊर्जा की स्फुलिंग के दर्शन के लिए नृत्य करता है। शिव के लिए नर्तन ही ध्यान है और ध्यान ही उनके जीवन का उत्सव है। हम नृत्य के माध्यम से उस परम ऊर्जा के स्पंदन को छूने का प्रयास करते हैं। हमारे जीवन में नृत्य का कर्म उस अक्षत ऊर्जा के साथ खुद को एकात्म करने का प्रयास है। जब हम अपने प्राणों में भक्ति का रस भरते है, तो जीवन नाचने लगता है। इस विराट में नृत्य की प्रमुख क्रिया का विस्तार और विसर्जन लगातार जारी है। एक क्रिया निखिल ब्रह्मांड में चल रही है। दूसरी नृत्य की क्रिया हमारे शरीर के सूक्ष्मतम केंद्र पर भी जारी है। यह जीवन का विस्तार है और यही विसर्जन भी। शरीर के भीतर उस करोड़-अरब सूक्ष्मतम केंद्रों पर जिस दिन यह नृत्य क्रिया रुक जाती है, उसी दिन यह विशाल शरीर भी रुक जाता है। जिस पल इलेक्ट्रान उस केंद्र का चक्कर लगाना रोक देता है, उसी वक्त व्यक्ति भी रुक जाता है। ऊर्जा हरेक जीव में गतिशील है। जीवन से ऊपर पृथ्वी में चंद्रमा में और सूर्य में भी यही नर्तन है। यह हरेक केंद्र के चहुंओर नृत्य चल रहा है। चंद्रमा हमारी पृथ्वी का, तो पृथ्वी सहित नौ ग्रह अपने सूर्य का चक्कर लगाते हैं। सूर्य सहित आकाश के सारे तारे किसी अनंत विस्तार में स्थित अपने केंद्र की परिक्रमा करते हैं। यह चक्कर और परिक्रमा का नृत्य निरंतर जारी है। केंद्र पर अवस्थित ऊर्जा के चहुंओर इलेक्ट्रान की गति है। यह ऊर्जा अपने स्वरूप में, शरीर में वही है, जो सूर्य और तारे में हैं। कहीं ऊर्जा अधिक है तो कहीं कम। शरीर में कम है, चंद्रमा में यहां से ज्यादा है। पृथ्वी पर उससे ज्यादा। सूर्य में अधिकतम ऊर्जा है। इस ऊर्जा को ही मनोबल, गुरुत्व बल, आकर्षण, आत्मबल, ईश्वरीय शक्ति विविध नाम से पुकारा जाता है। हर तत्त्व की ऊर्जा अपनी ओर इलेक्ट्रान को आकर्षित करती है। इस आकर्षण के कारण ही व्यष्टि से लेकर समष्टि तक हरेक तत्त्व निरंतर नर्तन कर रहे है और उसके साथ हम भी सतत गतिशील हैं। कोई भी एक क्षण के लिए भी कहीं विराम नहीं करता है। अतएव यह सीख मिलती है कि हमको भी जीवन में हमेशा गतिशील रहना चाहिए। यह गति और यह जो नृत्य हमारे जीवन में है, वहीं सृष्टि में है। जो सृष्टि में हो रहा है, वही हमारे अंदर भी गतिमान है। इसलिए भारतीय जीवन की धारणा में जीवन के बाद मृत्यु नहीं है। जीवन का नवीनीकरण है। निरंतर नर्तन की यात्रा है।

**■ मयंक मुरारी**

## राक्षसों की नई प्रजाति

**सा**ला चाहे लाख निकम्मा हो लेकिन बीबी नजर में पति से लाख गुणी होता है। भाई जो ठहरा! दुनिया के सालों का तो पता नहीं हमारे यहाँ सालों का मतलब जोंक होता है। बिना खून के जोंक और बिना मतलब के साले कभी किसी से नहीं चिपकते। चार दिन पहले साले साहब ने फोन किया। बताया गाँव से उसका एक मित्र अपने परिवार के साथ हैदराबाद आने वाला है। वे लोग होटल में ठहरने की जिद कर रहे थे। अब मैं आपको कैसे बताऊँ कि यहाँ रूस-युक्रेन से ज्यादा आपकी चर्चा होती है। ऐसे में आपके रहते उनका होटल में ठहरना मेरे लिए नाक कटाने वाली बात हो जाती। फोन स्पीकर पर था और पत्नी बगल में। सो गुस्से का बम मुझे खुद पर ही गिराना पड़ा। भाई की आवाज सुनकर श्रीमती जी फूल कर कुप्पा हो गई। समय रहते मैंने उसे रोका नहीं होता तो वो फूटकर हिरोशिमा-नागासाकी हो गई होतीं। अब मैं गाँव से आने वाली आफत की चिंता में अपना ब्लड और शुगर लेवल हाई कर बैठा। पत्नी को समझाया कि अपने भाई को समझाए कि हम हैदराबाद में नहीं महँगायाबाद में रहते हैं। यहाँ पानी तक मिनरल के नाम पर खरीदना पड़ता है। नौकरी भी ऐसी कि बॉस के छींकने पर कभी भी छूट सकती है। श्रीमती जी का सिर हिलाने में कोई सानी नहीं है, लेकिन करनी में शून्य बटा लूल। मेरी पीड़ा को शब्दों की जुगाली समझी और एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल दिया। फिर लगा उसके इसी स्वभाव से बीस साल से शादी टिकी हुई है। उसकी जगह कोई और होता तो मेरी बैंड बजा देता। बताई तिथि के अनुसार साले साहब के मित्र और उनका परिवार हैदराबाद रेलवे पर ऐसे आ धमका जैसे कसाब अपने साथियों के साथ आ धमका हो। कैसे बताऊँ कि मैं उस चोरबजारिये, रिश्वतखोर और आतंकवादी की तरह हूँ जो पुलिस का नाम सुनते ही थरथराने लगता हूँ। मैं वास्तविक जीवन में अतिथियों से बहुत डरता हूँ। वे साधारण कपड़ों में दिखने वाले खूबसूरत राक्षस हैं। जो हँसते-हँसते खून पीने में एक्सपर्ट होते हैं। मित्र के परिवार में पत्नी के साथ तीन बच्चे भी थे। बच्चे ऐसे कि उनके बारे में बाबा तुलसीदास जी बहुत पहले कह गए थे कि बालक बानर एक समान। आज बाबा होते तो उनसे अवश्य कहता कि अब बालक बानर नहीं अटम बम हो गये हैं। कब फट जाए पता ही नहीं चलता। स्टेशन से घर की ओर आने के लिए टैक्सी की। पाँच प्राणियों के साथ मैं छठवाँ प्राणी था। उन सब में केवल मेरे रोंगटे खड़े थे और बदन से पसीना छूट रहा था। घर पहुँचते ही साले साहब के मित्र ने दो हजार की नोट आगे बढ़ाते हुए टैक्सी वाले का भाड़ा चुकाना चाहा। टैक्सी वाला कहने लगा - 'साहब, बोहनी आपसे हुई है। दो हजार का छुट्टा अभी कहाँ से लाऊँ?' इस एक घटना के बाद मैंने कई सारी घटनाएँ देखीं जहाँ पर वे हर चीज के लिए उसी दो हजार के नोट को निकालते और सारे पैसे मेरे जेब से खर्च करवाते। अब भला छोटी-छोटी चीजों के लिए कौन दो हजार का छुट्टा देने लगा। कुल मिलाकर दो हजार की नोट टूटी नहीं बल्कि हमारी कमर ऐसी टूटी कि उन लोगों को गये एक हफ्ते से ऊपर हो गया है, फिर भी जुड़ने का नाम नहीं ले रही है।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त**
**मो. नं. 73 8657 8657**

## सुरसा के मुंह सी नफरत

**'मैं** मौजूदा डेमोक्रेटिक पार्टी में अब और नहीं रह सकती। यह पूरी तरह से ऐसे पूर्वाग्रह ग्रसित अभिजात समूह के नियंत्रण में है, जो अनावश्यक तौर पर युद्ध की हिमायत करता है। यह समूह हरेक मुद्दे पर हमें नस्लीय रूप से बांटता है, श्वेत-विरोधी नस्लवाद को बढ़ावा देता है और हमारे संविधान में अंतर्निहित हमारी नैसर्गिक आजादी को कमतर करता है।' यह वीडियो-बयान खुद को अमेरिका की 'अकेली हिंदू महिला सांसद' बताने वाली तुलसी गाबार्ड का है। यह वही तुलसी हैं, जिन्हें 2020 में बतौर राष्ट्रपति उम्मीदवार पेश किया जा रहा था। बाद में उन्होंने मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के पक्ष में अपने कदम पीछे हटा लिए थे। वह खुद को भारतीयता का दूत बताती हैं और गीता में सघन आस्था का दावा करती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2014 की अमेरिका-यात्रा के दौरान तुलसी ने उन्हें भग्वद्गीता की एक प्रति भी भेंट की थी। रूस-यूक्रेन युद्ध के बारे में उनके नजरिये पर उन्हें 'क्रेमलिन का पिू' करार दिया जा रहा था। आप चाहें, तो उनके फैसले को 'अंतरात्मा की आवाज' की उपज मान सकते हैं। इस धरती के राजनीतिज्ञों में यह अजीब समानता हमेशा पाई जाती है कि उनकी 'अंतरात्मा की आवाज' अवसरों के अनुरूप बदलती रहती है। मायावती को याद कीजिये। उनकी पार्टी कभी नारे लगाती थी- तिलक, तराजू और तलवार...। इससे जब सत्ता नहीं मिली, तो उन्होंने नारा ही बदलकर कहना शुरू किया- हाथी नहीं गणेश है, ब्रह्मा-विष्णु-महेश है। इसके जरिये उन्होंने पूर्ण बहुमत हासिल किया। हालांकि, वह इस पर भी कायम नहीं रहीं। यह पुरानी बात हो गई, आज के हालात पर लौटते हैं। समदर्शी और समावेशी समझा जाने वाला हिन्दुस्तान नफरती बोलों से एक बार फिर बजबजा रहा है। आपसी बातचीत की मर्यादा तो कब की खत्म हो चुकी थी, अब हमारे सियासतदां और उनके पक्षधर बुद्धिजीवी अतीत की अंधेरी तहों से आधा-अधूरा सच खुरचने पर आमादा हैं। धर्म, विज्ञान, समाज और रोजमर्रा के रीति-रिवाज इनके कुतर्कों का निवाला बन गये हैं। हालात इस कदर खराब हो गये हैं कि गुजरी 21 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति केएम जोसेफ व ऋषिकेश राय की पीठ ने हर शाम होने वाली टीवी बहसों को 'हेट स्पीच' फैलाने का सबसे बड़ा जरिया बताते हुए इन्हें 'रेगुलेट' करने के लिए दिशा-निर्देश तय करने की बात कही थी। मौजूदा प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित ने भी पिछले हफ्ते नफरती बोलों पर अंकुश लगाने की सलाह दी, पर सुने कौन! घृणा, सत्ता हासिल करने का सबसे बड़ा हथियार बन गई है। जो लोग आम आदमी के विकास की बात करते हुए सत्ता-सदनों की सीढियां चढ़ते हैं, वे खुद कभी वर्जित माने जाने वाले विषयों पर संसद से सड़क तक फुफकारते नजर आते हैं। इस सभा में दो धमार्चार्यों ने बहुसंख्यकों का आह्वान किया कि वे अल्पसंख्यकों के एक वर्ग के खिलाफ हिंसा के लिए तैयार और तत्पर रहें। वहां भारतीय जनता पार्टी के एक सांसद भी मौजूद थे। उन्होंने सरेआम उस वर्ग के संपूर्ण बहिष्कार का आह्वान किया। संविधान की शपथ लेकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में दाखिल होने वाला शख्स भला ऐसा कैसे कह सकता है? अक्सर यह प्रवाद फैलाने की कोशिश की जाती है कि यह काम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के लोग सबसे ज्यादा करते हैं। यह गलत है। भरोसा न हो, तो पिछली 5 अक्तूबर को दिल्ली के आंबेडकर भवन में आयोजित धर्मांतरण कार्यक्रम में राजेंद्र पाल गौतम का बयान देख-सुन लीजिये। उन्होंने उपस्थित समूह के साथ हिंदू देवी-देवताओं की पूजा न करने और राम-कृष्ण को ईश्वर का अवतार न मानने की शपथ ली। उस दिन तक राजेंद्र पाल गौतम दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्री का ओहदा संभाल रहे थे। बात बिगड़ती देख उन्होंने इस्तीफा दे दिया। बताने की जरूरत नहीं कि मंत्री की कुरसी पर विराजने से पहले भी ईश्वर या संविधान की शपथ लेनी होती है। क्या यही है हमारे राजनेताओं की सत्य निष्ठा? इन दोनों मामलों को तूल पकड़ता देख दिल्ली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई किस मुकाम तक पहुंचेगी, यह देखना दिलचस्प होगा। आम आदमी पार्टी की गुजरात इकाई के अध्यक्ष गोपाल इटालिया को राष्ट्रीय महिला आयोग ने तलब किया है। वह एक वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपमानजनक शब्द इस्तेमाल कर रहे थे। महिला आयोग इसे महिलाओं का भी अपमान मानता है। आप के कार्यकर्ता इस नोटिस के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं।

**■ शशि शेखर**

धर्म दर्शन

## श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

उस समय राजा निमि सोये हुए थे और उन्हें गहरी नींद आ गयी थी। सेवकोंने उन्हें नहीं जगाया, जिससे वे राजा मुनिके पास न आ सके। तब अपमानके कारण वसिष्ठजीको क्रोध आ गया। मिलनेके लिये निमिके न आनेसे मुनिश्रेष्ठ कुपित हो उठे। क्रोधके वशीभूत हुए उन मुनिने राजाको शाप दे दिया- 'हे मूर्ख पार्थिव ! मेरे द्वारा मना किये जानेपर भी तुम मुझ गुरुका त्याग करके दूसरेको अपना गुरु बनाकर शक्तिके अभिमानमें मेरी अवहेलना करके यज्ञमें दीक्षित हो गये हो, उससे तुम विदेह हो जाओगे। हे राजन्। तुम्हारा यह शरीर नष्ट हो जाय और तुम विदेह हो जाओ' ॥ 39-42 ॥

व्यासजी बोले- उनका यह शापवचन सुनकर राजाके सेवकोंने शीघ्रतासे जाकर राजाको जगाया और उन्हें बताया कि मुनि वसिष्ठ बहुत क्रोधित हो गये हैं, तब उन कुपित मुनिके पास आकर निष्पाप राजाने मधुर शब्दों में युक्तिपूर्ण तथा सारगर्भित वचन कहा- ॥ 43-44 ॥

हे धर्मज्ञ इसमें मेरा दोष नहीं है, आप ही लोभके वशीभूत होकर मेरे बार-बार अनुरोध करनेपर भी मुझ यजमानको छोड़कर चले गये। हे विप्रवर! हे ब्राह्मण श्रेष्ठ! ब्राह्मणको सदा सन्तोष रखना चाहिये- धर्मके इस सिद्धान्तको जानते हुए भी ऐसा निन्दित कर्म करके आपको लज्जा नहीं आ रही है। आप तो साक्षात् ब्रह्माजीके पुत्र और वेद-वेदांगोंके सर्वश्रेष्ठ ज्ञाता हैं तो भी आप ब्राह्मणधर्मकी अत्यन्त कठिन और सूक्ष्म गतिको नहीं जानते। अपना दोष मुझमें आरोपित करके आप मुझे व्यर्थ ही शाप देना चाहते हैं। सज्जनोंको चाहिये कि क्रोधका त्याग कर दें; क्योंकि यह चण्डालसे भी अधिक दूषित है; क्रोधके वशीभूत होकर आपने मुझे व्यर्थ ही शाप दे दिया है। अतः आपकी भी यह क्रोधयुक्त देह आज ही नष्ट हो जाय ॥ 45 -47 ॥

इस प्रकार राजाके द्वारा मुनि और मुनिके द्वारा राजा शापित हो गये और दोनों एक-दूसरेसे शाप पाकर बहुत दुःखी हुए। तब वसिष्ठजी अत्यधिक चिन्तातुर होकर ब्रह्माजीको शरणमें गये और उन्होंने राजाके द्वारा प्रदत्त कठिन शापके विषयमें उनसे निवेदन किया ॥ 50-51 ॥

वसिष्ठजी बोले- हे पिताजी! राजा निमिने मुझे शाप दे दिया है कि तुम्हारा यह शरीर आज ही नष्ट हो जाय। अतः शरीर नष्ट होनेसे प्राप्त कष्टके लिये मैं क्या करूँ? इस समय आप मुझे यह बतायें कि दूसरे शरीरकी प्राप्ति में मेरे पिता कौन होंगे? हे पिताजी! दूसरे देहसे सम्बन्ध होनेपर भी मेरी स्थिति पूर्ववत ही रहे। इस शरीरमें जैसा ज्ञान है, वैसा ही उस शरीरमें भी रहे। हे महाराज आप समर्थ हैं; मुझपर कृपा करने योग्य हैं ॥ 52-54 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### 21वीं सदी का आधुनिक युग

**प**हले शहर से लेकर गांवों में कुआं व नदी घाट पर लोग नहाने-धोने का काम किया जाता था। आधुनिक जीवन शैली ने लोगों के कमरे में बंद होकर स्नान व कपड़ा धोने को मजबूर कर दिया है। आज लगभग सभी पक्के मकानों में पानी टंकी छत पर दिखाई देती है। इससे लोगों को तो सुविधा मिली, लेकिन हर दिन लाखों लीटर पानी उस टंकी में चढ़ा दिया जाता है। इसका असर धीरे-धीरे ऐसा हुआ कि आज जल स्तर काफी नीचे चला गया है। कुंओं को शहरों में अनुपयोगी मानकर उसे ढक दिया गया है। साथ ही वहां पर दुकानें बना दी गई है। बुनियादी रूप से हम अपनी समस्याओं के खुद ही पैदा करने वाले हैं। ऐसे में हमें वापस उन्हीं दौर में लौटना होगा जब एक कुएं व चापानल से लगभग पूरा मुहल्ला स्नान कर लेता था और घर के काम के लिए एक या दो बाल्टी पानी ढोकर अपने घर ले जाया करता था। आधुनिकता के लाभ ने हमें इन सब के बारे में विचार करने का मौका ही नहीं दिया। आज हालत हैं कि लोग पानी संकट से जूझ रहे हैं। साथ ही प्राकृतिक प्रदत्त सुविधाएं कम होती जा रही हैं। पेड़-पौधों को काटकर हम कूलर व एयर कंडीशन की हवा खा रहे हैं। सच बात यह है कि गांव के पीपल की छांव में बैठकर जो शांति व सकून मिलता था वह एक कमरे में बैठकर कूलर एयरकंडीशन में नहीं मिलती है।

**■ शक्ति कुमार , मेदिनीनगर।**

# मानवता को निगलता आस्था संकट का दावानल

**ह**जीवन में आस्था का महात्व सर्वोच्च है। आस्था का सामान्य अर्थ विश्वास की चरम सीमा पर स्थापित हो जाना है। यही विश्वास जीव के जन्म लेते ही उसे अपनी मां के प्रति, फिर परिवार के प्रति और फिर आसपास के लोगों के प्रति जागृत करता है। यहीं से संस्कारों का जन्म होता है, आदतें पडतीं हैं और स्वभाव बन जाता है। परिवार में होने वाले क्रियाकलाप दिनचर्या मे ढल जाते हैं। यहीं से प्रारम्भ होती है परमशक्ति के प्रति एक विशेष प्रकार की निष्ठा। आराधना, उपासना और साधना का क्रम धीरे-धीरे आगे बढते हुए पूजा पध्दति का रूप ले लेता है। व्यक्तिगत अनुभूतियों में फलित होने वाली क्रियाओं को पूर्ण सत्य मानने वाले उन्हीं का उपदेश जनकल्याणार्थ करने लगते हैं। यह क्रम अनादिकाल से चला आ रहा है। वर्तमान समय में यही व्यक्तिगत अनुभूतियों का परिणाम और निजी पूजा पध्दति दूसरों पर थोपने का क्रम चल निकला है। एक ही तरह के सिध्दान्तों को अंगीकार करने वाले भी अपनी-अपनी क्रियाओं को अलग-अलग ढंग से परोसने लगे हैं जिसके कारण विभेद की स्थिति ने निर्मित हो रही है और एक ही सिध्दान्त के मानने वालों के मध्य भी तनाव पैदा होने लगा है। यह स्थिति वैदिक, तांत्रिक, अघोर आदि पध्दतियों के बीच भी है तो वहीं शिया, सुन्नी, बहावी जैसे वर्गो को निर्मित कर रहे हैं। ऐसा ही कैथोलिक-पोटेस्टेन्ट, श्वेतांबर-पीतांबर तथा सगुण-निर्गुण के मध्य भी देखने को मिलता है। दूसरी ओर विपरीत सिध्दान्तों को स्वीकारने वाले भी कठोरता के साथ लोगों पर स्वयं के क्रियाकलापों को मानने का दबाव बना रहे हैं। धनबल, जनबल और राजबल के आधार पर जुल्म की नई दास्तानें लिखीं जा रहीं हैं। कहीं लालच का रसगुल्ला खिलाने वाले पश्चिमी लोग विश्व के सरल लोगों को बरगलाने में लगे हैं तो कहीं बलपूर्वक स्वयं की परम्पराओं को मनवाने का क्रम चल रहा है। अतीत में जानबूझकर लागू किये गये कानून वर्तमान में अपने गुल खिला रहे हैं। समूची दुनिया में मानवता के आधार पर भावनात्मक आहुतियां देने वाले आज जुल्म का शिकार हो रहे हैं। यह जुल्म जहां दो विपरीत सिध्दान्तों को मानने वालों के मध्य हो रहा है तो वहीं एक ही सिध्दान्त की अनेक व्याख्यायें होने से पृथक-पृथक कृत्य अपनाने वालों के बीच भी छिडा है। सर्वोच्च परमशक्ति पर विश्वास रखने का ढकोसला करने वाले वास्तव में उस सत्ता में विश्वास ही नहीं रखते बल्कि लुभावने शब्दों में मनमानी व्याख्या करने वालों पर विश्वास रखते हैं। ऐसे में व्याख्याकरों, उपदेशकारों, टीकाकारों, तकरीरकारों, प्रवचनकारों आदि का एक बडा तबका स्वयं के भौतिक लाभ के लिए ही अलौकिक सत्ता को हथियार बना रहा है, विसंगतियां प्रस्तुत कर रहा हैं, जीवन के बाद के अनदेखे संसार का काल्पनिक चित्र उपस्थित करता है और फिर विश्वास की आड में लोगों को अंधविश्वासी बना डालता हैं। अंधविश्वासी बने लोग ही तो फिदायनी, आत्मघाती और जेहादी बनकर कल्पना लोक में सुख भोगने की लालसा को फलित होते देखना चाहते हैं। उन्हें नहीं मालूम कि वे जिस के पीछे भाग रहे है। वह केवल और केवल मृगमारीचिका ही है। ईमानदाराना बात तो यह है कि आज संसार में लगभग सभी लोग किसी न किसी समस्या से ग्रसित हैं। भौतिक समस्या, शारीरिक समस्या, सामाजिक समस्या, पारिवारिक समस्या, भावनात्मक समस्या से लेकर वैभव की कामना, विलासता के सपने, सुख के हिंडोले, अकर्मण्यता के वर्चस्व, सम्मान की भूख, सत्कार की प्यास जैसे अनगिनत कारकों के मकडजाल में लोग जकडते जा रहे हैं। वे इस नाशवान शरीर के एक दिन समाप्त हो जाने की सच्चाई को भी झुठलाये बैठे हैं। ऐसे लोग ज्यादा से ज्यादा धन संचय, सम्पत्ति संचय और वैभव संचय कर लेना चाहते हैं ताकि उनका तथा उनके परिवारजनों का भविष्य सुरक्षित हो सके। यह सारा परिदृश्य उन व्याख्याकारों की देन है जो स्वयं को परमशक्ति के सबसे निकट होने का दावा करते हैं। ऐसे लोग न तो सत्य को जानते हैं और न ही सत्य को जानने देने चाहते हैं। पीड़ित मानवता के हित में काम करने के लिए सभी धर्मों में निर्देश दिये गये हैं परन्तु पीडित मानवता की परिभाषायें सीमित लोगों के समुदाय तक सिमट कर रह गईं हैं।

**■ डा. रवीन्द्र अरजरिया**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### जोरशीदा तिग्गा ने राज्यस्तरीय कुश्ती में स्वर्ण व आनंद ने कांस्य पदक जीता



**लातेहार।** 23 वें झारखंड स्टेट सीनियर कुश्ती चैंपियनशिप में जिले के महुआडांड़ प्रखंड की जोरशीदा तिग्गा ने 59 किलोग्राम वजन भार मे स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।जबकि 61 किलोग्राम वर्ग के ग्रेको रोमन प्रतियोगिता में जिले के हेरहंज प्रखंड के आनंद उरांव ने कास्य पदक प्राप्त किया है। इस आशय की जानकारी लातेहार जिला कुश्ती संघ के सचिव अमनदीप सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता गत 14 से 16 अक्टूबर तक गोड्डा में आयोजित की गयी थी। इस प्रतियोगिता में लातेहार जिला के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार ने इन दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी है। जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, कोषाध्यक्ष अमन प्रेम समेत अन्य कई लोगों ने इन दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### आदिम जनजाति गांव मंगरा, हेठडीह, तिलईटांड में सामग्री का किया वितरण

**लातेहार/गारू।** नक्सल प्रभावित गांव मंगरा,हेठडीह,तिलईटांड में सुरक्षा बल के जवानों ने जरूरतमंद लोगों के बीच सामग्री का वितरण किया।नक्सलियों के गढ़ बूढा पहाड़ से मंगरा गांव सरकार से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर दीपावली, छठ पूजा और बदलते मौसम को देखते हुए मंगरा गांव में जरूरतमंद लोगों को जरुरत का सामान दिया गया। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को कंबल, धोती, लुंगी, गमछा, साड़ी, पेटीकोट, बलाउज, चप्पल, टी शर्ट, कॉपी, स्लेट, पेन्सिल, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स, कलर पेंसिल, पठन पाठन की सामग्री वितरित की गई। पुलिस अधीक्षक के इस पहल पर सभी ग्रामीण बूढ़े बुजुर्ग महिला और बच्चों काफी खुश नजर आए और उन्होंने एसपी को धन्यवाद दिया। मौके पर थाना प्रभारी जमिल अंसारी, एसआई लालचंद बेदिया, रंजित कुमार यादव, एसआई पवन रजक एवं जवान और ग्रामीण मौजूद थे।

### चेटर के समीप ट्रेन से कटकर रेलवे कर्मचारी की मौत



**लातेहार।** बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड के चेटर स्टेशन के आउटर सिंगनल के समीप डाउन लाइन पोल संख्या 195/30 के समीप सोमवार की दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान रेलवे कीमैन रामलखन लोहरा (पिता स्व. बासुदेव लोहरा) के रूप में की जा रही थी। जानकारी के अनुसार चेटर पंचायत का आन गांव निवासी रामलखन लोहरा कोले स्टेशन में कीमैन के रूप में कार्य करता था। कुछ दिन पूर्व ही वह गांव आया था। दोपहर में वह ड्यूटी जाने के लिए निकला था। इसी क्रम में वह ट्रेन के चपेट में आ गया घटना की सूचना के बाद मृतक के परिजनों के अलावा अन्य ग्रामीणों के साथ टोरी आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार, एसआई अजीत कुमार और अन्य आरपीएफ की टीम वहां पहुंची। कीमैन के शव को कब्जे में लेने के साथ आरपीएफ अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई थी।

### ग्राम सभा में योजनाओं का किया गया चायन

**गिद्धौर(चतरा)।** मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारियातु पंचायत के लोहड़ी गांव में ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया डेगन गंझू ने किया। ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों को मुखिया ने गांव के विकास कार्य के लिए विस्तृत जानकारी दिया। उपस्थित ग्रामीणों ने गांव के विकास के लिए मनरेगा योजना से तालाब, कूप, डोभा सहित अन्य योजनाओं का चयन ग्राम सभा के माध्यम से किया। जबकि ओआरजीएफ योजना के तहत पीसीसी पथ, नाली, चबूतरा, पुल-पुलिया, चापाकल सहित अन्य योजनाओं का चयन किया गया। मौके पर उपमुखिया किरण देवी, रोजगार सेवक सुनील कुमार, वार्ड सदस्य प्रकाश यादव, भोला यादव, राजेश कुमार यादव, धनेश्वर यादव, भीम यादव सहित कई महिला पुरूष व ग्रामीण उपस्थित थे।

### सोनिया में पंचायत विकास योजना के तहत ग्राम सभा का आयोजन

**इटखोरी(चतरा)।** मंगलवार को इटखोरी प्रखंड अंतर्गत धूना पंचायत के सोनिया गांव में ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सोनी कुमारी के द्वारा किया गया। ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों को मुखिया ने गांव के विकास कार्य की विस्तृत जानकारी दी। वहीं गांव के विकास के लिए कूप मरमती, प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा योजना से गाय सेड, मुर्गी सेड, बकरी सेड, तालाबो के जीर्णोद्धार, जबकि बीआरजीएफ से पीसीसी, नाली, चबूतरा, पुलिया व चापाकल निर्माण आदि योजनाओं का चयन ग्राम सभा में किया गया। मौके पर महेंद्र कुमार पांडेय, रामकुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य पवन कुमार सिंह, रोजगार सेवक सुनील कुमार, अशोक सिंह, पिंटू सिंह, अरविंद सिंह, अजय यादव आदि उपस्थित थे।

### रक्तदान कर एलीयंट एकैडमी के शिक्षक ने बचाई गर्भवती की जान

**कुंदा(चतरा)।** चतरा निवासी सुनील कुमार यादव की गर्भवती पत्नी रूबी देवी की जान एलियंट अकैडमी हजारीबाग के शिक्षक अकाश कुमार मेहता ने आपात स्थिति में मंगलवार को ब्लड डोनेट कर जान बचाई। परिजनों के अनुसार महिला को तत्काल एक यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी और परिजन काफी परेशान थे। काफी कोशिशों के बाद भी ब्लड नहीं मिल पा रहा था। वहीं इसकी सूचना श्री मेहता को हुई तो उन्होंने तुरंत सदर अस्पताल हजारीबाग पहुंचकर रक्तदान कर महिला की जान बचाई। महिला के परिजनों ने इस कार्य के लिए श्री महतों का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही अस्पताल में मौजूद लोगों ने शिक्षक के कार्य की सराहना की। वहीं शिक्षक श्री मेहता ने काहा की सेवा भाव और दूसरों के लिए बिना स्वार्थ कुछ करने का जज्बा ऐसी शक्ति है जिससे बड़ी से बड़ी समस्या का हल किया जा सकता है। उन्होंने हर स्वास्थ्य व्यक्ती को रक्तदान करने की अपील की।

---

### जिला पंचायत शाखा से संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक

# लंबित योजनाओं को जल्द पूर्ण करें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में पंचायत शाखा से संचालित विभिन्न योजनाओं की गति व धरातल पे हो रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा के क्रम में 15 वीं वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई। बैठक में विस्तृत रूप से प्रखंडवार संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उपायुक्त ने जिला परिषद तथा पंचायत समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 अंतर्गत प्राप्त राशि के विरुद्ध किए गए खर्च की समीक्षा किया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त को 15वीं वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।

15 वें वित से अनटाइड में ग्राम पंचायत में कुल 6करोड़, 74 लाख 85 हजार, 582 रुपए की राशि प्राप्त हुई, जिससे कुल 227 योजनाऐं ली गई। जिसमें 2 करोड़,64 लाख,88 हजार, 431 रुपए खर्च कर 116 योजनाओं को पूर्ण किया गया है। शेष योजना में कार्य चल रहा है। वही टाइड में कुल 12 करोड़,48 लाख,57 हजार,331 रुपए की राशि प्राप्त हुई, जिससे कुल 270 योजनाओं को लिया गया एवं अबतक 1 करोड़,72 लाख 73 हजार,455 रुपए की राशि खर्च करते हुए 113 योजना को पूर्ण कर लिया गया।

वही पंचायत समिति में टाइड में कुल 2 करोड़,82 लाख,34 हजार,244 रुपए प्राप्त हुआ। जिससे कुल 134 योजनाऐं ली गई एवं 80लाख 37 हजार 402 की राशि खर्च कर 77 योजनाओं को पूर्ण किया गया।

अनटाइड में कुल 1 करोड़,69 लाख,14 हजार,773 रुपए की राशि प्राप्त हुई जिससे कुल 87 योजनाऐं ली गई एवं , 44 लाख 22 हजार 586 की राशि खर्च कर 42योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया।

जिला परिषद में अनटाइड में कुल 1 करोड़,96 लाख,78 हजार,129 रुपए प्राप्त हुए जिससे कुल 65 योजनाऐं ली गई एवं 72लाख, 76 हजार 704 व्यय कर कुल 38 योजनाओं को पूर्ण किया गया है। वही टाइड में कुल 1 करोड़,63 लाख 37 हजार,374 रुपए की राशि प्राप्त हुई, जिससे कुल 58 योजनाऐं ली गई एवं 43 लाख 27 हजार 672 की राशि व्यय कर कुल 32 योजनाओं को पूर्ण किया गया है।

उपायुक्त ने प्रखंडवार संचालित योजनाओं की जानकारी ली एवं अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नियमानुसार राशि खर्च करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा अन्य कई महत्वपूर्ण बिदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में डीडीसी सुरेन्द्र कुमार वर्मा , जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रीमती प्रीति सिन्हा, जिला समन्वयक, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व सभी पंचायतों के जनसेवक उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय यूथ मोबिलाइजेशन कैम्प का किया गया आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय के समीप चीरचीरोना बागी में मंगलवार को जेएसएलपीएस के माध्यम से एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय यूथ मोबिलाइजेशन कैम्प का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीस सूत्री अध्यक्ष विकास यादव, संसद प्रतिनिधि अमित तिवारी, जिप सदस्य रामसेवक दांगी, बीपीओ राम कुमार सिंह, जेएसएलपीएस के जिला कोर्डिनेटर सौरभ झा, बीपीएम अनमोल मिज, सीसी रवि कुमार, शिबू कुमार, अविनाश कुमार, दीपिका होरो व गीता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कैंप में 50 से अधिक आवेदन जमा किए गए। जिला कोर्डिनेटर ने कहा कि सरकार के माध्यम से युवा वर्ग को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। जिसके तहत हमारे क्षेत्र की युवा पीढ़ी ऑटोमोबाइल, भवन निर्माण, एसईसीएल टेक्नीशियन, नर्सिंग, सिलाई-कढ़ाई जैसे कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करके खुद को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ इसके माध्यम से बेहतर रोजगार भी देश के विभिन्न हिस्सों में पा रहे हैं। वहीं कैंप में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों की समूह से जुड़ी महिलाएं व अन्य उपस्थित थे।

## ऑल इंडिया भ्रमण के लिए साइकिल से निकला तेतरिया गांव का जयंत

नवीन मेल संवाददाता



**पत्थलगड़ा (चतरा)।** जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत तेतरीया निवासी 25 वर्षीय जयन्त कुमार ने मंगलवार को साइकिल से ऑल इंडिया टूर के लिए रवाना हुवे। इससे पूर्व जयंत ने अपने माता-पिता व अन्य सगे संबंधियों एंव दोस्तों के साथ लेम्बोइया मंदिर में पूजा अर्चना किया। जिसके बाद बड़ो से आशीर्वाद लेकर साइकिल से भारत भ्रमण के लिए निकले। जयंत ने बताया कि मेरा यह सपना था कि मैं साइकिल से पूरे भारत का भ्रमण करूंगा। आगे कहा कि भ्रमण के दौरान रास्ते में पड़ने वाले सभी राज्यों के गांव व शहर का भ्रमण कर वहां कि इतिहास एंव संस्कृति के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। उन्होनें बताया कि भ्रमण में मुझे एक से दो वर्ष का समय लग सकता है। जयंत के पिता अमीरका दांगी व माता आरती देवी ने बताया कि वह बचपन से ही काफी मैहनती और कुछ अलग करने का जुनून रखता था। इस दौरान जयंत के माता पिता एंव दोस्तों ने जयंत को आशीर्वाद एंव शुभकामनाएं देकर विदा किया।

### खुरा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़े लोग, बोले बीडीओ

# लोगों की समस्याओं का होगा समाधान



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड के खुरा पंचायत सचिवालय में मंगलवार को पंचायत स्तरीय आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ राकेश सहाय, जिप सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, खुरा मुखिया जितेंद्र सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, ग्राम प्रधान सूरज मल प्रसाद समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों के समस्याओं के निदान हेतु अलग-अलग स्टाल लगाए गए थे। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों से समस्याओं हेतु आवेदन पत्र प्राप्त किया जा रहा था। शिविर में कई मनरेगा मजदूरों के बीच जॉब कार्ड , बाल विकास पदाधिकारी कार्यालय द्वारा सावित्रीबाई फुले की पूरी योजना के लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र आदि का वितरण किया गया।

#### आवेदनों का हो रहा हैं निष्पादन : बीडीओ

बीडीओ राकेश सहाय ने कहा शिविर के माध्यम पंचायत के सभी वंचित लोगो में 60 वर्ष से ऊपर लोगों का सर्वजन पेंशन योजना का लाभ दिलाना, रोजगार दिलाना,राशन कार्ड दिलाना,समेत बुनियादी सुविधाओं का वंचित लोगों को अधिक से अधिक लाभ दिलाना है। उन्होंने कहा कि ने कहा कि शिविर में आए आवेदनों का निष्पादन किया जा रहा है । शिविर में विभिन्न विभागों के 1 दर्जन से अधिक के स्टाल में लोगों ने जॉब कार्ड, पीएम आवास, पेंशन, चिकित्सा सुविधा, पशुपालन विभाग समेत अन्य विभागों के स्टाल लोगो से आवेदन लिए जा रहे थे। शिविर में जहां 200 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए इसमें आधे से अधिक मामले का निष्पादन तत्काल किया गया. शिविर में आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण, पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बाड़ी गांव में ग्राम सभा का आयोजन

**लातेहार।** मनिका प्रखंड अंतर्गत स्थित सिंजो पंचायत के ग्राम बाडी मे सबकी योजना सबकी विकास के जीपी डीपी के तहत ग्राम सभा आयोजन किया गया। ग्राम सभा का अध्यक्षता ग्राम प्रधान कयूम अंसारी ने किये। मौके पर ग्राम प्रधान ने बोले कि 2023 2024 के लिए सभी योजना लिखवाले। ग्रामीणों के द्वारा सभी प्रकार के योजना लिखवाया गया। मौके पर उपस्थित मुखिया पति सहायक सिंह, रोजगार सेवक सुरेंद्र कुमार यादव, पंचायत सेवक मनोहर सिंह, आनंद सिंह, वार्ड सदस्य सुषमा देवी, इसराइल अंसारी, जितेंद्र सिंह, संतु भुइया मंजू देवी, आरती देवी, सुषमा देवी, रूबी देवी, ललिता देवी, लीलावती देवी, गफार अंसारी समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बरियातु मुखिया ने किया विद्यालय का निरीक्षण



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लोहंडी का मुखिया डेगन गंझू ने मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान मुखिया ने बच्चों से पढ़ाई के अलावे एमडीएम से संबंधित जानकारी लेने के उपरांत प्रधानाध्यपक को मीनू के अनुसार एमडीएम देने का निर्देश दिया। कहा भोजन में लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। साथ ही विद्यालय परिसर को साफ सुथरा रखने का निर्देश दिया।

### मुख्यमंत्री आज पहुंचेंगे चतरा

# कई विकास योजनाओं का करेंगे शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे राज्य में एक साथ विभिन्न स्थानों पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्य के मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन व विशिष्ट अतिथि के रुप में पंचायती राज, ग्रामीण कार्य एवं संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता माननीय, सांसद सुनील कुमार सिंह, हजारीबाग संसद जयंत सिन्हा, विधायक सिमरिया किशुन कुमार दास माननीय, विधायक बड़कागांव अम्बा प्रसाद शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा कुल 67 योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा, जिसकी प्राक्कलित राशि एक सौ छियासी करोड़ छियानवे लाख चौसठ हजार एक सौ छियासी रुपया होगी। वहीं बत्तीस करोड़ बहत्तर लाख पैंतालीस हजार तीन सौ बासठ रुपए के 42 योजनाओं का उद्घाटन किया जायेगा। कार्यक्रम में एक सौ एक करोड़ संतावन लाख ग्यारह हजार पांच सौ पचासी रुपए की परिसम्पतियों का वितरण भी किया जायेगा। कार्यक्रम की सभी अवश्यक तैयारियों जिला प्रशासन के द्वारा पुरी कर ली गई हैं। उपायुक्त अबु इमरान अंतिम दिन कार्यक्रम के तैयारियों का जायजा संबंधितों से लेते हुए कई अवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## मालहन पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मालहन पंचायत सचिवालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्धघाटन बीडीओ विजय कुमार, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, मालहन मुखिया जतरु कुमार मुंडा, झामुमो प्रखंड सचिव मो इजहार ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी कहा कि अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना ही शिविर का मुख्य उद्देश्य है। शिविर में मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना,सावित्री बाई फुले बालिका समृद्धि योजना,जॉब कार्ड, ई-श्रम कार्ड, स्वास्थ्य,आधार कार्ड,आंगनबाड़ी केंद्र,आवास योजना समेत अन्य कई विभागों के स्टॉल लगाए गये थे।शिविर में आये ग्रामीणों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया।शिविर में प्राप्त सैकड़ों आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन करते हुए स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया गया। मौके पर बीपीओ रतन कुमारी शाहदेव,मुखिया जतरु कुमार मुंडा, पंसस लाछो देवी,उप मुखिया गीता देवी, प्रखंड कर्मी समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# अफसर ने ली एक मजदूर की जान, सड़क जाम

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** थाना अंतर्गत दिन प्रतिदिन सड़क दुर्घटना होना एवं जाने जाना आम हो गया है। कभी कोलवरी से निकलने वाले ट्रक हाईवा का लोग शिकार हो जाते हैं। तो कभी किसी बड़े आदमी के गलतियों का शिकार हो जा रहे हैं। ताजा मामला है बालूमाथ मुरपा मोड़ हीरो शोरूम के पास का है। जहां बीते रात्रि सोमवार को लगभग 10:30 बजे एक तेज रफ्तार ब्लैक XUV300़02 0576 ने विपरीत दिशा से आ रही बाइक सवार मजदूर युवक को धक्का मार दी । युवक कारु भुईया थाना क्षेत्र के चेक्नाका निवासी है। दूसरा युवक निर्मल कुमार थाना क्षेत्र के कासियाडीह निवासी है। जो गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे देर रात्रि अस्पताल में डॉक्टर अमरनाथ ने प्राथमिक उपचार कर मरीज की स्थिति को गंभीर देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। वही रास्ते में ही युवक कारू भुइयां ने दम तोड़ दिया । दूसरा युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। इस विरोध में मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने रांची चतरा मुख्य मार्ग चेक नाका के पास सुबह से ही जाम कर दिया । जिससे गाड़ियों की दोनों और लंबी कतारें लग गई। जाम की जानकारी होते ही बालूमाथ थाना पुलिस एवं अंचलाधिकारी आफताब आलम,मुखिया नरेश लोहरा जाम स्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिले और संवेदना व्यक्त की। अंचलाधिकारी ने पारिवारिक लाभ और दोषियों पर कार्रवाई करने की आश्वासन देकर जाम छुड़वाया। मौके पर पुलिस ने मृत शरीर को अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दी। वहीं मृतक के परिजन ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर ब्लैक एक्स यू वी 300़02 0576 कार ड्राइव कर रहे मनिका अभियंता प्रभात सरोज के खिलाफ बालूमाथ थाना में शराब के नशे में तेज कार ड्राइव करने का नामजद मामला दर्ज कराया है। वही आवेदन पाकर बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने कार को जब्त कर थाना ले आई है। और आवेदन के आधार पर अग्रसर कार्रवाई में जुट गई है।

**कमाने वाला एक था परिवार में टूटा दुखों का पहाड़:** बता दें कि मृत युवक कारु भुइँया पिता स्व शंकर भुइँया अपने पीछे पत्नी के अलावे छः पुत्रियां और एक पुत्र छोड़ गया है। मिली जानकारी के अनुसार युवक घर में कमाने वाला अकेला था जिसके चले जाने से घर परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस घटना के बाद से ही घर परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है।

#### बालूमाथ प्रखंड में होते रहती है सड़क दुर्घटनाएं

स्थानीय प्रशासन दुर्घटना को कम करने की बना रही है योजना लातेहार जिले के बालूमाथ प्रखंड में इन दिनों सबसे अधिक सड़क दुर्घटना देखी जा रही है जिसको देखते हुए बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम और पुलिस निरीक्षक शशी रंजन, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद,ने लोगों को जागरूक करने का बात कहते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना ट्रैफिक नियम के पालन नहीं करने से हो रही है जिसके लिए लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है जिसके लिए प्रखंड प्रशासन लोगों को जागरूक करने की प्रयास करेंगी। लोगों को जागरूक करने के लिए जगह जगह पोस्टर लगाया जाएगा और बैरेकैटिंग लगाई जाएगी ताकि सड़क दुर्घटना कम हो सके।

## खुरा पंचायत सचिवालय में आधार केंद्र का बीडीओ ने किया उद्धघाटन

नवीन मेल संवाददाता



**बरवाडीह।** प्रखंड के खुरा पंचायत सचिवालय में मंगलवार को आधार कार्ड केंद्र का उदघाटन किया गया। आधार केंद्र का प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय बिधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, मुखिया जितेन्द्र सिंह, पूर्व मुखिया हुलास कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। मौके पर बीडीओ श्री सहाय ने कहा कि पंचायत स्तर पर आधार केंद्र खुलने से अब पंचायत के लोगों को आधार कार्ड आधार कार्ड बनाने सुधारने के लिए प्रखंड कार्यालय के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा उन्होंने पंचायत के लोगों से आधार कार्ड सेंटर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील किया। वहीं उन्होंने आधार कार्ड केंद्र का निरीक्षण कर संचालक से आधार कार्ड सुधारने में निर्धारित शुल्क ही वसूलने का निर्देश दिया। वही नया आधार कार्ड बनाने में किसी भी प्रकार की शुल्क नहीं लेने का निर्देश दिया। उन्होंने आधार केंद्र संचालक से आधार केंद्र में किए जाने वाले कार्यों की दीवार लेखन कर प्रकाशित कर निर्धारित राशि भी अंकित करने की बात कही ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिल सके। मौके पर पंचायत के कई लोग उपस्थित थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### राजीव गांधी हत्याकांड की स्पेशल जांच एजेंसी भंग

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 21 मई 1991 को लिट्टे के आत्मघाती हमले में हत्या हुई थी। केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या की जांच के लिए बनायी गयी स्पेशल जांच एजेंसी को भंग कर दिया है। यह मल्टी डिसीप्लीनरी मॉनिटरिंग एजेंसी (एमडीएमए) राजीव गांधी की हत्या के पीछे किसी बड़ी साजिश की जांच के लिए बनायी गयी थी। इसे 1988 में जैन आयोग की सिफारिश पर बनाया गया था। यह स्पेशल एजेंसी यानी एमडीएमए पिछले 24 साल से सीबीआई के तहत काम कर रही थी। इसमें कई केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अफसर शामिल थे। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, एजेंसी को भंग करने का आदेश मई में जारी किया गया था। इस मामले में आगे की जांच सीबीआई की एक अलग यूनिट करेगी।

### महाराष्ट्र में शिंदे गुट को बड़ा झटका

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाले शिवसेना गुट के विधायक भरत गोगावाले और राज्य सरकार के मंत्री उदय सामंत के नेतृत्व वाले पैनल को उनके पैतृक गांवों में हुए ग्राम पंचायत चुनावों में हार का सामना करना पड़ा है। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि इसके अलावा सत्तारूढ़ भाजपा ने स्कूली शिक्षा मंत्री और शिंदे खेमे के सदस्य दीपक केसरकर के गृह जिले सिंधुदुर्ग में तीन ग्राम पंचायत सीट पर जीत हासिल की है। यहां चौथी सीट उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना को मिली है। रविवार को हुए 1,079 ग्राम पंचायतों के चुनाव परिणाम सोमवार को घोषित किये गये। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को सबसे अधिक 397 ग्राम पंचायत सीट जीतने का दावा किया और कहा कि शिंदे नीत बालासाहेबांची शिवसेना के साथ उनकी संयुक्त सीटों की संख्या 478 पहुंच गयी है।

### संजय राउत को कोर्ट से फिर झटका

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को कहा कि वह कथित धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किये गये शिवसेना सांसद संजय राउत की जमानत याचिका पर 21 अक्टूबर को सुनवाई जारी रखेगी। विशेष न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने राउत की न्यायिक हिरासत की अवधि भी 21 अक्टूबर तक बढ़ा दी, जब उन्हें मंगलवार को हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया। अदालत में राउत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता एकनाथ खडसे से मिले, जो प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले के सिलसिले में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए वहां आये थे।

# लाहौल स्पीति की पहाड़ियों पर बर्फबारी से ठंड बढ़ी



**कुल्लू (एजेंसी)।** हिमाचल के जिला कुल्लू में और जनजातीय जिला लाहौल स्पीति की तमाम ऊंची चोटियों पर ताजा बर्फबारी हुई है। जिससे घाटी में ठंड बढ़ गयी है। तापमान गिरने के कारण घाटी की सड़कों में ब्लैक बर्फ जमनी शुरू हो गयी है। लिहाजा, बीआरओ द्वारा दिये गये रोड स्टेटस के आधार पर सुमदो-काजा-ग्राम्फू राष्ट्रीय राज मार्ग-505 और राष्ट्रीय राजमार्ग मनाली-लेह-03 में वाहनों की आवाजाही के लिए समय निर्धारित किया गया है। एसपी लाहुल स्पिति मानव वर्मा ने बताया कि सुमदो-काजा-ग्राम्फू मार्ग में वाहन सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक ही आ जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस मार्ग में कुंजम पास में ब्लैक आइस जम रही है जिस कारण वाहनों की आवाजाही को खतरा बना हुआ है। इसके अलावा मनाली-लेह मार्ग में भी सुबह नौ से शाम तीन बजे तक वाहनों की आवाजाही का समय निर्धारित किया है।

■ काजा और लेह मार्ग में वाहनों की आवाजाही के लिए समय निर्धारित

### घाटी में तापमान गिरा

**लाहौल** स्पीति की ऊंची पहाड़ियों पर बर्फबारी होने से घाटी का तापमान गिरावट दर्ज की गयी है। जिसमें केलांग में 0.4, कल्पा में 3.5, मनाली में 7.0, कुफरी 9.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। पर्यटन नगरी मनाली में मौसम ने करवट ली है। जहां मौसम में बदलाव के चलते ठंड बढ़ गयी है। मनाली की पहाड़ियों में सोमवार रात से ही मौसम में बदलाव के बाद बर्फबारी शुरू हुई है। जिसके चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है।

## दुनिया के सबसे बड़े दाग रहित हीरा की नीलामी

**लंदन (एजेंसी)।** दुनिया के सबसे बड़े दाग रहित हीरा कम से कम 1.3 करोड़ पाउंड में बिकने के लिए तैयार है। ब्रिटिश अखबार द सन की रिपोर्ट के मुताबिक नाशपाती के आकार की गोल्डन कैनरी इस हीरे का 300 कैरेट से अधिक है। इसे सोमवार को दुबई में प्रदर्शित किया गया। प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में अपने चाचा के बगीचे में खेल रही एक युवा लड़की द्वारा मलबे के ढेर से इसे खोजा गया था। उस समय यह 890 कैरेट का खुरदरा हीरा था, जिसे दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा हीरा होने का गौरव प्राप्त है। बाद में नाशपाती के आकार में काटे जाने के बाद, यह जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ अमेरिका द्वारा अब तक का सबसे बड़ा दाग रहित हीरा बनाया गया। उल्लेखनीय है कि दिसंबर में न्यूयॉर्क में सोथबीज द्वारा बिना रिजर्व के हीरे की नीलामी की जाएगी।

# पांच राज्यों के 40 ठिकानों पर एनआईए का छापा

❍ टेररिस्ट, स्मगलर्स और गैंगस्टर्स पर एक्शन, पटना में दानिश के घर रेड

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर के पांच राज्यों में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की छापेमारी चल रही है। यह छापेमारी दिल्ली, पटना, हरियाणा, राजस्थान, चंडीगढ़ और पंजाब के 40 ठिकानों पर की गयी है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक भारत और विदेशों में स्थित आतंकवादियों, गैंगस्टर्स और ड्रग स्मगलर के उभरते नेक्सेस को खत्म करने के लिए यह रेड डाली गयी है।

पटना के फुलवारी शरीफ में गजवा-ए-हिंद से जुड़े मरगुब अहमद उर्फ दानिश के घर एनआईए ने रेड मारी। उसके घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है। दानिश की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। वह गजवा-ए-हिंद व्हाट्स एप्प ग्रुप का एडमिन है। इधर, हरियाणा के झज्जर में गैंगस्टर नरेश सेठी के ठिकाने पर एनआईए ने छापेमारी की। मंगलवार सुबह चार बजे जांच एजेंसी पुलिस के साथ नरेश सेठी के घर पहुंची। सेठी की अवैध सम्पति और बैंक डिटेल को खंगाला गया। उनके घरवालों से भी पूछताछ की गयी। गैंगस्टर सेठी हत्या, फिरौती समेत अन्य कई संगीन मामलों में शामिल रहा है। वह अभी तिहाड़ जेल में बंद है। झज्जर के डीएसपी रविंदर कुमार कुंडू ने बताया कि यहां पर करीब चार घंटे सर्च ऑपरेशन चलाया गया है जिसके बाद एनआईए ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर अपने साथ लेकर गयी है। रिपोर्ट वे अपने विभाग को देंगे।

### पिछले महीने पीएफआई पर एनआईए की छापेमारी में 106 गिरफ्तार



**सितंबर** में एनआईए ने 15 राज्यों में पीएफआई के 93 ठिकानों पर छापेमारी की। टेरर फंडिंग केस में हो रही इस कार्रवाई में पीएफआई से जुड़े 106 सदस्यों को अरेस्ट किया गया है। गिरफ्तार होनेवालों में संगठन प्रमुख ओमा सालम भी शामिल है। ये पीएफआई नेता, कैडर आतंकवाद और आतंकवादी गतिविधियों के लिए पैसे, हथियार चलाने के ट्रेनिंग देनेवाले लोग हैं। ये लोगों को प्रतिबंधित संगठनों में शामिल होने के लिए कट्टरपंथी बनाने का काम करते थे। छापेमारी के दौरान एनआईए और ईडी के 500 अफसर सर्च ऑपरेशन में शामिल थे।

### गैंगस्टर्स का आतंकी संगठन के साथ कनेक्शन के मामले में छापेमारी

**दूसरी** ओर एनआईए की टीम हरियाणा के सोनीपत और झज्जर में मंगलवार सुबह गैंगस्टर राजू बसौदी और पलड़ा में अक्षय पलड़ा के घर पहुंची। गैंगस्टर्स के आतंकियों के साथ कनेक्शन के मामले में छापेमारी की गयी। पंजाब के बठिंडा के गांव जग्गा जंडियां के घर में एनआईए ने छापेमारी की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पंजाब में लॉरेंस बिश्नोई, नीरज बवाना समेत कई गैंग से जुड़े लोगों के ठिकानों पर भी कार्रवाई की गयी है।

## जयललिता की मौत पर रिपोर्ट पेश शशिकला के खिलाफ जांच की मांग



**चेन्नई (एजेंसी)।** पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता की मौत की जांच करने वाले न्यायमूर्ति अरुमुगासामी आयोग ने जयललिता की पूर्व सहयोगी वीके. शशिकला, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सी. विजयभास्कर और पूर्व स्वास्थ्य सचिव डॉ जे. राधाकृष्णन और डॉ सी. शिवकुमार के खिलाफ जांच की सिफारिश की है। आयोग ने मंगलवार को तमिलनाडु विधानसभा में अपनी रिपोर्ट पेश की। राज्य सरकार ने 22 सितम्बर, 2016 को अस्पताल में भर्ती होने के बाद से पूर्व मुख्यमंत्री की मृत्यु की परिस्थितियों की जांच के लिए आयोग का गठन किया था। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में चश्मदीदों का हवाला देते हुए दावा किया कि जयललिता की मौत पांच दिसम्बर के बजाय चार दिसम्बर को हुई थी। अरुमुगसामी आयोग ने पहले मुख्यमंत्री एमके. स्टालिन को रिपोर्ट पेश की थी। रिपोर्ट में सवाल किया गया है कि डॉ. रिचर्ड बीले के जयललिता को विदेश ले जाने के लिए तैयार होने के बाद भी पूर्व मुख्यमंत्री को इलाज के लिए विदेश क्यों नहीं ले जाया गया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ब्रिटेन और अमेरिका के जाने-माने डॉक्टरों, जो राज्य सरकार के निमंत्रण पर अपोलो अस्पताल पहुंचे थे, ने एंजियोप्लास्टी का सुझाव दिया था, उसके बाद भी यह नहीं किया गया। आयोग ने आगे कहा, इन सभी पहलुओं से आयोग ने निष्कर्ष निकाला है कि वीके शशिकला शशिकला, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सी. विजयभास्कर और पूर्व स्वास्थ्य सचिव डॉ जे. राधाकृष्णन और डॉ सी. शिवकुमार के खिलाफ जांच के आदेश दिए जाने चाहिए।

# छोटी दीवाली के दिन दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे पीएम



**अयोध्या (एजेंसी)।** रामनगरी अयोध्या में दीपोत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छोटी दीवाली से यानी 23 अक्टूबर को अयोध्या आयेंगे। यहां होनेवाले दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे और रामलला के दर्शन भी करेंगे। उनके दौरे को लेकर अयोध्या में दीपोत्सव को लेकर तैयारियों जोरो-शोरो से चल रही है। खास बात यह है कि इस बार दीपोत्सल में मंदिर निर्माण की खुशी भी झलकेगी और पीएम की मौजूदगी का उत्साह और बढ़ गया है। बता दें कि पांच अगस्त 2021 में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण को लेकर भूमि पूजन के बाद पीएम मोदी अयोध्या आएंगे।

**रामलला में जलेगा पहला दीपक :** पीएम मोदी करीब तीन घंटे राम की पौड़ी में बिताएंगे और 17 लाख दीपक जलाकर उल्लास को प्रकट किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीपोत्सव के साथ-साथ रामलला के दर्शन भी करेंगे। इतना ही नहीं पीएम मोदी के द्वारा रामलला के गर्भगृह में पहला दीया जलेगा। रामनगरी अयोध्या के मठ-मंदिर, चौक-चौराहों से लेकर घर-घर रोशन करने की योजना बन रही है। इतना ही नहीं राम वन-गमन मार्ग के मंदिरों में भी दीपक जलेंगे। पीएम मोदी की सुरक्षा के कड़े इंतजाम भी किए जा रहे हैं। दरअसल अयोध्या दीपोत्सव के आयोजकों ने दीपोत्सव में शामिल होने के लिए का निमंत्रण पीएम मोदी को भेजा था, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। 23 अक्टूबर के दिन मोदी शाम पांच बजे से लेकर रात आठ बजे तक यहीं समय बिताएंगे। वहीं, दूसरी ओर भव्य दीपोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार यानी 19 अक्टूबर को अयोध्या जाएंगे। वहां पहुंचने के बाद सीएम दीपोत्सव स्थल का निरीक्षण के अलावा श्रीराम जन्मभूमि का दर्शन और मंदिर निर्माण स्थल का भी निरीक्षण करेंगे।

# ईरान की कट्टरपंथी और रूढ़ीवादी सोच से लड़ने वाली एल्नाज रेकाबिक गायब

## ईरानी अथॉरिटीज पर शक, प्रदर्शनों ने ईरान अथॉरिटीज को कर दिया है परेशान



**तेहरान (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मंगलवार को हलचल उस समय बढ़ गयी जब ईरान की पर्वतारोही एल्नाज रेकाबिक के गायब होने की खबरें आयीं। रेकाबी ने बिना हिजाब के दक्षिण कोरिया में एक प्रतियोगिता में भाग लिया था। इसके बाद वह दक्षिण कोरिया से तो निकल गयीं लेकिन कहां, इस बारे में कुछ पता नहीं चल पा रहा है। रेकाबी ने हिजाब के बिना प्रतियोगिता में शामिल हुई थीं। अब उनके गायब होने के बाद कई तरह की बातें हो रही हैं। ईरान की मीडिया की मानें तो ऐसा हो सकता है कि ईरान के अधिकारियों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, ईरान की सरकार की तरफ से इस बात से इनकार कर दिया गया है।

**बिना हिजाब हुईं शामिल :** ऐलनाज ने कई प्रतियोगिताओं में अपने देश को मेडल दिलाये हैं। हिजाब के खिलाफ प्रदर्शन के तहत ही उन्होंने दक्षिण कोरिया में बिना हिजाब या सिर ढंके प्रतियोगिता में शामिल होने का फैसला किया था। 16 सितम्बर को 22 साल की माशा अमीनी की मौत के बाद से ही ईरान के हालात हिंसक बने हुए हैं। माशा को देश की मॉरलिटी पुलिस ने कपड़ों की वजह से गिरफ्तार कर लिया था। हिरासत में मौत होने की वजह से देश में जगह-जगह प्रदर्शनों का दौर शुरू हो गया।

**ईरान में लगा था बैन :** ईरान में हो रहे प्रदर्शनों में स्कूली बच्चों से लेकर ऑयल वर्कर्स और कई और लोग शामिल हो गये हैं। यहां पर सड़कों पर हिजाब के खिलाफ आवाज उठायी जा रही है। साल 2009 में राष्ट्रपति चुनावों के दौरान देश में इस तरह के उग्र प्रदर्शन हुए थे। अब 13 साल बाद इन प्रदर्शनों ने अथॉरिटीज को परेशान कर दिया है। सियोल स्थित ईरानी दूतावास की मानें तो रेकाबी ने मंगलवार की सुबह फ्लाइट पकड़ी थी। बीबीसी की रिपोर्ट पर अगर यकीन करें तो एल्नाज पर बैन लगा हुआ था लेकिन इसके बाद भी वह अपने देश के कई लोगों के साथ संपर्क में थीं। सूत्रों की मानें तो ईरानी अथॉरिटीज ने एल्नाज का पासपोर्ट और उनका मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। बुधवार को उन्हें वापस आना था लेकिन वह नहीं लौटी हैं। ईरानी-कनैडियन वेबसाइट ईरान वायर की जर्नलिस्ट माजियार बाहारी ने ईरान पर आरोप लगाया है कि एल्नाज को गिरफ्तार करके देश की कुख्यात एविन जेल में डाल दिया गया है।

### दूतावास ने साधी चुप्पी

**ईरानी** दूतावास ने इस खबर को पूरी तरह से झूठ करार दिया है। दूतावास की तरफ से एल्नाज की एक फोटोग्राफ भी ट्वीट की गई है जिसके बाद शक और गहरा गया है। यह फोटोग्राफ रूस में हुई एक प्रतियोगिता की है जिसमें उन्होंने हिजाब पहना है। यहां पर उन्होंने कांस्य पदक जीता था। दूतावास की तरफ से अब किसी भी कॉल का जवाब नहीं दिया जा रहा है।




# न्यूज गैलरी

## महिला सम्मेलन किन्नर अर्धनारीश्वर का सम्मान करेगी

रांची। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा के तत्वधान में मंगलपवार को अपराह्न 3 :00 बजे महाराजा अग्रसेन भवन में कन्या पूजन एवं किन्नरों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अनूठे कार्यक्रम में लगभग 40 किन्नरों को उपदेवताओं या अर्धनारीश्वर का अभिनंदन एवं सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल उपस्थित रहेगी। महिला सम्मेलन रांची की अध्यक्ष नैना मोर एवं सचिव रीता केडिया ने सबों से अनुरोध किया है कि समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाये।

## एशियन यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक जीतनेवाली आशा को मंत्री ने किया सम्मानित

रांची। झारखंड की एथलीट आशा किरण बारला को मंगलवार को रांची लौटने पर खेल मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने अपने आवास पर सम्मानित किया। उन्होंने आशा किरण बारला को वाजिब पुरस्कार राशि और उच्च कोटि के खेल किट विभाग से उपलब्ध कराये जाने का भी निर्देश दिया। इस दौरान खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, उप निदेशक धर्मेंद्र कुमार दीक्षित, आशा के कोच आशू भाटिया, एथलेटिक्स संघ के शिव कुमार पांडेय, शशांक सिंह समेत अन्य भी उपस्थित थे। इससे पूर्व रांची पहुंचने पर बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर खेल कूद एवं युवा कार्य निदेशालय तथा झारखंड खेल प्राधिकरण की ओर से आशा किरण बारला का स्वागत किया गया। इस दौरान प्राधिकरण के खेल परामर्शी देवेंद्र कुमार सिंह, पूर्व जिला खेल पदाधिकारी प्रभात शंकर, रांची जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव प्रभाकर वर्मा सहित अन्य भी उपस्थित थे।

## छठ तालाब की साफ-सफाई को लेकर बैठक आयोजित

रांची। झारखंड छात्र क्लब के तत्वावधान में धनई सोसो शुंडिल छठ तालाब में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आस्था का महापर्व छठ पूजा आयोजन के लिए महत्वपूर्ण बैठक क्लब के अध्यक्ष गारमेंट भगत के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं आजसू नेता भरत काशी, क्लब के संस्थापक शिव किशोर शर्मा, ग्राम प्रधान किशोर कच्छप, वार्ड सदस्य वार्ड सदस्य मुन्नी देवी, ग्राम प्रधानकिशोर कच्छप, देवा प्रधान आदि गण्यमान बंधुगण विशेष रूप से मौजूद हुए। मौके पर शांतिपूर्ण छठ पूजा आयोजन हेतु सर्वसम्मति से नई कमेटी बनाई गई साथ ही छठ पूजा घाट तालाब में सफाई अभियान भी चलाया गया एवं छठ व्रतियों के बीच फल वितरण,उनके सुरक्षा, छठ घाट के चारों तरफ विद्युत सज्जा एवं छठ पूजा के अवसर पर भक्तिमय जागरण आयोजन हेतु सहमति बनी जिसका सभी लोगों ने समर्थन किया। झारखंड छात्र क्लब छठ पूजा समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारी, मुख्य संरक्षक भरत काशी, देवेंद्र सिंह, सीमा शर्मा, संरक्षक गुड्डू शर्मा, देवा प्रधान, महेश टोप्पो, पूजा उरांव, बिरसा तिर्की, अध्यक्ष गवर्नमेंट भगत, संस्थापक शिव किशोर शर्मा, सचिव दिलीप विश्वकर्मा, उपसचिव किशोर कच्छप, कोषाध्यक्ष संतोष प्रसाद उर्फ लालू उप कोषाध्यक्ष संतोष मिश्रा, कार्यकारिणी अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष संजय भगत, राजकुमार भगत, संजय भगत संगठन महामंत्री जितेंद्र काशी संगठन मंत्री किशन काशी,नवीन शर्मा, सह मंत्री शंभू मिश्रा, महासचिव काजल प्रिया, मुख्य संयोजक लालबाबू सिंह, प्रशासनिक पदाधिकारी बंटी सिंह मीडिया प्रभारी अखिलेश कुमार आदि छठ घाट सफाई अभियान के साथ बैठक की समाप्ति हुई।

# पंचायतों के विकास के लिए केन्द्र सरकार कटिबद्ध, राज्यों से नहीं होता भेदभाव : कपिल

## मुख्यमंत्री काम नहीं, पैसे कमाने में लगे हैं : बाबूलाल मरांडी



पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री पैसे व परिवार के बाहर सोच नहीं सकते। वह कहते हैं कि भाजपा काम नहीं करने देती, लेकिन वह काम करने के बजाय कमाने में लगे हैं। सचिव के यहां करोड़ों मिले, उनके करीबी जेल में हैं। हेमंत सोरेन उनलोगों से अपने रिश्ते नहीं कबूलते। बालू से लेकर कोयले की तस्करी पुलिस संरक्षण में हो रही। बाबूलाल ने आरोप लगाया कि एक जिले में अवैध तरीके से जमीन कब्जा हो रहा था, उन्होंने पदाधिकारियों से शिकायत की तो बताया गया कि ऊपर से पैरवी है, ऊपर यानि कांके रोड। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बार बार दलगत आधार पर चुनाव का मुद्दा भाजपा ने उठाया था, लेकिन राज्य की सरकार ने यह मांग नहीं मानी। 53 प्रतिशत सीटों पर भाजपा से जुड़े लोग जीते। बाबूलाल मरांडी ने पंचायत प्रतिनिधियों को कहा कि राशन से लेकर पेंशन और ग्रामीण क्षेत्रों में पोषाहार पर विशेष ध्यान रखें। स्थनीय प्रतिनिधि मुस्तैद होकर देखेंगे तभी गांवों का विकास होगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि तीन साल में सड़कें टूट गई, नई सड़क नहीं बनी। बाबूलाल ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण सरकार का अंत करीब है। बार बार मुख्यमंत्री राज्यपाल के यहां जाते हैं, पूछते हैं कि उनका अंत कब लिखा है, फिर कभी वह संवैधानिक संस्थाओं पर भी सवाल उठाते हैं। ऐसे शासन को हटाने के लिए संघर्ष जरूरी है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीते जिला परिषद अध्यक्ष, सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों, मुखिया के सम्मान कार्यक्रम में काफी उत्साह देखने को मिला। केंद्रीय पंचायती राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास जैसे वरिष्ठ नेताओं ने पंचायत प्रतिनिधियों पर फूलवर्षा की। साथ ही आने वाले दिनों में गांव- गांव तक भाजपा के संगठन को मजबूत करने व गांव को विकास से जोड़ने का मंत्रा भी नेताओं ने दिया। पंचायती राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल ने कहा कि उनका राजनीतिक जीवन खुद मुखिया पद से शुरू हुआ था। वह गांव फिर तालुके के मुखिया बने, फिर जिला परिषद अध्यक्ष बने। साल 2014 में सांसद बने, फिर 2019 में मंत्री भी बने। संबोधन में कपिल मारेश्वर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के खून में भेदभाव नहीं है। भले ही आधे पंचायतों में भाजपा से जुड़े लोग जीते हों, लेकिन सारे पंचायतों को बराबर पैसा जाता है। पाटिल ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री अगर कहते हैं कि राज्य को पैसा नहीं मिल रहा है तो ये गलत है। साल 2021-22 में दो हजार करोड़ से अधिक पैसे पंचायतों के लिए दिए गए, पांच सालों में 8234 करोड़ रुपये केंद्र देगी। मंत्री ने कहा कि वित्त आयोग का बजट भी बढ़ाया गया है। 15वें वित आयोग का बजट 2 लाख 36 हजार करोड़ रुपये का होगा।

## राज्य सरकार को मुंहतोड़ जवाब देंगे : रघुवर दास



पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि झारखंड की लुटेरी सरकार दोनों हाथ से राज्य को लूट रही है। पहाड़ काट रही है, नदियों को नाला बना रही है। लुटेरी सरकार को मुंहतोड़ जवाब देंगे। झारखंड तीन करोड़ जनता का है, किसी एक परिवार का नहीं है। रघुवर दास ने कहा कि साल 2014-19 तक भाजपा के डबल इंजन की सरकार ने गांव में विकास किया, लेकिन अब केंद्र की योजनाओ को रोका जा रहा है। लिट्टीपाड़ा का उदाहरण देते हुए रघुवर दास ने कहा कि वहां 200 करोड़ से अधिक की पेयजल योजना उन्होंने शुरू की थी, लेकिन तीन साल बाद योजना 30 प्रतिशत भी पूरा नहीं हुआ। केंद्र के पैसों व योजनाओं में राज्य की सरकार भ्रष्टाचार कर रही है। केंद्र के पैसों का बंदरबाट किया जा रहा है, यही वजह है कि राज्य की स्थिति ठीक नहीं है। पंचायत समिति सदस्यों को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं पर नजर रखें, स्कूलों में बच्चों को खाना मिल रहा है या नहीं यह भी देखें। गांव को शौचालय युक्त, नशामुक्त बनाने की दिशा में काम करें। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति विकास के दौर में उनकी काफी अहमियत है। सरकार द्वारा चलायी जा रही है योजनाओं लोगों तक पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता है। गांव के हर क्षेत्रों में पंचायत की भूमिका महत्वपूर्ण है। छोटी से बड़ी योजना जो चलायी जाती है वह उनका लक्ष्य होता है कि लोगों तक पहुंचायें और उसका लाभ लाभुकों को मिले।

# दीपावली के अवसर पर सत्संग की तैयारियां पुरी, संत सदानंद जी महाराज आज रांची में



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज का दीपावली के सुअवसर पर आज रांची आगमन हो रहा है। बुधवार को विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज, हरमु रोड स्थित सत्संग भवन मे दीपावली मिलन का कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर परमपूज्य भागवताचार्य श्री श्री 1008 संत शिरोमणी सदानंद जी महाराज के सानिध्य मे आज दीपावली के शुभ अवसर पर सत्संग,संकीर्तन प्रवचन के कार्यक्रम के पश्चात दीपवली के अवसर पर 108 दीपक प्रज्वलित कर आये हुए सभी सुन्दरसाथ एव श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद प्रदान करेगें गुरू जी सदानंद जी महाराज को सड़क मार्ग से रांची लाने के लिए संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी रांची से सुन्दरगढ़ के लिए चले गये है। आज सड़क मार्ग से गुरू जी महाराज को सुन्दरगढ से लेकर अपराह्न 3 बजे तक राँची सत्संग भवन पहुंचगे। दीपावली मिलन महोत्सव की सभी तैयारीयां पुरी करने मे संस्था के सह- संरक्षक बसंतकुमार गौतम,अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी उपाध्यक्ष निर्मल जालान,राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, बिष्णु सोनी, ओमप्रकाश सरावगी तन मन धन से लगे हुए है।

## इंडिया से भारत की ओर विषय पर व्याख्यानमाला आयोजित

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के कुदलौंग स्थित आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में इंडिया से भारत की ओर विषय पर व्याख्यान माला आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप जलाकर की गई। मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ राजकुमार शर्मा ने कहा भारत का अतीत गौरवशाली रहा है, परंतु इतिहासकारों ने पश्चिमी दर्शन से प्रेरित होकर गौरवशाली इतिहास को दबा दिया। हमारे पास ऋग्वेद जैसे महान ग्रंथ हैं। भारतीय वांग्मय आध्यात्मिक दृष्टिकोण से संपन्न है जबकि पाश्चात्य संस्कृति भौतिक दृष्टिकोण से संपन्न है। रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ बृजेश कुमार ने कहा कि आज भारत की तस्वीर बदल गई है।

## रांची में यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए रेल मंत्री से मिले सांसद संजय सेठ

# रांची से जमशेदपुर शटल ट्रेन जल्द चलेगी



**नवीन मेल सांवाददाता**

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सांसद ने रांची में लोकसभा क्षेत्र को रेलवे मंत्रालय के द्वारा दिए गए सौगातों के लिए मंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने रांची में यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर भी केंद्रीय मंत्री को एक आग्रह पत्र सौंपा है। आग्रह पत्र में टाटीसिल्वे स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों के ठहराव, चुटिया में पावर हाउस से कृष्णापुरी को जाम मुक्त बनाने के लिए रेलवे मंत्री ने कहा जल्द ही के बीच रेलवे फाटक के समीप फ़्लाईओवर या अंडरपास सुविधा अनुसार निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा, रांची लोहरदगा ट्रेन को मुरी सिल्ली तक विस्तार देने के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री से सांसद ने बात की। श्री सेठ ने केंद्रीय मंत्री को सिल्ली के समीप ईलू बाईपास लाइन, जो सिर्फ 6 किलोमीटर है के निर्माण के लिए 125 करोड़ रुपए आवंटित करने का भी आग्रह किया। सांसद ने केंद्रीय मंत्री को बताया इसके निर्माण से जमशेदपुर की दूरी कम हो जाएगी यह लाइन का कार्य पूरा हो जाता है, रेल यात्रियों का कम से कम एक से डेढ़ घंटे का समय बच सकेगा और इसका लाभ रेलवे को भी होगा। सांसद ने लोधमा बाईपास रेल लाइन के निर्माण कराने का भी आग्रह किया ताकि रांची लोकसभा क्षेत्र में विकास को गति दी जा सके। रांची से जमशेदपुर शटल ट्रेन चलाने का भी रेल मंत्री ने आश्वासन दिया उन्होंने केंद्रीय मंत्री से रांची से इंदौर तक सीधी रेल सेवा बहाल करने का भी आग्रह किया है।

## पृष्ठ एक के शेष

**लाभुकों के बीच करोड़ो रुपये की...**

अगर किसी व्यक्ति को अपने पंचायत में योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन देने में किसी भी तरह की कठिनाई है तो वे दूसरे पंचायतों में भी आवेदन कर सकते हैं। सभी योग्य लाभुकों को योजना का लाभ अवश्य दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार लोगों की आकांक्षाओं और जरूरतों को समझने के लिए आपके दरवाजे पर आ रही है, ताकि उसी अनुरूप योजनाओं को बनाकर धरातल पर उतारा जा सके।

**निजी क्षेत्र में स्थानीयों को नौकरी देने के लिए लगेगा शिविर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निजी क्षेत्र की कंपनियों में 75 प्रतिशत नौकरी स्थानीय को देने के लिए नियमावली तैयार कर ली गयी है। अब निजी क्षेत्र में स्थानीय को नौकरी देने के लिए शिविर लगाया जायेगा। इस दिशा में कंपनियों और उसमें कर्मियों की जरूरतों का आकलन किया जायेगा।

**योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास, लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का हुआ वितरण :** मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 286 करोड़ 12 लाख 94 हजार रुपये की लागत से 513 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें 134 करोड़ 88 लाख 61 हजार रुपये की लागत से 159 योजनाओं का उद्घाटन और 151 करोड़ 24 लाख 33 हजार रुपये की लागत से 354 योजनाओं की आधारशिला रखी गयी। इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के 3377 लाभुकों के बीच 22 करोड़ 98 लाख 23 हजार रुपये की परिसंपत्ति का वितरण किया। इस मौके पर मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता, विधायक उमा शंकर अकेला और अमित यादव, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कोडरमा जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी व लाभुक और लोग मौजूद थे।

**रांची जेल अधीक्षक व सीएम के...**

अधिकारी को गुरुवार को ईडी के समक्ष हाजिर करने का नोटिस भेजा है। हथियार बरामदगी के मामले में ईडी ने पूर्व में दोनों जवानों के अलावा रांची के सार्जेंट से भी पूछताछ की थी। इस मामले में अब सीएम आवास की सुरक्षा के प्रभारी अधिकारी का भी बयान दर्ज किया जायेगा।

**लोहरदगा में एसीबी की बड़ी कार्रवाई....**

की गंभीरता से जांच-पड़ताल और सत्यापन करने के बाद यह कार्रवाई मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे की गयी। एसीबी की कार्रवाई के बाद प्रखंड मुख्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बता दें कि प्रखंड मुख्यालय में एंटी करप्शन ब्यूरो रांची टीम का छापा किये जाने से सभी विभागीय पदाधिकारी और कर्मियों में दहशत फैल गया है। इस बीच एसीबी की कार्यवाही से अधिकारी एवं कर्मी इधर-उधर भागते-फिरते दिखायी दिये।

**बूढ़ा पहाड़ से मिला विस्फोटक...**

जा रहा है ताकि नक्सलियों के द्वारा छुपा कर रखे गये विस्फोटक कारतूस और दूसरे हथियार बरामद किया जा सके। आईजी अभियान के अनुसार बूढ़ा पहाड़ पर अभी भी सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है जो लगातार जारी रहेगा।

**उग्रवादी संगठन टीपीसी ने...**

लूटना बंद करने एवं आदिवासी, मूलवासी का हक दिलाने की बात कही गयी है। हक अधिकार के लिए लड़ने एवं खनिज संपदा को ऑने पॉने दाम पर बाहर ले जाकर लूटने के मामले पर विराम लगाने की बात कही गयी है । इधर, ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से उग्रवादी गतिविधियां बंद थी। मगर एक बार फिर से टीपीसी उग्रवादी संगठन के द्वारा इधर इस तरह के मामले सामने आये है। वहीं सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार राय ने बताया कि मामले में जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पोस्टरबाजी करना काफी चिंतनीय है, जिससे क्षेत्र का माहौल फिर से खराब हो सकता है। पोस्टर मंगलवार को लगभग अपराहन करीब एक बजे तक दीवार पर टंगा देखा गया ।

**सभी खतरों को हराने के लिए दुनिया...**

एक हमले को अंजाम दिया जा सकता है या सिस्टम को उनके घुटनों पर लाया जा सकता है। हर देश उनके खिलाफ रणनीति पर काम कर रहा है, लेकिन हम अपनी सीमाओं के भीतर जो करते हैं वह अब पर्याप्त नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय रणनीतियों को और विकसित करने, शीघ्र पता लगाने और चेतावनी प्रणाली स्थापित करने, परिवहन सेवाओं की सुरक्षा, संचार बुनियादी ढांचे की सुरक्षा, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा, तकनीकी और तकनीकी सहायता, खुफिया आदान-प्रदान की आवश्यकता है। इनमें से कई चीजों को एक नये स्तर पर ले जाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक सुरक्षित दुनिया हम सबकी जिम्मेदारी है। जब अच्छी ताकतें सहयोग करती हैं, तो अपराध की ताकतें काम नहीं कर सकती। गृह मंत्री अमित शाह, सीबीआई प्रमुख एसके. जायसवाल, इंटरपोल के अध्यक्ष अहमद नासर अल-रैसी और इंटरपोल के महासचिव जुर्गन स्टॉक सहित अन्य लोग भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

**दीवाली से पहले पीएम मोदी पर...**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में सुसाइड अटैक करने की साजिश रची जा रही है। दावा किया गया है कि पीएम मोदी के कार्यक्रम स्थल जैसे रैली या रोड शो में आतंकी पुलिस की वर्दी में एंट्री ले सुसाइड अटैक को अंजाम दे सकते हैं। **भारतीय सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट :** अपने इस मिशन को अंजाम तक पहुंचाने के लिए लश्कर के आतंकी कुछ सुरक्षाकर्मियों के संपर्क में भी हैं, लेकिन आईएसआई के आतंकियों के इन नाकाम मंसूबों की भारतीय सुरक्षाबलों को भनक लग गयी है और इस अलर्ट के मद्देनजर सभी चौंकन्ने हो गये हैं। यह अलर्ट भी ऐसे समय में आया है, जब पीएम मोदी अगले सप्ताह के दौरान गुजरात, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं। हालांकि, इस अलर्ट के बाद पीएम मोदी के कार्यक्रमों में अब तक किसी भी बदलाव के होने की कोई भी जानकारी सामने नहीं आयी है।

**केदारनाथ में श्रद्धालुओं को ले जा...**

पायलट अनिल सिंह। इनमें से पूर्वा, कृति, उर्वी गुजरात के हैं, पायलट अनिल महाराष्ट्र के हैं। बाकी तीन तमिलनाडु के हैं।

**2013 में केदारनाथ में सबसे बड़ा हेलीकॉप्टर हादसा :** 25 जून 2013 को केदारनाथ में सबसे बड़ा हेलीकॉप्टर हादसा हुआ था। उसी साल राज्य सबसे बड़ी त्रासदी से गुजर रहा था। बाढ़ में फंसे रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान सेना का एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया था। हादसे की वजह खराब मौसम बतायी गयी थी। इसमें पायलट, कोपायलट समेत 20 जवान शहीद हुए थे।

**मुस्लिम बहुविवाह व हलाला पर पाबंदी...**

एक और याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय का कहना है कि उन्होंने मुताह और मिस्यार निकाह को भी चुनौती दी है। साथ ही, शरियत कोर्ट चलानेवालों के खिलाफ एक्शन लेने की भी गुजारिश की है।

**जिन आठ राज्यों में..**

विशेष धन्यवाद दिया।

**केवल आठ राज्यों में 20-30 प्रतिशत :** सिंधिया ने कहा कि अब केवल आठ राज्य हैं जहां ये 20-30 प्रतिशत हैं। इस प्रकार नागरिक उड्डयन मंत्री के सम्मेलन में मेरा पहला अनुरोध उन आठ राज्यों से है कि कृपया हवाई जहाजों के प्रवेश के लिए अपनी बाधाओं को कम करें। जब आप प्रवेश के लिए अपनी बाधाओं को कम करेंगे, तभी आप अपने राज्य में नागरिक उड्डयन गतिविधियों को बढ़ावा दे सकेंगे। जब ये सभी आठ राज्य एटीएफ के वैट को कम करेंगे तो नागरिक उड्डयन क्षेत्र में सुधार भी बढ़ेगा। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि नागरिक उड्डयन क्षेत्र में नयी वृद्धि टियर-टू, टियर-थ्री शहरों से आनेवाली है, जिसके लिये इस सरकार का लगातार प्रयास छोटे शहरों में हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करना है।

सिंधिया ने कहा कि टियर-टू और टियर-थ्री शहरों में विकास दर 2015 और 2020 के बीच बढ़कर 21 प्रतिशत हो गयी जो 2010 और 2015 के बीच 10 प्रतिशत थी। सिंधिया ने कहा कि नागरिक उड्डयन क्षेत्र किसी चुनिंदा क्षेत्र के लिए नहीं, बल्कि आम आदमी के लिए होना चाहिए। इसलिए, इस सरकार का निरंतर प्रयास छोटे शहरों में हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करना है, जो आनेवाले दिनों में नया विकास क्षेत्र होगा।

## रांची वीमेंस कॉलेज में बायोटेक्नोलॉजी की छात्राओं को मिला प्रशिक्षण

**रांची।** रांची वीमेंस कॉलेज के बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा एसएचआरएम कोलकाता की मदद से आयोजित अंतर विषयी कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को बायोटेक्नोलॉजी, रसायनशास्त्र व वनस्पति विज्ञान की सौ से ज्यादा छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला आणविक निदान के लिए तकनीक विषय पर आधारित है। आणविक निदान जीनोम व प्रोटिओम में जैविक मार्करों का विश्लेषण करने के लिए उपयोग की जानेवाली तकनीकों का एक संग्रह है। चिकित्सा में इस तकनीक का उपयोग बीमारी के निदान और निगरानी, जोखिम का पता लगाने और यह तय करने के लिए किया जाता है कि कौन सी चिकित्सा व्यक्तिगत रोगियों के लिए सबसे अच्छा काम करेगी। कार्यशाला में रांची विश्वविद्यालय, लोहरदगा, खूंटी और सिल्ली की शिक्षिकाओं ने भी हिस्सा लिया।

## प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का अष्टम प्रांतीय अधिवेशन 12-13 नवंबर को रांची में

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अष्टम प्रांतीय अधिवेशन आगामी 12-13 नवंबर को मारवाड़ी भवन रांची में आयोजित होगा। स्वागत समिति के स्वागताध्यक्ष पूर्व सांसद महेश पोद्दार बनाए गए हैं। विदित हो कि अधिवेशन में सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल पदभार ग्रहण करेंगे। अधिवेशन रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में किया जा रहा है। अधिवेशन को सफल बनाने के लिए 108 सदस्यों की स्वागत समिति बनाई गई है। जिसमें प्रमुख रूप से स्वागत मंत्री ललित कुमार पोद्दार ने बताया कि अधिवेशन में एक रंगीन स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा। जिसका संपादक श्री विष्णु राजगढ़िया एवं मनोज बजाज को बनाया गया है। स्मारिका में संपूर्ण झारखंड के ज्ञानवर्धक रोचक जानकारियां सम्मेलन की गतिविधियां राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों के उद्गार सहित मारवाड़ी समाज की उपलब्धियां से परिपूर्ण रहेगा। स्वागताध्यक्ष महेश पोद्दार ने कहा कि प्रांतीय अधिवेशन मे राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी देश के कई प्रांतों से अध्यक्ष मंत्री सहित समाज के कई गणमान्य उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में होगा।


**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**

(E.mail: db-chatra@jharkhandmail.gov.in)
(districtboardchatra@gmail.com)

**सूचना**

विशेष केन्द्रीय सहायता योजना मद अन्तर्गत प्रखण्ड–प्रतापपुर, पंचाय–बरूरा, ग्राम–बरूरा में जोगनी नदी पर ह्युम पाईप पुलिया निर्माण कार्य के संवेदक श्री नल सिंह, पिता–श्री बासुदेवजित सिंह, पता–कठौतिया, प्रखण्ड–प्रतापपुर को आवंटित किया गया था। जिसका एकरारनामा संख्या–01F2/20-21 है। श्री सिंह को कार्य पूर्ण कराने हेतु पत्रांक 99, दिनांक 01.02.2021, पत्रांक 393, दिनांक 31.03.2022, पत्रांक 528, दिनांक 22.04.22 द्वारा निदेश देने के बावजूद उनके द्वारा कार्य सम्पन्न नहीं कराया गया। फलतः पत्रांक 692, दिनांक 21.06.22 को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना प्रकाशित करते हुए दिनांक 30.07.2022 को कार्य की अंतिम मापी कनीय अभियंता द्वारा लिया जा चुका है।

एकरारनामा में निश्चित अवधि एवं पृच्छा के बाद भी कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण उनके द्वारा जमा अग्रधन की राशि जब्त करते हुए एकरारनामा को रद्द किया जाता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद, चतरा

PR 280327 District (22-23)_D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, चतरा।**

भर्ती–कैम्प, दिनांक–22.10.2022

**सूचना**

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, चतरा कार्यालय द्वारा दिनांक 22.10.2022 को कार्यालय परिसर में पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक Credit Access Grameen Pvt. Ltd द्वारा Trainee Kendran Manager (Field work) पद हेतु एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| Si No | Post Name | Salary/Stipend | Qualification | Location | Company | Experience | Age | SEX | Seat | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Trainee Kendran Manager (Field work) | 11525 /-(CTC), Incentive, Fule allowance, PF& ESIC | (i)Essential: HSC/ 12th (ii) Desirnble : 10th+ITI,Diploa, Graduatie. | Across Jharkhand | Credit Access Grameen Ltd. | --- | 19-29 | Male/ Female | 100 | Candidates must appear in camp with photo copy of all documents |

नोट :–उम्मीदवारों के पास Driving licence, Bike होना आवश्यक है।

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है, वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा। कोविड–19 हेतु निर्गत दिशा–निर्देशों/SOP का दृढतापूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है। अतः सामाजिक दूरी का पालन, फेस मास्क, सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्या दिका उपयोग करेंगें। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय, चतरा।

PR 280288 (Labour Employment and Traning) 22-23 (D)

# रोजर बिन्नी 36वें बीसीसीआई अध्यक्ष, 83 वर्ल्ड कप के रहे थे हीरो

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व ऑलराउंडर रोजर बिन्नी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के 36वें प्रेसिडेंट बन गये हैं। बोर्ड की एजीएम में मंगलवार को बिन्नी को प्रेसिडेंट चुना गया। वह सौरव गांगुली की जगह लेंगे। बीसीसीआई की एजीएम मुंबई के ताज होटल में हुई। बैठक में सचिव जय शाह, पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, कोषाध्यक्ष अरुण सिंह धूमल और रोजर बिन्नी भी मौजूद थे। पहला एंग्लो-इंडियन प्रेसिडेंट, 83 वर्ल्ड कप के हीरो थे। 67 वर्षीय बिन्नी बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करनेवाले एकमात्र उम्मीदवार थे। वे निर्विरोध चुनाव जीत गये। बिन्नी अपने हालिया कार्यकाल में कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रहे थे और अब बीसीसीआई



अध्यक्ष बनने के बाद वह राज्य निकाय में अपना पद छोड़ देंगे।

टीम इंडिया के लिए खेलनेवाले पहले एंग्लो इंडियन : 67 साल के रोजर बिन्नी भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी हैं। उनका जन्म कर्नाटक के बेंगलुरु में हुआ था। बिन्नी भारतीय क्रिकेट टीम में खेलनेवाले पहले एंग्लो-इंडियन प्लेयर थे। रोजर बिन्नी ने 1977 में कर्नाटक टीम के लिए केरल के खिलाफ 211 रन बनाये थे। इसके बाद उनका नाम डोमेस्टिक क्रिकेट में चलने लगा। ऑलराउंडर बिन्नी ने 1979 में बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ नेशनल टीम के लिए डेब्यू किया था। उन्होंने भारतीय टीम के लिए 27 टेस्ट और 72 वन-डे मैच खेले हैं। रोजर बिन्नी ने अपना आखिरी मैच 9 अक्टूबर 1987 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। बिन्नी ने मुंबई में पाकिस्तान के खिलाफ अपने तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में माजिद खान, जहीर अब्बास और जावेद मियांदाद को शुरूआती ओवर्स में ही आउट कर दिया था। उनकी शानदार बॉलिंग के बदौलत भारत ने 131 रनों से मैच जीत लिया।

## 1983 वर्ल्ड कप में रहे सबसे सफल बॉलर

**रोजर** बिन्नी 1983 में भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा थे। उन्होंने टीम में अहम भूमिका निभायी। बिन्नी वर्ल्ड कप में हाईएस्ट विकेट टेकर थे। बिन्नी ने टूर्नामेंट में 18 विकेट लिये। रोजर बिन्नी ने भारतीय क्रिकेट में कई पद संभाले हैं। साल 2000 में बिन्नी ने भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम को कोच के रूप में वर्ल्ड कप जिताया। इसके बाद 2007 में बिन्नी पश्चिम बंगाल की टीम के हेड कोच बने। कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन की मैनेजमेंट टीम का हिस्सा होने के बाद 2012 में रोजर बिन्नी भारतीय क्रिकेट टीम के सिलेक्टर बने। रोजर बिन्नी की ग्लोरी देखने के बाद उनके बेटे स्टुअर्ट बिन्नी भी उनके नक्शे कदमों पर चले। स्टुअर्ट बिन्नी ने अपने पिता की तरह ऑलराउंडर के रूप में ही अपना क्रिकेट करियर बनाया। स्टुअर्ट बिन्नी आईपीएल में मुंबई, बैंगलोर और राजस्थान की टीम से खेले। साथ ही स्टुअर्ट ने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए छह टेस्ट, 14 वन-डे और तीन टी-20 मैच खेले।

## न्यूज गैलरी

### ऑस्ट्रेलियाई खेमे में भारत के मिस्टर 360 ने मचाया हाहाकार

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रैक्टिस मैच में टीम इंडिया के खिलाडियों का प्रदर्शन शानदार रहा। खास तौर से सूर्यकुमार यादव ने अपनी बल्लेबाजी से खूब बवाल काटा। सूर्यकुमार ने मैच में 30 गेंद में 50 रनों की बेहतरीन पारी खेली। इस दौरान उन्होंने छह चौके और एक छक्का भी लगाया। सूर्यकुमार की बल्लेबाजी के आगे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को कुछ भी समझ में नहीं रहा था कि उन्हें कैसे रोका जाये। इसी दौरान भारत के एबी डिविलियर्स के नाम से मशहूर खिलाड़ी ने एक शॉट लगाया जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। प्रैक्टिस में मैच में सूर्यकुमार की यह इस तरह की बल्लेबाजी निश्चित रूप से भारतीय टीम के लिए एक अच्छी खबर है। सिर्फ सूर्यकुमार ही नहीं टीम के लिए ओपनर बल्लेबाज केएल राहुल भी अपनी पूरी लय में नजर आये। मैच में उन्होंने भी 30 गेंद का सामना करते हुए शानदार 57 रनों की पारी खेली। सूर्यकुमार और राहुल के अलावा बल्लेबाजी में भारत के लिए दिनेश कार्तिक और विराट कोहली ने भी अपना दम दिखाया। मैच में कार्तिक ने जहां 20 रनों की पारी खेली जबकि कोहली ने 19 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा कप्तान रोहित शर्मा सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हुए। सिर्फ बल्लेबाजी में ही नहीं गेंदबाजी में भी टीम इंडिया के खिलाडियों ने कमाल किया।

### भारतीय टीम पाकिस्तान का नहीं करेगी दौरा

**मुंबई (एजेंसी)।** एशिया कप-2023 का आयोजन पाकिस्तान में होना है और इस बात को लेकर सवाल थे कि क्या भारतीय क्रिकेट टीम टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पड़ोसी देश की यात्रा करेगी। हाल ही में एक रिपोर्ट में भारतीय टीम के अगले साल एशिया कप के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने के संकेत मिले थे। लेकिन एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष और बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पुष्टि की है कि भारत एशिया कप 2023 के लिए अपने पड़ोसी देश की यात्रा नहीं करेगा। जय शाह ने पुष्टि की है कि एशिया कप 2023 एक तटस्थ स्थान पर आयोजित किया जायेगा। यह दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण क्रिकेट संबंधों के तनावपूर्ण होने के परिणामस्वरूप है। भारत ने पिछली बार 2005-06 में राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए पाकिस्तान का दौरा किया था। वहीं, दोनों देशों के बीच 2012-13 के बाद से द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला नहीं खेली है। दोनों पक्षों के बीच मैच हमेशा उच्च प्रत्याशित होते हैं और स्टेडियम भरे हुए होते हैं। इस रविवार (23 अक्टूबर) दोनों टीमों के टी-20 विश्व कप 2022 के टिकट रिलीज होने के कुछ ही मिनटों के भीतर बिक गये थे। भारत ने इस साल की शुरुआत में एशिया कप-2022 के दौरान दुबई में दो बार पाकिस्तान के साथ खेला था जिसमें एक मैच में भारत और दूसरे में पाकिस्तान जीता था।

### गुकेश, अर्जुन और विदित ने बनायी प्लेऑफ में जगह

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियनशिप चैस टूर के आठवे पड़ाव एमचैस रैपिड शतरंज के लीग चरण के बाद पहली बार तीन भारतीय खिलाड़ी एक साथ प्ले ऑफ में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। लीग चरण के अंतिम दिन तीन राउंड खेले गये और इसके बाद डी गुकेश, अर्जुन एरिगासी और विदित गुजराती अंतिम आठ में जगह बनाने में कामयाब रहे। गुकेश नें दिन की शुरूआत 21 अंको के साथ की थी और पहले ही राउंड में उन्हे जर्मनी के विन्सेंट केमर के हाथो हार का सामना करना पड़ा पर उसके बाद उन्होने हमवतन आदित्य मित्तल और फिर रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट को पराजित करते हुए 27 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल कर लिया।

# श्रीलंकाई ने यूएई को 79 रन से हराया

## श्रीलंकाई गेंदबाजों की घातक गेंद ने उखाड़ दिये स्टंप के माइक्रोफोन

**गीलोंग (एजेंसी)।** श्रीलंका ने दमदार वापसी करते हुए यूएई को 79 रनों के हरा दिया। टी-20 विश्वकप के क्वालीफाइंग राउंड में श्रीलंका ने इस जीत के साथ सुपर-12 में जाने की उम्मीदें बरकरार रखी हैं। यूएई के खिलाफ श्रीलंकाई गेंदबाजों ने मानों कहर बरपा दिया हो और यूएई की टीम को सिर्फ 71 रनों पर समेट कर बड़ी जीत हासिल की है। श्रीलंका अपना पहला क्वालीफाइंग मैच नामिबिया से हार गया था जिसके बाद उन्हें काफी आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा था लेकिन यूएई के खिलाफ जीत ने साबित कर दिया है कि यही एशियाई चैंपियन टीम है।

### श्रीलंका ने बनाये 152 रन

**यूएई** के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 152 रन बनाए। इसमें मैन ऑफ द प्लेयर बने पथुम निसांका ने सबसे ज्यादा 60 गेंद पर 74 रन बनाए। निसांका ने 6 चौके और 2 छक्के जड़े। वहीं, कुशल मेंडिस ने 13 गेंद पर 18 रन, धनंजय डिसिल्वा ने 21 गेंद पर 33 रनों की पारी खेली। हालांकि, श्रीलंका के अन्य बल्लेबाज कमाल नहीं दिखा पाए और अच्छी शुरूआत के बाद विकेट गिरते रहे और टीम ने 152 रन बनाए। यूएई के



गेंदबाज जुनैद सिद्दीकी ने 4 ओवर में 36 रन दिए। वहीं, पलानीयपन मयप्पन ने हैट्रिक लेते हुए 4 ओवर में 19 रन देकर 3 विकेट चटकाए। यूएई ने 7 गेंदबाजों के गेंदबाजी कराई और श्रीलंका को सेटल नहीं होने दिया।

### श्रीलंकाई गेंदबाजों ने किया कमाल

153 रनों का पीछा करने उतरी यूएई की टीम को पहला झटका चमीरा ने दिया और मुहम्मद वसीम को क्लीन बोल्ड कर दिया। फिर चिराग सूरी को प्रमोद मदुशन ने बोल्ड किया तो स्टंप का माइक्रोफोन तक उखड़ गया।

श्रीलंकाई गेंदबाजों की आग उगलती गेंदों ने यूएई के बल्लेबाजों को टिकने नहीं दिया और एक के बाद एक विकेट गिरते रहे। श्रीलंका ने कुल चार बल्लेबाजों के स्टंप उखाड़े। बाकी का काम वनिंदु हसरंगा ने कर दिया और अंत में खतरा बन रहे जुनैद को आउट करके मैच श्रीलंका की झोली में डाल दिया। श्रीलंका की ओर से हसरंगा और दुश्मन्था चमीरा ने 3-3 विकेट लिए। जबकि दीक्षाना ने 2 विकेट और मदुशन, शनाका ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।

### मैच का टर्निंग प्वाइंट

**यूएई** की शानदार बॉलिंग का डटकर मुकाबला करनेवाले निसांका ने श्रीलंकाई फैंस को निराश नहीं किया और 60 गेंद पर 74 रनों की पारी खेलकर श्रीलंका को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने का काम किया। यह मैच का पहला टर्निंग प्वाइंट रहा। श्रीलंका के गेंदबाज 152 रनों को डिफेंड कर रहे थे और दूसरे ओवर से विकेट निकालना शुरू किया। एक समय यूएई ने अपने 5 प्रमुख बल्लेबाजों का विकेट 30 रनों के भीतर गंवा दिया। तभी यह तय हो गया था कि श्रीलंका यह मैच बड़े अंतर से जीतने जा रहा है।

# टी-20 वर्ल्ड कप की कार्तिक मयप्पन ने ली पहली हैट्रिक



**गीलोंग (एजेंसी)।** यूएई के स्पिनर कार्तिक मयप्पन ने टी-20 वर्ल्ड कप 2022 की पहली हैट्रिक जमा दी है। उन्होंने श्रीलंका की पारी के 15वें ओवर की चौथी, पांचवीं और छठी गेंद पर भानुका राजपक्षे, चरिथ असालंका और दासुन शनाका के विकेट लिये। यह इस वर्ल्ड कप की पहली हैट्रिक है। वहीं, ओवर ऑल टी-20 वर्ल्ड कप में ये पांचवीं हैट्रिक है। टी-20 वर्ल्ड कप का क्वालिफायर जारी हैं। गीलोंग में श्रीलंका और यूएई के बीच मंगलवार का दूसरा मुकाबला खेला गया।

■ यूएई के कार्तिक मयप्पन ने श्रीलंका के राजपक्षे, असालंका और शनाका को किया आउट

**टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास की पांचवीं हैट्रिक : -**

- ब्रेट ली (ऑस्ट्रेलिया) बनाम बांग्लादेश, केपटाउन-2007
- कर्टिस कैंफर (आयरलैंड) बनाम नीदरलैंड, अबु धाबी 2021
- वानिंदू हसारंगा (श्रीलंका) बनाम साउथ अफ्रीका, शारजाह 2021
- कगिसो रबाडा (साउथ अफ्रीका) बनाम इंग्लैंड, शारजाह 2021
- कार्तिक मयप्पन, यूएई बनाम श्रीलंका, गीलोंग 2022

# दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट : ग्रुप-बी का मैच खेला गया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता गुरगांई बुढ़ीबागी मैदान ओरमांझी में आयोजित किया जा रहा है। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई की देख-रेख में तीन दिवसीय मैच का दूसरा दिन ग्रुप-बी का उद्घाटन मैच में सूरज महतो फुटबॉल क्लब कुट्टे बनाम बिरसा आर्मी स्पोर्टिंग क्लब ओरमांझी के बीच खेला गया। जिसमें सूरज महतो फुटबॉल क्लब कुट्टे टीम 1-0 से विजय हुई। खेले गये क्वार्टर फाइनल मैच में कुट्टे के विकास मुर्मू को मैन ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया गया।

मैच के पूर्व मुख्य अतिथि सरिता देवी पूर्वी ओरमांझी जिला पार्षद, उद्घाटनकर्ता सुफल महली मुखिया पांचा पंचायत एंव नीलांबर सिंह उप मुखिया जयडीहा संयुक्त रुप से मैच का उद्घाटन फीता काटकर किया। क्वालीफाई सूरज महतो फुटबॉल क्लब कुट्टे एंव सींगसराय फुटबॉल क्लब अनगड़ा के बीच 19 अक्टूबर को फाइनल मैच खेला जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि शिव शिष्य परिवार रांची के



मुख्य सलाहकार अर्चित आनंद होंगे। वहीं, उद्घाटनकर्त्ता बरखा सिन्हा, अध्यक्ष शिव शिष्य हरीद्रानंद फाउंडेशन रांची होंगी। मौके पर दिलीप महतो, मोहन बेदिया, रामनाथ महतो, बुधेश्वर बेदिया, रामराज महतो, भोला महतो एवं आयोजन समिति के सचिव विनोद कुमार महतो, कोषाध्यक्ष दीपक नायक, उपाध्यक्ष सनी सिंह, उपसचिव जीवनलाल मुंडा, उपकोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह एवं प्रदीप मुंडा, दिलीप मुंडा, नितेश मुंडा, सत्यनारायण मुंडा, भरत मुंडा, सत्या सिंह, अजय गंझू, राम गंझू एवं सभी सदस्य मौजूद थे।

# किदांबी श्रीकांत ने लोंग एंगस को हराया

**ओडेंसे (एजेंसी)।** पूर्व चैम्पियन किदांबी श्रीकांत ने हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस की कड़ी चुनौती से पार पाकर मंगलवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। श्रीकांत ने पांच साल पहले यहां खिताब जीता था। विश्व चैम्पियनशिप-2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने विश्व में 14वें नंबर के हांगकांग के खिलाड़ी को 56 मिनट तक चले मुकाबले में 17-21, 21-14, 21-12 से हराया। इससे पहले इन दोनों खिलाड़ियों के बीच रिकॉर्ड 3-3 से बराबर था। श्रीकांत को एंगस ने शुरू में कड़ी चुनौती दी और वह जल्द ही पिछड़ गये। हांगकांग के खिलाड़ी ने पहले गेम के इंटरवल तक 11-8 से बढ़त हासिल कर रखी थी। एंगस ने इसके बाद भारतीय खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और पहला गेम अपने नाम किया।

# सुनील गावस्कर से मिले बाबर आजम

## गावस्कर ने बैटिंग टिप्स और ऑटोग्राफ दिया, फैंस ने कहा- भारतीय क्रिकेटर कुछ सीखें



**मेलबर्न (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 16 अक्टूबर से शुरू हो गया है। भारतीय कमेंटेटर और पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर भी यहां कमेंट्री के लिए पहुंच गये हैं। भारत अपना पहला मैच 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। मैच से पहले पाकिस्तानी टीम ने गावस्कर को अपने ड्रेसिंग रूम में बुलाया और इस मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। वीडियो में गावस्कर पहले पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम से उनका हालचाल पूछते हैं और फिर हाथ मिलाकर जन्मदिन की बधाई देते हैं। गावस्कर बधाई देते हुए बाबर से पूछते हैं कि उनका जन्मदिन आज है या कल था। बाबर उन्हें थैंक यू कहते हैं और बताते हैं कि उनका जन्मदिन एक दिन पहले था। वीडियो में गावस्कर के साथ पाकिस्तान के हेड कोच सकलैन मुश्ताक और बैटिंग कोच मोहम्मद यूसुफ भी नजर आ रहे हैं।

**चार साल पहले गावस्कर ने कहा था कोई भारतीय खिलाड़ी मुझसे सलाह नहीं लेता :** करीब चार साल पहले 2018 में सुनील गावस्कर के एक बयान की खूब चर्चा हुई थी। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था कि मौजूदा भारतीय टीम में एक ही बल्लेबाज है जो उनसे सलाह चाहता है। सिर्फ अजिंक्य रहाणे ही अपनी बल्लेबाजी पर उनसे बात करते हैं। कभी सचिन तेंदुलकर, वीवीएस लक्ष्मण और राहुल द्रविड़ जैसे क्रिकेटर उनसे अपनी बल्लेबाजी पर चर्चा करते थे लेकिन अब कोई भी बल्लेबाज उनसे सलाह लेने नहीं लेता। उन्होंने कहा था कि अभी के बल्लेबाज खुद को बड़ा खिलाड़ी समझते हैं।

# मैं शमी को नहीं कहूंगा परफेक्ट रिप्लेसमेंट, बुमराह एक अनोखे खिलाड़ी : रैना



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 विश्व कप में भारत ने ऑस्ट्रेलिया खिलाफ अपना पहला अभ्यास मैच मोहम्मद शमी के शानदार आखिरी ओवर के बदौलत जीत लिया। आखिरी ओवर में ऑस्ट्रेलिया को 11 रनों की दरकार थी, लेकिन शमी ने मात्र चार रन देकर तीन विकेटें चटकायी और भारत की इस जीत के नायक बने। इसी के साथ शमी ने यह भी साबित कर दिया कि वह चोटिल जसप्रीत बुमराह की कमी इस टूर्नामेंट मे खलने नहीं देंगे। हालांकि, पूर्व भारतीय खिलाड़ी सुरेश रैना का ऐसा मानना है कि शमी अभी भी बुमराह के परफेक्ट रिप्लेसमेंट नहीं हैं। रैना ने कहा कि मैं शमी को एक परफेक्ट रिप्लेसमेंट नहीं कहूंगा, बुमराह एक अनोखे खिलाड़ी हैं। आप जसप्रीत बुमराह या रवींद्र जडेजा की जगह नहीं ले सकते। दरअसल, बुमराह और जडेजा ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने लगातार भारतीय टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। हालांकि, इसके बाद रैना ने कहा कि जसप्रीत बुमराह के रिप्लेसमेंट के तौर भारत के पास मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद शमी जैसे विकल्प थे। भारतीय टीम में मोहम्मद शमी के तौर पर सबसे बेहतर विकल्प चुना है। पिछले कुछ समय में मोहम्मद शमी ने शानदार प्रदर्शन दिखाया है। फिलहाल, वह शानदार फॉर्म से गुजर रहे हैं। बीसीसीआई ने मोहम्मद शमी को ऑस्ट्रेलिया भेजकर शानदार काम किया है। भारत पहला अभ्यास मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीतने के बाद, अपना दूसरा और अंतिम अभ्यास मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 अक्टूबर को खेलेगा। इसके बाद सुपर-12 स्टेज में भारत 23 अक्टूबर को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगा।

## 'द रॉक' पर भी छाया भारत-पाक महामुकाबले का खुमार

**क्रिकेट** के मैदान में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान एक बार फिर से आमने-सामने होंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच यह महामुकाबला 23 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जायेगा। इस महामुकाबला के लिए दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसको ने कमर कस ली है। पिछली बार टी-20 विश्व कप 2021 में भारत को पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन अबकी बार इस मुकाबले में कौन बाजी मारता हे, प्रशंसक यह देखने के लिए पूरी तरह उत्साहित हैं। प्रशंसकों के अलावा हॉलीवुड और डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार 'द रॉक' (ड्वेन जॉनसन) भी भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले को लेकर बेहद उत्साहित है। स्टार स्पोर्ट्स द्वारा ट्विटर पर पोस्ट किये गये एक विज्ञापन वीडियो में, द रॉक भारत-पाक मुकाबले के लिए उत्तेजना व्यक्त करते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो में द रॉक ने कहा कि जब सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी टकरायेंगे, तो दुनिया रूक जाएगी। यह सिर्फ एक क्रिकेट मैच से ज्यादा है। यह भारत बनाम पाकिस्तान का समय है। गौर हो कि भारत ने सोमवार को टी-20 विश्व कप के अपने पहले अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया को छह रन से हरा दिया। भारत अपना दूसरा और अंतिम अभ्यास मैच 19 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद भारत सीधा सुपर-12 स्टेज के पहले मुकाबले में पाकिस्तान से भिड़ेगा।